RNI NO. DELHI/2012/48369
वर्ष 8 अंक 323
नई दिल्ली, मंगलवार, 29 सितंबर, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




मारिया कैरे को अपने अस्तित्व पर था संशय
विविध-12

# रक्षा सौदों में ऑफसेट का प्रावधान खत्म

## राफेल निर्माता दसॉल्ट द्वारा ऑफसेट शर्तें पूरी नहीं करने के कैग के खुलासे के बाद रक्षा खरीद परिषद ने लिया फैसला

● सरकार से सरकार के बीच होने वाले रक्षा सौदों पर होगा लागू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने रक्षा सौदों में ऑफसेट क्लॉज का प्रावधान खत्म कर दिया है। राफेल जेट के फ्रांसीसी निर्माता दसॉल्ट द्वारा राफेल सौदे में ऑफसेट दायित्वों को पूरा करने में विफल रहने के कैग के खुलासे के बाद यह फैसला लिया गया है। सरकार ने सोमवार को रक्षा खरीद प्रक्रिया (डीएपी)-2020 जारी की है। नई नीति में भविष्य में सरकार से सरकार के स्तर पर राफेल की तरह होने वाले सभी सौदों में ऑफसेट क्लॉज को ही हटा दिया गया है। कांग्रेस ने पिछले साल तगड़ा हमला बोलते हुए राजग सरकार पर आरोप लगाया था कि राफेल सौदे में एक भारतीय औद्योगिक घराने को 30,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऑफसेट अनुबंध दिए गए हैं।

भारतीय रक्षा उद्योग को विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी दिलाने और विदेशी रक्षा कंपनियों के साथ गठजोड़ करने की अनुमति देने के लिए, ऑफसेट क्लॉज का नियम लागू किया गया था। इसके तहत भारत को हथियारों की आपूर्ति करने वाली विदेशी कंपनियों को 300 करोड़ से अधिक के सौदों पर अनिवार्य रूप से कुल अनुबंध मूल्य का कम से कम 30 प्रतिशत वापस भारत में निवेश करने की शर्त रखी गई थी। खास यह कि राफेल सौदे में ऑफसेट की शर्त को 50 प्रतिशत तक बढ़ाया गया था। कैग ने पिछले सप्ताह अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया था कि दसॉल्ट समेत ज्यादातर कंपनियों ने रक्षा सौदों में विदेश से महत्वपूर्ण फ्रंटलाइन तकनीक नहीं आई। यानी कंपनियों ने ऑफसेट शर्तों का पालन नहीं किया।

राफेल सौदे में सरकारी निगरानी एजेंसी ने पाया कि 36 मध्यम मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एमएमआरसीए) से संबंधित ऑफसेट अनुबंध में वेंडर मैसर्स दसॉल्ट एविएशन और मैसर्स एमबीडीए ने शुरू में (सितंबर 2015) 30 प्रतिशत ऑफसेट शर्तों के अनुसार रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन को उच्च प्रौद्योगिकी देने की पेशकश की थी। डीआरडीओ लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के लिए इंजन (कावेरी) के स्वदेशी विकास के लिए तकनीकी सहायता प्राप्त करना चाहता था। दसॉल्ट ने आज तक इस तकनीक के हस्तांतरण का वादा नहीं निभाया। कैग की रिपोर्ट में कहा गया है कि कई मामलों में यह पाया गया कि विदेशी विक्रेताओं ने मुख्य आपूर्ति अनुबंध हासिल करने के लिए विभिन्न ऑफसेट शर्तों का पालन करने की हामी भरी, लेकिन बाद में उन्होंने इन्हें पूरा नहीं किया।

अधिकारियों ने कहा कि नई नीति के तहत ऑफसेट दिशानिर्देशों को इसलिए संशोधित किया गया है ताकि अन्य तरीकों के माध्यम से ऑफसेट दायित्वों को पूरा कराने के बजाय भारत में ही उत्पादों के निर्माण की पेशकश करने वाली बड़ी कंपनियों को प्राथमिकता दी जा सके।

हालांकि, ऑफसेट क्लॉज सरकार से सरकार स्तर पर होने वाले सौदों और एकल-विक्रेता अनुबंधों पर लागू नहीं होता है। हाल के दिनों में राफेल सौदा इस तरह के सबसे प्रमुख अनुबंधों में से एक है। ऐसे सौदों में जिस सरकार से हथियार खरीदे जाते हैं, उससे डिलीवरी शेड्यूल और रखरखाव के अलावा महत्वपूर्ण पुर्जों की उपलब्धता सहित सभी मुद्दों की गारंटी शामिल होती है।

इस बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा खरीद प्रक्रिया (डीएपी)-2020 को जारी किया, जिसमें भारत को सैन्य हथियारों व उपकरणों के वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलने, रक्षा उपकरणों की खरीद की समयसीमा कम करने और आसान प्रक्रिया के तहत पूंजी बजट के माध्यम से तीनों सेनाओं को आवश्यकता के अनुरूप रक्षा खरीद की अनुमति दी गई है। नवीनतम डीएपी में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, पोस्ट-कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में शीर्ष सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में नई रक्षा खरीद प्रक्रिया (डीएपी) को जारी करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### दो हजार करोड़ से अधिक के रक्षा प्रस्तावों को स्वीकृति

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने सोमवार को नौसेना और वायु सेना के लिए स्मार्ट एंटी एयरफील्ड वेपन (एसएडब्ल्यू) और सेना के लिए 72,400 एसआईजी-716 असॉल्ट राइफल सहित लगभग 2,290 करोड़ रुपये के खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि नई डीएपी में भारतीय घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा करते हुए आयात और निर्यात दोनों के विनिर्माण केंद्र स्थापित करने के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को प्रोत्साहित करने का भी प्रावधान है। नए दिशानिर्देश सशस्त्र बलों को खरीदने के बजाय पट्टे पर हथियार प्रणाली रखने की अनुमति देते हैं। वर्तमान में नौसेना ने दस साल के लिए एक रूसी परमाणु-संचालित पनडुब्बी को पट्टे पर लिया है।

## कृषि विधेयकों पर कोहराम

# देश भर में छिड़ा संग्राम

● दिल्ली में इंडिया गेट पर फूंका ट्रैक्टर, भगत सिंह के गांव में धरने पर बैठे पंजाब के सीएम अमरिंदर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश में हर गुजरते दिन के साथ किसानों का विरोध बढ़ता जा रहा है। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सोमवार को कृषि विधेयकों के विरोध में शहीद भगत सिंह की जयंती के मौके पर नवांशहर स्थित उनके पैतृक गांव खटकर कलान में धरना दिया जबकि आज सुबह पंजाब युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इंडिया गेट पर ट्रैक्टर जलाकर विरोध प्रकट किया। पंजाब में किसानों ने राज्य में 'घेरो कॉरपोरेट बिजनेस' आंदोलन की शुरुआत की। बरनाला के विधायक गुरमीत हायर के नेतृत्व में मोगा के गांव डगरू में अडानी एग्री लॉजिस्टिक्स ग्रुप का घेराव किया गया। किसानों के प्रदर्शन को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का समर्थन हासिल है। यह आंदोलन कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश तक फैल गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश भर में प्रदेश की राजधानियों में प्रदर्शन किया। कर्नाटक में किसानों ने राज्यव्यापी बंद रखा जबकि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और उसके सहयोगियों ने पूरे तमिलनाडु में प्रदर्शन किया। इस बीच केरल में त्रिशूर (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में इंडिया गेट पर ट्रैक्टर में आग लगाने के बाद प्रदर्शन करते युवक कांग्रेस कार्यकर्ता

### कांग्रेसी सांसद ने नए किसान कानून को न्यायालय में दी चुनौती

नई दिल्ली। केरल से कांग्रेस के एक सांसद ने नए किसान कानून के तमाम प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए सोमवार को उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की। त्रिशूर संसदीय क्षेत्र से सांसद टीएन प्रथपन ने याचिका में आरोप लगाया है कि कृषक (सशक्तिकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार, कानून, 2020, (शेष पेज 9)

### बिलों को रोकने की संभावनाएं खोजें कांग्रेसी सरकारें : सोनिया

नई दिल्ली। देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को कृषि और किसानों से जुड़े बिलों को मंजूरी दे दी है। मगर, विपक्ष अब भी कृषि विधेयकों को वापस लेने की मांग पर डटा हुआ है। इस बीच कांग्रेस ने कांग्रेस शासित प्रदेशों में कृषि संबंधी कानूनों को अप्रभावी बनाने के लिए एक रणनीति पर विचार किया है। कांग्रेस महासचिव (शेष पेज 9)

# प्रेमिका को कथित तौर पर गोली मारने के बाद दरोगा ने की ससुर की हत्या

● पत्नी को मारने पहुंचा रोहतक स्थित ससुराल लेकिन सर्विस रिवॉल्वर से ले ली ससुर की जान, पुलिस कर रही तलाश

● दिल्ली के लाहौरी गेट थाने में तैनात है आरोपी संदीप दहिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रेमिका को कथित तौर पर गोली मारने के अगले दिन सोमवार को दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर संदीप दहिया ने रोहतक-हरियाणा पहुंचकर अपने ससुर को गोली मार दी। गोली लगने से दहिया के ससुर रणवीर सिंह की मौत हो गई। पुलिस इंस्पेक्टर ने दोनों ही गोलियां अपनी सर्विस रिवॉल्वर से दागी हैं। वह अभी फरार है और पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, रविवार की रात अपनी प्रेमिका को गोली मारने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर अपनी पत्नी की हत्या करने के लिए रोहतक स्थित उसके मायके गया था। वहां उसने पत्नी के बजाय ससुर रणवीर को गोली मारकर उनकी जान ले ली। राजधानी के लाहौरी गेट थाने में तैनात संदीप का पत्नी के साथ विवाद चल था। दोनों काफी समय से एक दूसरे से अलग रह रहे हैं। पत्नी से मनमुटाव के बीच बीते एक साल से पुलिस इंस्पेक्टर के प्रेम संबंध दूसरी महिला से हो गए। इसी महिला को उसने बीती रात कथित तौर पर गोली मारकर घायल कर दिया था। वारदात के समय दोनों कार में एक साथ थे। गोली दागने के बाद संदीप दहिया पिस्टल समेत फरार हो गया। जीटी करनाल रोड पर साईं मंदिर के पास पड़ी जख्मी महिला को वहां से गुजरते समय एक इंस्पेक्टर जयवीर ने बचाया।

डीसीपी (आउटर नॉर्थ) गौरव शर्मा ने कहा कि महिला को तत्काल पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। रास्ते में उसने बताया कि सब इंस्पेक्टर संदीप दहिया ने उसे गोली मारी है। महिला की हालत स्थिर है।



# हर पहलू की हो रही जांच हत्या का एंगल खारिज नहीं : सीबीआई

सुशांत मामला

नई दिल्ली। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत मामले में सीबीआई किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है और सभी पहलुओं पर जांच जारी है। यह जानकारी एजेंसी ने सोमवार को दी। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा, सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो पेशेवर जांच कर रहा है और सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है और अभी तक किसी भी पहलू से इंकार नहीं किया गया है। सात वर्ष पहले काई पो चे फिल्म से बड़े पर्दे पर कदम रखने वाले राजपूत (34) इस वर्ष 14 जून को मुंबई के बांद्रा स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। अभिनेता के पिता के. के. सिंह की तरफ से पटना में राजपूत की महिला मित्र रिया चक्रवर्ती और उनके परिवार के खिलाफ कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराए जाने के बाद सीबीआई ने बिहार पुलिस से जांच अपने हाथों में ले ली थी। बिहार पुलिस को दी गई शिकायत में सिंह ने आरोप लगाए कि चक्रवर्ती और उनके परिवार के लोगों ने राजपूत की संपत्ति में हेरफेर की। चक्रवर्ती ने टीवी साक्षात्कारों में इन आरोपों से इंकार किया। सिंह के वकील विकास सिंह ने राजपूत की मौत के मामले में सीबीआई जांच की धीमी गति पर पिछले हफ्ते दुख जताया था।

# एलएसी पर चीन की हेकड़ी खत्म करेगी मिसाइल निर्भय

## सतह से सतह पर मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल 800 किमी तक लक्ष्य को ध्वस्त करने में है सक्षम

● लद्दाख से अरुणाचल तक 4000 किमी एलएसी पर सेना पूरी तरह अलर्ट मोड में तैनात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 30,000 से अधिक अतिरिक्त जवान तैनात करने के बाद भारतीय रक्षा बलों ने ब्रह्मोस, निर्भय और आकाश सहित कई मिसाइलों को ऑपरेशन मोड में रखा है, ताकि चीन की तरफ से किसी भी खतरे से निपटा जा सके। एलएसी पर बीते मई में उपजे तनाव में अभी तक कमी नहीं आई है। इसलिए सुरक्षा बल कोई खतरा मोल लेना नहीं चाहते। लंबे समय तक सैनिकों के ठहरने के हिसाब से तैयारी करते हुए सरकार ने टेंट और अन्य संबंधित उपकरणों की आपूर्ति बढ़ा दी है ताकि सैनिकों को माइनस 20 डिग्री के तापमान में भी कोई दिक्कत पेश न आए। दूसरी ओर, सेना ने पश्चिम में लद्दाख से लेकर पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक फैली 4,000 किमी एलएसी पर अपने मिसाइल, टैंक और फ्रंटलाइन फाइटर जेट भी पूरे अलर्ट पर रखे हैं।

तिब्बत और शिनजियांग क्षेत्र में चीन के किसी भी तरह स्थिति का लाभ लेने की संभावना को कम करने के लिए भारतीय सेना ने हाल ही में वहां अपनी मिसाइलें तैनात कर दी हैं। स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की रेंज 400 किमी से अधिक है। यह दूर से ही टैंकों और मिसाइलों सहित किसी भी लक्ष्य को भेद सकती है। इसी तरह, स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित आकाश मिसाइल सतह से हवा में 80 किमी तक मार करती है और यह हवाई क्षेत्र से होने वाले किसी भी हमले को बेअसर कर सकती है। यही नहीं, 800 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली निर्भय क्रूज मिसाइलों के शामिल होने से इस प्रणाली को अतिरिक्त ताकत मिल गई है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय मिसाइल प्रणालियों को एलएसी के साथ-साथ अधिकांश संवेदनशील स्थानों पर इस तरह तैनात किया गया है ताकि सेना और वायुसेना को ठोस तरीके से कवच प्रदान किया जा सके। वास्तव में, ब्रह्मोस को दो साल पहले पूर्वी एलएसी सेक्टर में सक्रिय कर दिया गया था। पिछले कुछ महीनों में जब से एलएसी पर हालात खराब हुए हैं, वायुसेना ने अपने अधिकांश फ्रंटलाइन फाइटर जेट्स जैसे एसयू-30, मिराज, मिग-29 और जगुआर आदि को एलएसी के निकटवर्ती ठिकानों पर तैनात कर दिया है। इसके अलावा, हाल ही में फ्रांस से मंगाए गए पांच राफेल जेट भी लद्दाख क्षेत्र में नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं। चीन की ओर से किसी भी चुनौती को नाकाम करने के लिए ये रक्षात्मक उपाय किए गए हैं, क्योंकि दोनों पक्षों के बीच कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर कई वार्ताएं होने के बावजूद कोई नतीजा नहीं निकला है और तनाव जस का तस बना हुआ है। हालांकि बातचीत के जरिए मामले का हल होने की बात को दोहराते हुए सूत्रों ने चेतावनी दी है कि भारतीय सेना अपनी तैयारी को कम करने का जोखिम नहीं उठा सकती। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय सेना लद्दाख में 15,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर कड़ी सर्दियों में ठहरने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सर्दियों के महीनों के लिए सेना के पास आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त स्टॉक मौजूद (शेष पेज 9)



लेह में चीन से लगी सीमा पर उड़ान भारतीय वायु सेना का युद्धक विमान

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 37,982 | ↑ 593 |
| निफ्टी | 11,228 | ↑ 177 |
| सोना | 50,449 | ↓ 194 /10g |
| चांदी | 59,274 | ↓ 933 /kg |

## क्विक न्यूज

### उपयोग शुल्क के रूप में रेल किराए में हो सकती है वृद्धि

नई दिल्ली। स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए रेल यात्रियों को दस रुपए से लेकर 35 रुपए तक अतिरिक्त किराया का भुगतान करना पड़ सकता है। सूत्रों ने बताया कि यह प्रस्ताव का हिस्सा है जिसे रेलवे अंतिम रूप दे रहा है जिसे मंजूरी के लिए जल्द ही कैबिनेट के पास भेजा जाएगा। सूत्रों ने कहा कि उपयोग शुल्क श्रेणी के मुताबिक अलग-अलग होगा और यह दस रुपए से लेकर एसी प्रथम श्रेणी के यात्रियों के लिए 35 रुपए तक हो सकता है। रेलवे ने पहले स्पष्ट किया था कि उपयोग शुल्क केवल उन स्टेशनों के लिए लिया जाएगा जिनका पुनर्विकास किया जा रहा है और जहां यात्रियों की संख्या अधिक होती है। इसने कहा था कि देश भर में कुल सात हजार स्टेशनों में से करीब 700 से 1000 स्टेशन इस श्रेणी में आते हैं।

# अनलॉक-5: त्योहारी मौसम में भारी छूट दे सकती है सरकार

## एक अक्टूबर से होगा लागू, पाबंदियों में ज्यादा ढील की उम्मीद में हैं कारोबारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गृह मंत्रालय (एमएचए) मंगलवार को अनलॉक-5 गाइडलाइन जारी करेगा। इसका उद्देश्य कोविड-19 के कारण लगाई गई पाबंदियों में और ढील देते हुए सामान्य जनजीवन तथा कारोबारी गतिविधियों को बहाल किया जा सके। आगे आने वाले त्योहारों को देखते हुए एमएचए ने नई गाइडलाइन के संदर्भ में सभी राज्यों से पहले ही सलाह मशविरा कर लिया है। अनलॉक-5 में शिक्षा, शोध तथा घरेलू उड़ान सेक्टर को खोले जाने की उम्मीद है। कई राज्यों ने पहले ही 1 नवंबर से अंडर ग्रेजुएट कक्षाओं को खोलने का फैसला कर लिया है। अनलॉक की नई गाइड लाइन में मॉल और सिनेमा थियेटरों को भी खोले जाने की उम्मीद है लेकिन यह फैसला राज्य सरकारों करेंगी। शिक्षा के क्षेत्र में 50 फीसदी शिक्षकों और कर्मचारियों को उच्च शिक्षा क्षेत्र तथा स्कूलों में ऊंची क्लासों के लिए कैंपस में उपस्थित रहने की छूट दी गई है। निचली कक्षाओं के दिसंबर या जनवरी से खुलने की उम्मीद है। घरेलू उड़ान सेक्टर के संदर्भ में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय तथा अन्य हितधारकों से सलाह मशविरा किया है और उम्मीद है कि अब और उड़ाने संचालित की जाएंगी। लेकिन अंतरराष्ट्रीय सेक्टर में कई देशों से बातचीत चल रही है।



# भारत में कोविड-19 के मामले 60 लाख के पार

● 50 लाख से अधिक लोग ठीक हुए

नई दिल्ली। भारत में कोविड-19 के 82,170 नए मामले सामने आने से सोमवार को संक्रमितों की कुल तादाद बढ़कर 60 लाख पार कर गई, जबकि 74,893 लोगों के संक्रमणमुक्त होने के साथ देश में ठीक हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 50.17 लाख हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश में संक्रमण से 1,039 लोगों की मौत होने से मृतकों की कुल संख्या 95,542 हो गई। देश में कोरोना वायरस बीमारी (कोविड-19) के 9,62,640 मरीजों का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 15.85 प्रतिशत है। देश में कोरोना वायरस के कुल मामले 60,74,702 हो गए। अब तक 50,16,520 लोग इस बीमारी से उबर चुके हैं। इससे देश में मरीजों के ठीक होने की दर 82.58 प्रतिशत तक पहुंच गई तथा मृत्यु दर घटकर 1.57 प्रतिशत रह गई है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार, देश में अब तक 7.20 करोड़ नमूनों की जांच हो चुकी है। रविवार को 7.09 लाख नमूनों की जांच हुई थी। भारत में कोविड-19 मामलों की संख्या ने 7 अगस्त को 20 लाख का आंकड़ा पार किया था, 23 अगस्त को 30 लाख, 5 सितंबर को 40 लाख और 15 सितंबर को 50 लाख का आंकड़ा पार किया था। देश में कोविड-19 मामलों को एक लाख तक पहुंचने में 110 दिन का समय लगा था, जबकि (शेष पेज 9)

सार्वजनिक स्थानों पर एकत्रित होने वालों की संख्या और बढ़ाई जा सकती है। बिहार जैसे राज्य में 28 अक्टूबर से विधानसभा चुनाव और उप चुनाव हैं के मद्देनजर लोगों के इकट्ठा होने की संख्या में और छूट दी जा सकती है। मौजूदा वक्त में जुलूस या सार्वजनिक स्थानों पर बैठक में अधिकतम 100 व्यक्ति इकट्ठा हो सकते हैं। मेट्रो सेवाओं को भी और बढ़ाए जाने की उम्मीद है।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान मामले की सुनवाई कल होगी

● मथुरा में मंदिर परिसर की सुरक्षा बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद की अदालत में शुक्रवार को दाखिल किए गए श्रीकृष्ण जन्मस्थान से संबंधित मामले की सुनवाई अब बुधवार (30 सितम्बर) को की जाएगी। इस बीच शुक्रवार को मामला दाखिल किए जाने के बाद शनिवार से मंदिर ईदगाह परिसर की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। अदालत में भी आज भारी पुलिस तैनात रही। गौरतलब है कि लखनऊ निवासी अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री एवं पांच अन्य ने स्वयं को भगवान श्रीकृष्ण का परमभक्त बताते हुए उनकी ओर से सिविल जज (सीनियर डिवीजन) छाया शर्मा की अदालत में वाद दायर किया है। इसमें कहा गया है कि वर्ष 1968 में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने मंदिर के परिसर में स्थित शाही ईदगाह मस्जिद की प्रबंध समिति के साथ जो समझौता किया था, वह कानूनी रूप से गैरवाजिब है क्योंकि, सेवा संस्थान जब उक्त 13.37 एकड़ भूमि का मालिक ही नहीं था तो उसे किसी व्यक्ति अथवा संस्था के साथ इस प्रकार कोई भी करार करने का अधिकार नहीं था। यह समझौता अदालत द्वारा 20 जुलाई 1973 को डिक्री किया गया था। वादियों द्वारा याचिका में इस करार को निरस्त करते हुए शाही ईदगाह वाली भूमि को मुक्त कराने और इसे विराजमान ठा. श्रीकृष्ण को सौंपने का आदेश देने का अनुरोध किया गया है। इस मामले में शाही ईदगाह ट्रस्ट मैनेजमेंट कमेटी, उत्तर प्रदेश सुन्नी सेन्ट्रल बोर्ड, श्रीकृष्ण जन्मस्थान ट्रस्ट व श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा (शेष पेज 9)

# सीएम सिटी में आज दहाड़ेंगी आशा वर्कर्स



**कैथल।** आशा वर्करों की मांगों का समाधान अगर सोमवार को सरकार के साथ होने वाली बैठक में नहीं हुआ तो 29 तारीख को सीएम सिटी करनाल में आशा वर्करों का राज्य स्तरीय प्रदर्शन होगा।

ये चेतावनी सोमवार को लघु सचिवालय में आशा वर्कर के चल रहे धरने को संबोधित करते हुए राजौंद खंड की आशा वर्कर यूनियन की प्रधान रोशनी खुरड़ा ने दी। इससे पूर्व धरने पर राजौंद खंड की वर्कर पहुंचीं। इस अवसर पर मंच का संचालन ऊषा देवी ने किया तो सीटू के जिला प्रधान नरेश रोहेडा ने मजदूरों व कर्मचारियों का आह्वान किया कि आज भगत सिंह की जयंती पर हमें अन्याय, भेदभाव, असमानता से मुक्ति पाने के लिए भगत सिंह के विचारों को अपनाना होगा।

# धान खरीद न होने पर किसानों ने मार्केट कमेटी कार्यालय घेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र।

### नारेबाजी के बीच मार्केट कमेटी के अधिकारी पोर्टल न चलने का देते रहे हवाला

**धान** की सरकारी खरीद तीसरे दिन सोमवार को भी न होने पर गुस्साएं किसानों ने मार्केट कमेटी थानेसर कार्यालय का घेराव किया। सरकार के खिलाफनारेबाजी की। प्रदर्शन में आढ़ती भी शामिल रहे। मार्केट कमेटी के अधिकारी पोर्टल न चलने का हवाला देते रहे। किसानों ने मार्केट कमेटी कार्यालय में कार्य कर रहे कर्मचारियों को चेतावनी दी कि जब पोर्टल नहीं चल रहा और मंडी में खरीद कार्य नहीं हो सकता, तो वे अपने-अपने कार्यालय से बाहर निकल जाए, अन्यथा उन्हें पकड़ कर बाहर निकाला जाएगा।

इस पर कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों से बाहर आ गए। इसके बाद मार्केट कमेटी सचिव कार्यालय को बंद कर दिया गया। किसानों ने मार्केट कमेटी कार्यालय पर लगे मुख्यमंत्री के पोस्टर को फाड़कर उसे आग के हवाले कर दिया। किसान नेता राम दिया व संजीव ने कहा कि किसानों की परेशानी जानने के लिए सरकार का कोई नुमाइंदा और प्रशासन की तरफ से कोई अधिकारी मंडी में नहीं पहुंचा। इसे लेकर किसानों में सरकार के प्रति भारी रोष है। किसान कई दिनों से खुले आसमान के नीचे अपनी फसलों को बेचने के लिए अपना घर छोड़कर डेरा डाले हुए हैं, लेकिन उनकी फरियाद सुनने वाला सरकार में कोई नहीं है। किसानों का कहना है कि मंडी में कुछ चुनिंदा आढ़तियों की दुकान पर ही खरीद कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि खरीद कार्य करना है तो सभी दुकानों पर किया जाए, नहीं तो बंद किया जाए। किसानों का कहना है कि खरीद किए जाने का पत्र जारी होने के बाद वे मंडी में धान लेकर तो आ गए, लेकिन मंडी में भी फसल की बेकद्री हो रही है यहां उनकी फसल का कोई खरीदार नहीं है।

किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। उधर मार्किट कमेटी थानेसर के सचिव हरजीत सिंह ने बताया कि पोर्टल नहीं चलने के कारण खरीद कार्य नहीं हो पा रहा है। इस बारे उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को पोर्टल चलने पर खरीद कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### श्याम परिवार ने लगाया कड़ी चावल का लंगर



**इन्द्री।** श्याम परिवार इन्द्री की ओर से सोमवार को मेन बाजार में कड़ी चावल का लंगर लगाया गया। इस मौके पर काफी संख्या में श्याम परिवार के सेवकों ने लंगर प्रसाद बांटा। इस बारे में जानकारी देते हुए श्याम परिवार के नमन अग्रवाल ने बताया कि सप्तम मास के उपलक्ष में श्याम परिवार की ओर से द्वादशी के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति लंगर प्रशाद लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार के लंगर प्रसाद खाटू श्याम में भी लगाए जाते हैं। नमन ने बताया कि श्याम परिवार की ओर से समय-समय पर सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहते है जिसमें संस्था के सभी सदस्य बढ़चढ़ कर श्रद्धापूर्वक तरीके से भाग लेते है। श्याम परिवार की ओर से बाबा का गुणगान व मासिक कीर्तन होता है जिससे आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है।

### उप मुख्यमंत्री आज चीका में करेंगे विकास कार्यों का उद्घाटन

**कैथल।** उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 29 सितंबर को सुबह 11 बजे चीका में नवनिर्मित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय का उद्घाटन करेंगे तथा जनसमस्याएं सुनेंगे। इसके उपरांत 12 बजकर 30 मिनट पर गुहला-चीका फोर लेन का भी उद्घाटन करेंगे व एक बजे स्कूल बाउंड्री के नजदीक लगने वाली डॉ. भीम राव अंबेडकर मूर्ति का शिलान्यास करेंगे।

### सच्चे देशभक्त थे शहीद भगत सिंह : स्वीटी रंगा

**कुरुक्षेत्र।** गांव कलसाना गुरुद्वारा साहिब में शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिन पर अरदास की गई और पुष्प अर्पित किए। उनकी याद में महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा विकास ट्रस्ट की महिला प्रदेश अध्यक्ष स्वीटी रंगा के नेतृत्व में एक गमला और पौधा लगाया गया। स्वीटी रंगा ने कहा कि शहीद भगत सिंह सच्चे देशभक्त थे, जिन्होंने अपने देश के मान सम्मान के लिए अपना बलिदान दिया। आज हम सब को संकल्प लेना चाहिए कि शहीद भगत सिंह के पद चिन्हों पर चल कर अपने देश और समाज की सेवा करनी चाहिए। गरीब और दिव्यांग परिवारों की लड़कियों की शिक्षा के लिए हमें आगे आना चाहिए, ताकि कोई भी शिक्षा से वंचित ना रहे। गुरुद्वारा साहिब के प्रमुख सेवादार भाई जोगा सिंह कलसानी व जोगिंदर सिंह ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा विकास ट्रस्ट का यह कार्य बहुत ही सराहनीय है, जिन्होंने आज भगत सिंह के जन्मदिन पर गुरद्वारा साहिब में उनकी याद में गमला भेंट कर पौधा लगाया। इस अवसर पर जसपिंदर सिंह, जसविंदर सिंह, संस्था के चेयरमैन मिहा सिंह रंगा, सुनील रंगा, सुषमा देवी, नेंसी रंगा, महक रंगा, सुभम रंगा मौजूद रहे।

### हमें बच्चों को शहीदों के बारे में बताना चाहिए : नितेश

**निगदू।** निर्माणधीन शहीद स्मारक एवं पुस्तकालय में सोमवार को शहीद भगत सिंह युवा शक्ति निगदू के सदस्यों ने शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई। समिति के सदस्यों ने भगत सिंह की मूर्ति पर मालार्पण कर और मूर्ति के समक्ष पुष्पार्पित कर उन्हें याद किया। समिति के सचिव नितेश बठला ने कहा कि शहीद भगत सिंह युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि वीर क्रांतिकारियों ने देश को आजाद करवाने में अपना जीवन बलिदान कर दिया। हमें उनके बलिदानों को नहीं भूलना चाहिए। बल्कि हमें बच्चों को उनके जीवन के बारे में बताना चाहिए। ये भी बताना चाहिए कि हमारा देश किन महापुरुषों, क्रांतिकारियों व शहीदों की बदौलत आजाद हुआ। किन की वजह से आज हम आरामदायक जीवन यापन कर रहे हैं। इस मौके पर समिति के सदस्य राम अनेजा, प्रवीण शर्मा, बब्लू आदि मौजूद रहे।

### शहीद भगत सिंह को श्रद्धासुमन किए अर्पित

**कुरुक्षेत्र।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह के 114वें जन्मदिवस पर शहीद भगत सिंह दिशा ट्रस्ट व जन संघर्ष मंच हरियाणा के पदाधिकारियों व चुनिंदा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि के उपरांत शहीद भगत सिंह दिशा संस्थान में जनसभा की गई। जनसभा के बाद शहीद भगत सिंह दिशा संस्थान से पुराने बस अड्डे तक मार्च निकाला गया और शहीद भगत सिंह के इन्कलाबी रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। जनसभा की अध्यक्षता मंच के राज्य प्रधान कामरेड फूल सिंह और मंच संचालन कामरेड सुरेश कुमार ने किया। मुख्य वक्ता शहीद भगत सिंह दिशा ट्रस्ट के अध्यक्ष कामरेड शयाम सुंदर रहे । मुख्य वक्ता ने कहा कि 28 सितंबर 1907 को हमारे देश के आजादी आंदोलन में मेहनतकश जनता के प्रतिनिधि शहीद भगत सिंह का जन्म गांव बंगा जिला लायलपुर (अब पाकिस्तान में है) में हुआ था। भगत सिंह ने आजादी आंदोलन के दौरान सवाल उठाया था कि अंग्रेजों के चले जाने के बाद राज किसके हाथ में जाए। भगत सिंह ने समाज को बदलने वाले मार्क्स द्वारा खोजे गए वैज्ञानिक नियमों को आत्मसात कर लिया था, हम देखते हैं कि 15 अगस्त 1947 को देश की सत्ता पूंजीपति वर्ग ने हथिया ली। जिसका परिणाम हम अब भुगत रहे हैं। उन्होंने शिक्षा के ढांचे को बर्बाद करने वाली नई शिक्षा नीति का भी विरोध किया था। मनरेगा मजदूर यूनियन के प्रधान कामरेड पाल सिंह ने कहा कि आज सारे पूंजीवादी देश आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं और बेरोजगारी बढ़ रही है। कोरोना महामारी के समय में भी संकट का सारा बोझ मेहनतकश जनता के कंधों पर डाला जा रहा है। मंच की महासचिव कामरेड सुदेश कुमारी ने पिपली में किसानों पर और चरखी दादरी में पीटीआई शिक्षकों पर किए गए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए कहा कि कारपोरेट पूंजी के हित में किसान विरोधी कानून पास किए गए हैं।

## जिला प्रेस प्रवक्ता और मुख्याध्यापक सतबीर गोयत को


# विधायक और शिक्षामंत्री के खिलाफ भारी पड़ी नारेबाजी

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

### मुख्याध्यापक के पक्ष में अभिभावकों ने सीएम विंडो में झूठी सिफारिश की शिकायत की

**सर्व** कर्मचारी संघ के जिला प्रेस प्रवक्ता व मुख्याध्यापक सतबीर गोयत को अपने साथियों की मांगों का समर्थन करना इतना मंहगा पड़ेगा। उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। सतबीर गोयत ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बताया कि, उन्होंने पिछले दिनों स्थानीय विधायक, शिक्षा मंत्री व सरकार के खिलाफ अपने साथियों की आवाज को बुलंद करने के लिए सरकार विरोधी नारेबाजी की थी। जिसके परिणाम स्वरूप स्थानीय विधायक ने कथित रूप से इस बात से खिन्न होकर गांव मलिकपुर की पंचायत पर कथित तौर पर दबाव बनाकर झूठा रेजुलेशन डलवाकर शिक्षा मंत्री व उच्च अधिकारियों को भेजा है ताकि मुख्याध्यापक सतबीर गोयत का यहां से तबादला किया जाए।

वहीं दूसरी तरफ आज गांव मलिकपुर के सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी और जिला उपायुक्त व सीएम विंडो में अपनी मांगों बारे मांग पत्र देते हुए कहा कि कुछ ऐसे व्यक्तियों द्वारा जिनका सरकारी स्कूल से कोई लेना-देना नहीं है और न ही उनके बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं मुख्याध्यापक सतवीर सिंह गोयत का तबादला करवाने बारे पंचायत पर दबाव बनाकर रेजुलेशन डलवाकर शिक्षा मंत्री और उच्च अधिकारियों को भेजा गया है, जोकि गलत है। गांव वालों का कहना है कि जिन लोगों के बच्चे ही प्राइवेट स्कूलों में पढते है, वह किसी अध्यापक की कार्यप्रणाली पर कैसे सवाल उठा सकते हैं। सतवीर गोयत मुख्य अध्यापक के साथ-साथ अपने विषय के भी बहुत अच्छे अध्यापक हैं। विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चे उनके व्यवहार और कार्यप्रणाली से पूरी तरह संतुष्ट हैं। मुख्याध्यापक प्राइवेट विद्यालयों से बच्चों को सरकारी विद्यालय में दाखिल करवाने के लिए घर-घर जाकर संपर्क करते हैं। गांव में मोहल्ला अनुसार बैठके लेते हैं ताकि गांव के मिडिल विद्यालय को सीनियर सेकंडरी विद्यालय बनाया जा सके। कुछ लोग जो अपने बच्चों को प्राइवेट विद्यालयों में पढ़ाते हैं। वो नहीं चाहते कि गांव का विद्यालय सीनियर सेकेंडरी बने और गरीब लोगों के बच्चे भी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकें। इसलिए गांव वासियों ने मुख्यमंत्री से इस मांग पत्र के माध्यम से मांग कि है कि किसी भी कीमत पर मुख्य अध्यापक का तबादला न होने पाए और यदि फिर भी मुख्य अध्यापक का तबादला होता है तो हम उसी दिन से विद्यालय को ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी उच्च अधिकारियों की होगी।



गांव वालों द्ववारा सीएम विंडों में मुख्याध्यापक का तबादला रोकने के लिए भेजी गई अपील की प्रति।

### ये रहे उपस्थित

**इस** अवसर पर गगनदीप, राजेश कुमार, सतीश कुमार, शिंदा सिंह, गगन कुमार,रमेश कुमार, महेंद्र सिंह, लालू सिंह, रामभज कुमार, गुरमीत सिंह, ईश्वर सिंह,लाली कुमार, कृपाल सिंह, शिंदा, राजेंद्र सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

### क्या कहते हैं विधायक

**जब** इस संदर्भ में विधायक लीला राम से बार बार संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाईल आऊट ऑफ कवरेज एरिया जा रहा था। कई बार संपर्क करने का प्रयास करने के बावजूद भी उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य कार्य : जितेंद्र चोपड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** असन्ध

### रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और तुलसी का पौधा देकर किया प्रोत्साहित

**सामाजिक** संस्था नेशनल इंटेग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स असंध शाखा ने निफा की स्थापना के 20 वर्ष, असंध शाखा के 5 वर्ष पूरे होने तथा शहीद भगत सिंह के जन्मदिन पर गुरुद्वारा डेहरा साहिब मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे मुख्य अतिथि के तौर पर हल्का विधायक शमशेर सिंह गोगी के प्रतिनिधि के रूप में समाज सेवी जितेंद्र चोपड़ा ने शिरकत की।

शिविर मे विशेष रुप से निफा के संरक्षक डॉक्टर लाजपत राय चौधरी व राष्ट्रीय चेयरमैन प्रीतपाल सिंह पन्नू ने भाग लिया। मुख्य अतिथि का जिला प्रधान रणजीत सिंह ग्रेटा, शिविर के मुख्य परियोजना निदेशक अमरीक सिंह, ब्लाक प्रधान आलमजीत पन्नू व शाखा के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का आगाज शहीद ए आजम भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप शिखा जलाकर किया गया। शिविर मे निस्वार्थ सेवा सोसायटी, पंजाबी सभा, श्री महाकाली मंदिर सेवा समिति व शिव आराधना सेवा मंडल के सदस्यों ने भी भाग लिया। शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व प्रशस्ति पत्र के साथ साथ तुलसी का एक-एक पौधा देकर देकर उनका हौसला बढाया गया। गुरु नानक देव जी के स्थानों की मिट्टी व जल भी दिया गया।

मुख्य अतिथि विधायक असंध के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे समाज सेवी जितेंद्र चोपडा ने कहा कि रक्तदान करना मानव जीवन का सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। निफा के संरक्षक डॉक्टर लाजपत राय चौधरी ने निफा द्वारा लगातार लगाए जा रहे शिविरों को मानवता के लिए पुण्य का काम बताया ओर इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की। निफा चेयरमैन प्रीतपाल पन्नू ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। शिविर के परियोजना निदेशक व निफा असंध के कार्यकारी प्रधान अमरीक सिंह ने बताया कि सोमवार को कुल 57 लोगों ने रक्तदान किया।

# ई-ग्राम स्वराज: गांवों में मिलेगी हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा : बराड़

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

### डीसी ने वीसी के माध्यम से थानेसर के 99 गांवों में किया शुभारम्भ

**उपायुक्त** शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि कुरूक्षेत्र के 388 गांवों में हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा देने की योजना पर काम किया जा रहा है। इस योजना के तहत सभी गांवों के सरपंच, सीएससी सेंटर के वीएलई, सीएचसी-पीएचसी प्राईमरी और सैंकेडरी स्कूल के प्रिंसीपल, राशन डिपू धारक, पशुपालन विभाग के चिकित्सक को प्रथम चरण में एक वर्ष के लिए नि:शुल्क इंटरनेट कनेक्शन दिया जाएगा।

अहम पहलू यह है कि ई-ग्राम स्वराज के तहत अब गांव में भी लोगों को सीएससी वाई-फाई चौपाल हाई स्पीड इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में सीएससी के अधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त शरणदीप कौर बराड, अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने वीसी के माध्मय से थानेसर के 99 गांवों में सीएससी के माध्यम से उपलब्ध करवाए गए वाईफाई चौपाल हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा का विधिवत रुप से शुभारम्भ किया।

उपायुक्त ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में बीबीएनएल भारत ब्रॉडबैंड निगम लिमिटेड द्वारा ऑप्टिकल फाइबर केबल के माध्यम से इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। इसके लिए पंचायत स्तर पर कॉमन सर्विस सेंटर को जिम्मेदारी दी जाएगी, जिससे जिला की सभी पंचायतों में डिजिटल इंडिया के तहत वाईफाई ग्राम का सपना जल्द साकार हो जाएगा। वाईफाई ग्राम चौपाल से दूर-देहातों में रहने वाले लोगों को वैज्ञानिक खोजों, किसानों को कृषि संबंधी जानकारी, छात्रों को एजुकेशन एवं देश-विदेश में हो रही गतिविधियां संबंधी जानकारी मिल सकेगी। अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने कहा कि डिजिटल इंडिया के तहत अब लगभग हर तरह की सेवाएं ऑनलाइन हो गई है। छात्रों को नौकरी का फार्म भरना हो, ग्रामीणों को राशन कार्ड बनवाना हो, रसोई गैस बुक करवाना हो या अन्य सेवाएं लोग अपने मोबाईल या लैपटॉप से कर सकते है, चूंकि इस दौर में हर युवा के हाथ में मोबाईल पहुंच गया है। इसलिए भारत सरकार अब गांव-गांव वाई-फाई की सुविधा देने जा रही है। इसके लिए पंचायतों में हॉट-स्पॉट बनाया जाएगा। इसके लिए जिला की सभी पंचायतों में ओएफसी केबल बिछ चुकी है।

दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत भवन में वाईफाई के लिए यंत्र लगाए जा रहे है, इसमें इलैक्ट्रिक सप्लाई के लिए बिजली कनैक्शन और सोलर पैनल भी लगाएं जाएंगे, जो ऑटोमैटिक चलता रहेगा। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी सीएससी के चिन्हित वीएलई करेंगे।

# अल्ट्रासाउंड की मशीन स्वास्थ्य विभाग ने की सील

### घरौंडा में भगवती चन्द्र मेमोरियल अस्पताल पर हुई कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**कन्या** भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को रोकने के लिए जिला प्रशासन सजगता के साथ कार्य कर रहा है। पीएनडीटी एक्ट को सख्ती से लागू किया जा रहा है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की निरंतर चेकिंग की जाती है। इसी कड़ी में पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भगवती चन्द्र मेमोरियल अस्पताल एवं अल्ट्रासाउंड केन्द्र घरौंडा का औचक निरीक्षण किया। रिकॉर्ड में कमियां पाए जाने पर अल्ट्रासाउंड मशीन को सील कर दिया गया।

ये जानकारी सिविल सर्जन डा. योगेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि करनाल जिला के विभिन्न ब्लॉकों में स्थित अल्ट्रासाउंड केन्द्रों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा, कहीं पर भी कमियां नजर आई तो अल्ट्रसाउंड केन्द्र के संचालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उसकी मशीन को सील किया जाएगा। उन्होंने सेन्टर संचालकों से अपील की कि वे एक्ट के तहत सरकार द्वारा दिये गए दिशा-निर्देशानुसार ही कार्य करें। ताकि जिला में पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट की दृढ़ता से पालना हो सके ।उन्होंने बताया कि उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में पिछले दिनों बैठक हुई थी। जिसमें जिला करनाल के विभिन्न ब्लॉकों में स्थित अल्ट्रासाउंड केन्द्रों का निरीक्षण करने बारे दिए गए आदेश दिए गए थे। गठित टीम में उप सिविल सर्जन व नोडल अधिकारी पीएनडीटी डा. नरेश करडवाल, एसएमओ सीएचसी घरौंडा डा. मुनीष गोयल के अतिरिक्त गीता रानी, सुलेख कुमार तथा सुभाष सागवाल भी मौजूद रहे।

### कार में करते थे लिंग परीक्षण, पुलिस ने जाल बिछाकर किया गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मिलकर बीती शाम लिंग जांच करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया था, जिसमें एक नकली ग्राहक बनाकर लिंग करने वालों के पास भेजा था। आरोपियों के कब्जे से लिंग जांच करने की पोर्टेबल मशीन, किट व ३६ हजार रुपये की राशि बरामद की है। सभी के खिलाफ पीएनडीएक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

गौरतलब है कि सरकार ने जन्म से पहले भ्रूण जांच को अपराध घोषित किया हुआ है। इसीलिए इस पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया हुआ है। पूर्व में जिला प्रशासन लिंग जांच करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में ला चुकी है। जानकारी के अनुसार बीती शाम पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मूवेबल वैन में लिंग जांच करने वाले एक ग्रुप के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला यूं हुआ कि पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग लिंग जांच का काम करते हैं। सूचना मिलने के बाद प्रशासन ने पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित की। कर दी है।

## कुरुक्षेत्र में एक दिन में 322 पॉजिटिव ठीक हुए

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र से 322 मरीजों को एक ही दिन में ठीक होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इसके साथ कुरुक्षेत्र में कोरोना से संक्रमित 162 नए केस सामने आए हैं। एक कोरोना पाजीटिव मरीज की मृत्यु हो गई है। इतना ही नहीं कुरुक्षेत्र में कोरोना वायरस से संक्रमित अब तक 4355 मरीज ठीक होकर घर लौट गए है। अहम पहलू यह है कि अभी तक लिए गए 78092 में से 72199 सैम्पलों की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने सोमवार देर सायं जारी एक हेल्थ बुलेटिन में कहा कि कुरुक्षेत्र में अलग-अलग जगहों से कोरोना वायरस से संक्रमित 162 नए केस सामने आएं है और कुरुक्षेत्र में अलग-अलग जगहों से 322 मरीजों की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है।




# शो 'इमैजिन दैट' ने लांच के बाद मिली सफलता का शानदार जश्न मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### डिज्नी चैनल के नए शो के होस्ट हैं रॉब और उन्हें देशभर से मिल रहा है प्यार

### देखिये 'इमैजिन दैट', हर रविवार सुबह 9:30 बजे, केवल डिज्नी चैनल पर

**डिज्नी** चैनल इंडिया हाल ही में शुरू किए गए अपने शो इमैजिन दैट की हाई रेटिंग का जश्न मना रहा है। इस शो को 6 सितंबर, 2020 को लॉन्च किया गया था। आर्ट गुरू रॉब की मेजबानी में इस शो ने बहुत कम समय में अपने दर्शकों का ध्यान खींचा है और इसे देशभर से बहुत सारा प्यार और सफलता मिली है। यह शो अपने अभिनव और अनदेखे प्रोजेक्ट्स के साथ बच्चों के बीच डू इट योरसेल्फ (डीआइवाइ) का अनोखा और मजेदार तरीका पेश करता है।

डिज्नी चैनल का इमैजिन दैट बच्चों को रोजाना अपने आस-पास दिखने वाली वस्तुओं की रिपर्पोजिंग और अपसाइकलिंग के थीम के साथ रचनात्मक तरीकों पर केन्द्रित है। इस शो का बेहद कूल दिखने वाला सेट और ट्रैशिनेटर तथा पिंगर जैसी खोजपरक, फंकी और विचित्र चीजें और रॉब के मजेदार और मनोरंजक स्टाइल ने बच्चों को इस शो के माहौल के प्यार में डुबो दिया है। डिज्नी चैनल के इमैजिन दैट शो के साथ चहेते कलाकार हारून रॉबर्ट ऊर्फ रॉब ने टेलीविजन में फिर वापसी की है।

कूल दिखने वाले लैजर जैपर्स से लेकर सुपरहीरो गॉगल्स तक, एलियंस के ईयरफोन बडीज से लेकर बॉक्स के कुछ बेहतरीन मैगाटास्टिक आर्ट तक, रॉब ने दर्शकों को कुछ असाधारण और अनोखे डू इट योरसेल्फ से जोडा है; और यह सभी चीजें हमारे घरों में मिलने वाली रोजमर्रा की चीजों से बनी हैं!

रॉब ने कहा, ''इस शो को मेरे सभी फैन्स ने जो प्यार और सराहना दी है, उसके लिये मैं रोमांचित और आभारी हूं। इमैजिन दैट से हम डू इट योरसेल्फ के सदाबहार लोकप्रिय फॉर्मेट के माध्यम से अपसाइकलिंग को मजेदार और भागीदारीपूर्ण बनाना चाहते थे और मुझे खुशी है कि यह उन्हें पसंद आया है। आने वाले एपिसोड बहुत मजेदार होंगे और मुझे उम्मीद है कि वे बच्चों और उनके परिवारों को कल्पना और निर्माण करने के लिये प्रेरित करते रहेंगे।'' इस शो के आगामी एपिसोड्स में बच्चों के लिये कुछ शानदार और पहले कभी न देखे गये डू इट योरसेल्फ प्रोजेक्ट होंगे। अब तक की सफल व्यूअरशिप के साथ इमैजिन दैट अपने दर्शकों को ज्यादा

# सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट ने दिव्यांग समुदाय पर कोविड-19 के प्रभाव का मुद्दा उठाया

### हाल ही में एक वर्चुअल इवेंट में दिव्यांगों के हित में तत्काल कदम उठाने की जरूरत पर दिया गया बल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कोविड**-19 से पूरी दुनिया प्रभावित हुई है। ऐसे में इस बात का सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि दिव्यांगजनों को किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा होगा। दिव्यांगजनों की समस्याओं पर विमर्श करने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय हस्तियों का ध्यान इस ओर आकर्षित करने के लिए सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट और नेशनल एबिलिंपिक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने दृष्टिकोण : दिव्यांगों के सशक्तीकरण के लिए रणनीति में बदलाव के नाम से वेबिनार का आयोजन किया। इस वेबिनार का आयोजन दिव्यांगों पर कोविड-19 के कारण पड़े असर से निपटने के प्रभावी तरीकों पर विमर्श के लक्ष्य के साथ किया। लॉकडाउन के दौरान सार्थक ने ऐसे 350 से ज्यादा बच्चों के लिए ऑनलाइन थेरेपी सेशन, 2500 से ज्यादा दिव्यांगों के कौशल विकास एवं 800 से ज्यादा दिव्यांगों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाया था। इससे दिल्ली, गुरुग्राम, लुधियाना, चंडीगढ़, कोलकाता, लखनऊ, भोपाल, जयपुर, मुंबई, पुणे, ठाणे, हैदराबाद, चेन्नई और विशाखापत्तनम के दिव्यांगजन लाभान्वित हुए थे।

दिनभर चले वेबिनार में दुनियाभर से कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया, इनमें क्रेडिट सुइस के वीपी कॉरपोरेट सिटीजनशिप शरमीन कुटकी, यूरोपियन सोशल नेटवर्क के सीईओ अल्फोंसो लारा मोंटेरो, कॉग्निजेंट फाउंडेशन के सीईओ राजश्री नटराजन जैसी हस्तियां शामिल रहीं। एक्सिस बैंक, एंबिट कैपिटल, लेमन ट्री ग्रुप और पीडब्ल्यूसी इंडिया जैसे कॉरपोरेट से भी वक्ताओं ने हिस्सा लिया।

सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट के फाउंडर सीईओ डॉ. जीतेंद्र अग्रवाल ने कहा कि दिव्यांगजन राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में बेहतर योगदान दे सकते हैं यदि उन्हें सही संसाधन एवं पर्याप्त अवसर दिया जाए। कोविड-19 के कारण लगी पाबंदियों में छोटी-छोटी दुकान चलाने एवं असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे बहुत से दिव्यांगों की आजीविका पर दुष्प्रभाव पड़ा।

# यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ेगी फिल्म सिटी

● इंटरचेंज छह महीने में बनकर होगा तैयार

रिंकू यादव। नोएडा




जेवर फिल्म सिटी को लेकर सरकार और यमुना प्राधिकरण बहुत तेजी से काम कर रहे हैं। अब इंफोटेनमेंट सिटी को सीधे यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाएगा। इसके लिए यमुना प्राधिकरण सेक्टर-21 और सेक्टर-28 के बीच में इंटरचेंज बनाएगा। अगले एक हफ्ते में इसका टेंडर निकाल दिया जाएगा।

कंपनी का चयन होने के बाद छह महीने में यह बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बनने से आवासीय सेक्टर-18 और सेक्टर-20 को भी फायदा मिलेगा। यहां के लोग सीधे यमुना एक्सप्रेस वे तक पहुंच सकेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे के जरिए दिल्ली, नोएडा, मथुरा, अलीगढ़, आगरा और लखनऊ तक बेहद आसान पहुंच बन जाएगी। यमुना सिटी में इंफोटेनमेंट सिटी बसाने की कवायद तेज हो गई है। यहां पर फिल्मी सितारों के अलावा तमाम लोग आएंगे।

इसलिए आवागमन की सुविधा बेहतर होनी चाहिए। यमुना प्राधिकरण फिल्म सिटी की यमुना एक्सप्रेस वे से कनेक्टिविटी के लिए बड़ा फैसला लिया है। सेक्टर-21 और 28 के बीच में एक इंटरचेंज बनाया जाएगा। प्राधिकरण ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। अगले एक हफ्ते में इसका टेंडर निकाल दिया जाएगा। इसका एस्टीमेट बनाया जा रहा है। एक-दो दिन में इसका अंतिम रूप देते हुए टेंडर निकाल दिए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि काम शुरू होने पर छह महीने में यह पूरा हो जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिल्म सिटी बनाने की घोषणा की थी। इसके बाद से ही आसपान के क्षेत्रों में आवगमन की सुविधा के लिए नई योजनाएं बनाई जा रही है।

### करीब 80 करोड़ रुपए होंगे खर्च

इंटरचेंज बनाने में 70-80 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्राधिकरण का कहना है कि टेंडर एक हफ्ते में निकाल दिए जाएंगे। कंपनी का चयन होने के बाद जल्द काम शुरू कराया जाएगा। उम्मीद है कि छह महीने में यह इंटरचेंज बनकर तैयार हो जाएगा। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ.अरुण वीर सिंह का कहना है कि इंफोटेनमेंट सिटी को सीधे यमुना एक्सप्रेस वे को जोड़ा जाएगा। इसके लिए सेक्टर-21 और सेक्टर-28 के बीच इंटरचेंज बनाया जाएगा। एक सप्ताह में टेंडर निकाल दिए जाएंगे। विकास प्राधिकरण करीब 70-80 करोड़ रुपए खर्च करके यह इंटरचेंज बनवाएगा। इंटरचेंज के पास ही सेक्टर-21 में 1,000 एकड़ जमीन इन्फोटेनमेंट सिटी के लिए रिजर्व कर दी गई है।

### इन सेक्टरों को भी मिलेगा फायदा

इस इंटरचेंज से फिल्म सिटी के अलावा कई और सेक्टरों को सीधे फायदा मिलेगा। प्राधिकरण के सबसे बड़े आवासीय सेक्टर 18 और 20 के लोग भी सीधे एक्सप्रेस वे जा सकेंगे। इन दोनों सेक्टरों में करीब 21 हजार आवंटी हैं। साथ ही सेक्टर-28 के आवंटियों को भी राहत मिलेगी। इन सेक्टरों के लोगों का आवागम आसान हो जाएगा।

## निगम ने मांगा दो महीने का समय शिक्षकों-कर्मचारियों ने रोकी हड़ताल

वेतन देरी का मामला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



बकाया वेतन की मांग कर रहे उत्तरी दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों व शिक्षकों ने अपनी हड़ताल दो महीने के लिए स्थगित कर दी है।

● अधिकारियों संग बैठक में मानी गई मांगे

निगम के महापौर जय प्रकाश और कर्मचारियों की यूनियन के साथ सोमवार को हुई बैठक में कर्मचारियों ने यह फैसला लिया है। इस बैठक में महापौर ने प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिया कि दो महीनों के अंदर सभी कर्मचारियों के बकाया वेतन व पेंशन का भुगतान कर दिया जाएगा।

जय प्रकाश ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि कर्मचारियों की यूनियन और निगम के अधिकारियों के साथ सकारात्मक बैठक हुई। जिसमें उन्होंने कर्मचारियों की अधिकतर मांगो को मांग मान लिया। जिसके बाद कर्मचारियों ने अपना धरना प्रदर्शन दो महीनों के लिए स्थगित कर दिया है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के यूनियन की कुछ मुख्य मांगे थी जैसे की 30 नवंबर तक वेतन व पेंशन के मुद्दे का स्थायी हल, दो महीनों के अंदर बकाया वेतन व पेंशन जारी करना, सभी कर्मचारियों को एक साथ वेतन का प्राथमिकता के अधार भुगतान करना। साथ ही वेतन की समस्या का स्थायी समाधान निकालना आदि शामिल है।

## आईजीआई के टर्मिनल-2 से एक अक्टूबर से उड़ान भरेंगे विमान



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल-दो पर एक अक्टूबर से विमानों का परिचालन फिर से शुरू होगा। इस समय हवाई अड्डा के टर्मिनल तीन से उड़ानों का संचालन हो रहा है। डीआईएएल ने सोमवार को जानकारी साझा करते हुए कहा कि टर्मिनल दो पर विमान परिचालन की बहाली प्रति दिन 96 उड़ानों (48 प्रस्थान और 48 आगमन) के साथ होगी और अक्टूबर के अंत तक यह बढ़कर 180 तक हो जाएगी। लॉकडाउन के कारण 23 मार्च से अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों को और 25 मार्च से घरेलू यात्री उड़ानों को रद्द कर दिया था।

इसके बाद 25 मई से आंशिक रूप से घरेलू यात्री उड़ानों को फिर से शुरू किया लेकिन अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानें अब भी निलंबित हैं।

## कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार की अगुवाई में पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को हाल ही में अस्तित्व में आए कृषि संबंधी कानूनों के खिलाफ यहां राजघाट पर प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

कुमार के मुताबिक, कांग्रेस को राजघाट से राज निवास तक मार्च निकालना था, लेकिन उन्हें हिरासत में ले लिया गया। साथ ही अनिल चौधरी ने कहा कि , कांग्रेस पार्टी कृषि कानूनों के खिलाफ उप राज्यपाल को ज्ञापन सौंपना चाहते थे। इन कानूनों को वापस लिए जाने तक कांग्रेस चैन से नहीं बैठेगी।

## होटल में युवती से रेप, लेडी हार्डिंग का कर्मचारी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के पहाड़गंज स्थित एक होटल में एक युवती के साथ दुष्कर्म और अप्राकृतिक यौनाचार का मामला सामने आया है। आरोप है कि लेडी हार्डिंग अस्पताल में इलाज कराने आई 22 साल की युवती को अस्पताल का ही कर्मचारी मदद के बहाने होटल ले गया।

वहां उसने युवती के साथ जबरन वारदात को अंजाम दिया। वारदात के बाद आरोपी ने किसी को कुछ भी बताने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। जिसके बाद आरोपी कर्मचारी राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरोपी अस्पताल में सफाई कर्मचारी है और फिलहाल कोविड की वजह से कम स्टाफ होने के कारण अस्पताल के काउंटर पर पर्ची बनाने का काम कर रहा था। जिस होटल में वारदात को अंजाम दिया गया वह भी बिना लाइसेंस के चल रहा था। पीड़ित पिछले कुछ महीने से वह इलाज के लिए लेडी हार्डिंग अस्पताल आ रही थी। यहां उसकी पहचान आरोपी राजकुमार से हुई।

## आईसीयू बेड रिजर्व करने के आदेश पर रोक जारी



● 80 प्रतिशत बिस्तरों को रिजर्व नहीं करने के फैसले पर लगाई थी याचिका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार की निजी अस्पतालों में 80 फीसदी आईसीयू बेड कोविड-19 मरीजों के लिए रिजर्व करने की अपील पर सिंगल बेंच के आदेश पर उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने रोक लगाने से इनकार कर दिया है। साथ ही प्राइवेट अस्पतालों और केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके जवाब दाखिल करने को कहा है।

उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से पूछा कि क्या राष्ट्रीय राजधानी के अस्पतालों में गैर कोविड मरीजों के लिए पर्याप्त आईसीयू बेड उपलब्ध हैं। वह निजी अस्पतालों की क्षतिपूर्ति कैसे करेगी जिनसे कोविड मरीजों के लिए ऐसे बेड आरक्षित रखने को कहा गया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी एन पटेल और न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की पीठ ने दिल्ली सरकार की एकल न्यायाधीश के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र और एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स को नोटिस जारी करते हुए यह सवाल पूछा।

## मरीज व तिमारदार का डॉक्टर पर हमला

मास्क पर बवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




● रेजिडेंट्स डॉक्टर एसोसिएशन ने की कार्रवाई की मांग

बाहरी दिल्ली के महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में मास्क नहीं लगाने पर बवाल हो गया। अस्पताल के डॉक्टर ने एक मरीज और उसके तिमारदार पर हमला करने का आरोप मढ़ा है।

डाक्टर का कहना है कि उन्होंने उनसे मास्क लगाने और अपनी बारी का इंतजार करने को कहा था। इससे नाराज होकर उन्होंने हमला कर दिया। पुलिस ने अस्पताल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। अस्पताल के रेजिडेंट्स डॉक्टर एसोसिएशन ने चिकित्सा अधीक्षक को पत्र लिखकर आपदा प्रबंधन कानून के तहत कार्रवाई की मांग की है। डॉक्टर राहुल जैन ने अपनी शिकायत में कहा कि गत शनिवार सुबह वह छोटे ऑपरेशन थिएटर में थे। एक महिला मरीज थी और उसके तीमारदार ने मास्क नहीं लगाया हुआ था। वे चाहते थे कि अन्य मरीजों से पहले उनके मरीज को देख लिया जाए। इस बात का वे लगातार उन पर दबाव बना रहा था।

तब उन्होंने मरीज और उसके तीरदार से मास्क लगाने और अपनी बारी आने का इंतजार करने को कहा। डॉक्टर ने आरोप लगाया कि व्यक्ति ऑपरेशन थिएटर में घुस आया और उन पर हमला कर दिया।

## नीरज बवानिया गैंग का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने नीरज बवानिया गैंग के शॉर्प शूटर को गिरफ्तार किया है। इस पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। आरोपी की पहचान झज्जर निवासी प्रवीन सब्बरवाल उर्फ मोटा के रूप में हुई है। मोटा के कब्जे से कट्टा और तीन कारतूस बरामद किए गए हैं।

आरोपी दिल्ली और हरियाणा में हुए मर्डर केस में वांटेड था। पुलिस उपायुक्त प्रमोद कुशवाह ने बताया इंस्पेक्टर आदित्य सिंह की टीम दिल्ली एनसीआर के गैंगस्टर को पकड़ने में लगी थी। इसी दौरान 27 सितंबर को प्रवीन के बार में जानकारी मिली थी।

## जेल से लौटे, सरेंडर करने वालों को आईसोलेशन वार्ड हैं या नहीं

हाईकोर्ट का सवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने जेल प्रशासन से पूछा कि यदि जमानत विस्तार के आदेश वापस ले लिए जाए, तो क्या जेल लौटने वाले सभी कैदियों के लिए पर्याप्त संख्या में पृथक वार्ड हैं।

न्यायालय ने जेल प्रशासन से राष्ट्रीय राजधानी की तीन जेलों में कोविड-19 मामलों की संख्या, जमानत पर बाहर गए कैदियों की संख्या और अगले महीने आत्मसमर्पण करने वाले कैदियों के बारे में ब्योरा देने को कहा है साथ ही हर एक जेल में पृथक वार्डों की संख्या के संबंध में जानकारी मांगी है।

मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ ने उच्च न्यायालय के 13 जुलाई और 24 जुलाई के आदेशों को संशोधित करने के लिए दायर एक अर्जी की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। पिछले आदेश में 16 मार्च के पहले या उसके बाद अंतरिम जमानता पैरोल पर गए सभी कैदियों को राहत दी गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. आशीष बने आईएमए गाजियाबाद के नए अध्यक्ष

**गाजियाबाद।** वर्ष 2019-2020 की टीम का कार्यकाल समाप्त होने के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की टीम 2020-2021 का गठन कर लिया गया है। चेस्ट फिजिशियन डॉ. आशीष अग्रवाल इस टीम के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। पुरानी बॉडी में कोषाध्यक्ष रहे डॉ. नवनीत वर्मा ने बताया कि नई टीम को आईएमए भवन में शपथ दिलाई गई। जिसमें डॉ. आशीष अग्रवाल ने अध्यक्ष पद की शपथ ली। इनके अलावा उपाध्यक्ष पद पर यथावत पूर्व टीम के ही डॉक्टर आलोक शर्मा रहेंगे जबकि पूर्व टीम की ही डॉक्टर वाणी पूरी रावत इस वर्ष भी आईएमए सचिव के रूप में अगला कार्यकाल जारी रखेंगी। नए कोषाध्यक्ष के रूप में स्किन स्पेशलिस्ट डॉ सचिन अग्रवाल ने शपथ ग्रहण की है। मीडिया प्रभार पूर्व टीम की ही भांति डा नवनीत वर्मा के पास ही रहेगा। 1 अक्टूबर से नई टीम का कार्यकाल शुरू हो जाएगा। इस टीम के गठन में महत्वपूर्ण पहलू ये है कि इस बार मुख्य पदों पर ज्यादातर पुरानी टीम को ही अगला कार्यकाल सौंपा गया है।

### सूखा कूड़ा एक ही दिन उठाएगा नगर निगम



नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर

**गाजियाबाद।** कूड़ा निस्तारण के लिए नगर निगम अब एक और कदम उठाने जा रहा है। जिसके तहत अब गीले व सूखे कूड़े का अलग-अलग करने के लिए योजना बनाई गई है जिसके तहत अब हफ्ते में एक दिन नगर निगम की गाड़ियां घरों से केवल सूखा कूड़ा ही उठाएंगी। प्रयोग के तौर पर वसुंधरा जोन में इस पायलेट प्रोजेक्ट अक्टूबर के पहले सप्ताह से शुरू किया जाएगा। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि महानगर में अभी तक गीला व सूखा कूड़ा डोर-टू-डोर एकत्र किया जा रहा है, लेकिन अब इसमें एक कदम और आगे बढ़ाते हुए निर्णय लिया गया है कि सूखा कूड़ा अलग और गीला कूड़ा अलग से एकत्र किया जाए। इसी के चलते योजना बनाई गई है कि सूखा कूड़ा सप्ताह में एक दिन उठाया जाएगा। निगम की गाड़ियां सप्ताह में एक दिन केवल सूखा कूड़ा ही उठाया करेंगी जबकि बाकी छह दिन गीला कूड़ा।

### सिख दंगे के गवाह को सुरक्षा देने का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को पुलिस को निर्देश दिया कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में गवाह और विवादास्पद शस्त्र विक्रेता अभिषेक वर्मा को हर समय तीन सुरक्षा कर्मी मुहैया कराए जाएं क्योंकि उन्हें धमकियां मिल रही हैं। न्यायमूर्ति योगेश खन्ना ने कहा कि वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों के लिए तीन सुरक्षा कर्मी मुहैया कराने के लिए 27 सितंबर, 2017 को पुलिस उपायुक्त को दिए गए उच्च न्यायालय के आदेश को अगले निर्देश तक जारी रखा जाए। उच्च न्यायालय ने सीबीआई और दिल्ली पुलिस से वर्मा की याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा जिन्होंने उन्हें तीन हथियारबंद पीएसओ का सुरक्षा घेरा हर समय उपलब्ध कराते रहने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

### मुख्यमंत्री योगी पर की थी टिप्पणी, गिरफ्तार




**गाजियाबाद।** असामाजिक तत्व द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरूद्ध सोशल मीडिया पर अशोभनीय टिप्पणी किये जाने पर हिन्दू युवा वाहिनी कार्यकर्ताओं ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर सिहानी गेट थाने पर जमकर हंगामा किया। जिसके बाद थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। संगठन के जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी काकड़ा के नेतृत्व में पहुंचे लोगो ने आरोपी सुहेब सैफी पुत्र सहिद सैफी निवासी मंदिर वाली गली हिंडन विहार के खिलाफ कार्यवाही की मांग रखी। एसएचओ सिहानी गेट कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि हिन्दूवादी संगठन के पदाधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया था कि किसी ने अपनी फेसबुक पर मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने के लिए एक आपत्तिजनक पोस्ट डाली है।

## अवैध पिस्टल और नकदी के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने रामपार्क कालोनी स्थित सिद्धबाबा मंदिर के पास चेकिंग के दौरान रविवार रात दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो पिस्टल, एक रिवाल्वर, दो मोबाइल, लाखों की नकदी और मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस ने तस्करों को जल भेज दिया है।

थाना प्रभारी ओपी सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को चेकिंग के लिए रोका। लोनी पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम इखलाख और वाहिद निवासी अलीगढ़ बताए।



हथियार तस्कर ट्रॉनिका पुलिस की गिरफ्त में।

## हर कोरोना मरीज के 15 संपर्क तलाशे जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




● रोजाना तीन हजार कॉन्टेक्ट्स के सैंपल को भेजने की तैयारी

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डा. एनके गुप्ता ने कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग में लगी टीमों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि हर कोरोना पॉजिटिव के कम से कम 15 कॉन्टेक्ट तलाशे जाएं और उनकी जांच कराई जाए।

सीएमओ ने कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग टीमों के काम की समीक्षा की और उन्हें पॉजिटिव आने वाले उपचाराधीन से रिपोर्ट आने के पहले 14 दिनों में मिले लोगों को तलाशने को कहा। इनकी संख्या किसी भी हाल में 15 से कम नहीं होनी चाहिए। सीएमओ ने बताया अब तक जनपद में कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग 8.6 पहुंची है। हालांकि केवल सितंबर माह की बात करें तो यह करीब 10 रही है।

यानी सितंबर माह में हर पॉजिटिव के औसतन 10 कॉन्टेक्ट खोजे गए और उनकी कोरोना जांच कराई गईए लेकिन इसे अभी और बढ़ाने की जरूरत है। बता दें कि डीएम डा. अजय शंकर पांडेय ने स्वास्थ्य विभाग को रोजाना कोरोना के 6000 टेस्ट कराने के निर्देश दिए हैं।

सितंबर महीने के दौरान रोजाना औसतन 200 पॉजिटिव मरीज सामने आ रहे हैं। हर पॉजिटिव मरीज के 15 कॉन्टेक्ट तलाशे जाएंगे तो रोजाना 3000 सैंपल केवल कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के ही हो जाएंगे।

## आईसीएमआर की अब तक की यात्रा बताएगा टाइमलाइन

### स्वास्थ्य मंत्री ने किया मोबाइल स्ट्रोक यूनिट, कोविड वैक्सीन तथा क्लीनिकल रजिस्ट्री पोर्टल का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केन्द्रीय स्वास्थ्य केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने आजआईसीएमआर के मुख्यालय में टाइमलाइन का अनावरण किया, जिसमें आईसीएमआर की ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्शाई गई हैं।

उन्होंने आईसीएमआर के मोबाइल स्ट्रोक यूनिट और कोविड वैक्सीन तथा क्लीनिकल रजिस्ट्री पोर्टल का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. बलराम भार्गव आईसीएमआर-एनआईएन की निदेशक डॉ. आर. हेमलता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा वैज्ञानिक उपस्थित रहे। डॉ. हर्ष वर्धन ने आईसीएमआर के हिस्ट्री टाइमलाइन का शुभारंभ किया, जिसमें भारत की प्रमुख अनुसंधान परिषद की यात्रा को दिखाया गया है। इस अनुसंधान परिषद की शुरुआत 1911 में हुई थी, तब इसे इंडियन रिसर्च फंड फाउंडेशन के नाम से जाना जाता था। टाइमलाइन में आईसीएमआर की नीति और कार्यक्रम हस्तक्षेप का विवरण है और रोग नियंत्रण इसके संस्थानों तथा मातृ और शिशु स्वास्थ्य, एचआईवी, कैंसर तथा पोषण के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्य का विवरण भी है।

डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा, भारत की रिकवरी रेट निरंतर बढ़ रही है और मामलों पर मृत्यु दर लगातार गिर रही है। हम अपनी क्षमताओं को मजबूत करने में काफी रास्ता तय कर चुके हैं। हमने क्षमता बढ़ाई है, जो अब प्रतिदिन 15 लाख जांच हो गई है।



केन्द्रीय मंत्री ने मोबाइल स्ट्रोक यूनिट का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप को देखकर लोगों को निराशा और असंवेदनशीलता होती है। समय पर उपचार से मृत्यु के मामलों में कमी लाई जा सकती है और लोगों को अक्षमता से बचाया जा सकता है। असम में स्ट्रोक के अधिक मामलों के भार और इसके उपचार के अभाव को देखते हुए यह पहल इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान में मददगार साबित होगी।

टेली-कंसल्टेशन के माध्यम से मोबाइल यूनिट लोगों का समय पर और समुचित उपचार सुनिश्चित करता है। उन्होंने उन स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना की, जो कोविड के कारण सीमित संसाधनों के बीच निस्वार्थ भावना से लोगों की सेवा कर रहे हैं।

## एकसमान मुआवजे की मांग पर अड़े 5 गांवों के किसान

**गाजियाबाद।** सदरपुर गांव सहित पांच गांवों के किसानों द्वारा एक समान मुआवजे की मांग को लेकर सोमवार को जिला मुख्यालय का घेराव किए जाने की घोषणा के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी किसानों से मिलने खुद धरनास्थल पर पहुंचे और किसानों का ज्ञापन लिया।

इस दौरान किसानों ने मुआवजा घोषित किए जाने तक काम बंद रखने व फर्जी तरीके से किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाने की मांग की है। सदरपुर गांव में मैनापुर, नगलापाठ, रसूलपुर, याकुतपुर सहित छह गांवों के करीब दो हजार से अधिक किसान एक समान मुआवजे की मांग कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसान अपनी मांगो को लेकर कई महीनों से धरना दे रहे हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# दिव्यांगों के हित में खास कदम उठाने की जरूरत : डा. जीतेंद्र

### कोरोना संकट काल में ऐसा करना बताया जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**लॉकडाउन** के दौरान गुरुग्राम एवं दिल्ली-एनसीआर के सेंकड़ों दिव्यांगजनों के कौशल विकास एवं उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सक्रिय रहने वाले सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट ने कोरोना के कारण दिव्यांगजनों के समक्ष आई समस्याओं पर विमर्श करने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय हस्तियों का ध्यान इस ओर आकर्षित करने के लिए वेबिनार का आयोजन किया। इसमें ट्रस्ट के फाउंडर सीईओ डॉ. जीतेंद्र अग्रवाल ने कहा कि कोरोना के कारण लगी पाबंदियों में छोटी-छोटी दुकान चलाने एवं असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे बहुत से दिव्यांगों की आजीविका पर दुष्प्रभाव पड़ा। इस वेबिनार का लक्ष्य उनकी समस्याओं को समझना और उनके हित में जरूरी कदम उठाना है। वर्क फ्रॉम होम, सीएसआर एवं इनोवेशन व टेक्नोलॉजी में दिव्यांगों की जरूरतों का ध्यान रखा जाना चाहिए। सार्थक ने लॉकडाउन के दौरान ऐसे 350 से ज्यादा बच्चों के लिए ऑनलाइन थैरेपी सेशन, 2500 से ज्यादा दिव्यांगों के कौशल विकास एवं 800 से ज्यादा दिव्यांगों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाया।

# कोरोना संक्रमितों की मृत्यु दर आंकड़े में आई गिरावट

### मृत्यु दर घटकर रह गई है 0.85 प्रतिशत

### गुरुग्राम जिला प्रति मिलियन कोरोना टेस्टिंग में प्रदेश में पहले नंबर पर

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम



**जिला** में कोरोना संक्रमित मरीजों के मृत्यु दर के आंकड़े में गिरावट दर्ज की गई है। अब जिला में कोरोना की वजह से होने वाली मृत्यु की दर घटकर 0.85 प्रतिशत हो गई है। जिला में कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन टेस्टिंग व ट्रेसिंग अभियान चलाया जा रहा है, ताकि स्वस्थ लोगों तक यह संक्रमण ना फैले। ऐसे मरीजों की समय रहते पहचान होने से कोरोना संक्रमण को समय रहते रोकने में मदद मिलती है। गुरुग्राम जिला प्रति मिलियन टेस्टिंग में प्रदेश में पहले नंबर पर है। यहां पर 1 लाख 67 हजार 660 टैस्ट प्रति मिलियन किए गए हैं। जिला में इस अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में एंटीजन टेस्टिंग किट के माध्यम से भी टेस्टिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। जिन लोगों में कोरोना संक्रमण के लक्षण होते हैं, वे इन कैंप में जाकर नि:शुल्क अपना टेस्ट करवा सकते हैं। जिला में टेस्टिंग के लिए क्षेत्रवार शेड्यूल तैयार किया गया है। अब तक जिला में लगभग 828 टेस्टिंग कैंप विभिन्न स्थानों पर लगाए जा चुके हैं और कैंप लगाने का सिलसिला अभी जारी है। इसके अलावा व्यक्ति नागरिक अस्पताल में जाकर भी आरटी-पीसीआर विधि से भी अपना टेस्ट करवा सकते हैं।

जिला उपायुक्त अमित खत्री के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग तथा जिलावासियों के सहयोग के चलते अब लोगों में कोरोना को लेकर जागरुकता भी बढ़ी है। जिला प्रशासन द्वारा कोरोना से बचाव को लेकर आवश्यक जानकारी भी लोगों से सांझा की जा रही है। इसके अलावा कोरोना संक्रमित मरीजों का भी होम आइसोलेशन को लेकर विश्वास पहले की अपेक्षा बढ़ा है। अब लोग होम आइसोलेशन में रहकर भी ठीक हो रहे हैं।

**लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने का प्रयास**

**सिविल** सर्जन डा. वीरेन्द्र यादव ने बताया कि हमारा प्रयास है कि लोगों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाएं और उनमें कोरोना संक्रमण के बचाव उपायों के बारे में जागरूकता बढ़े। इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सेवा तथा समपज़्ण भाव से कार्य करते हुए लोगों को जरूरत अनुसार उनके घर तक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है।

# 50 केंद्रों पर होगी यूपीएससी की सिविल सर्विसेज प्रारंभिक परीक्षा

### गुरुग्राम में यूपीएससी की सिविल सर्विसेज की प्रारंभिक परीक्षा 4 अक्टूबर को

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में यूपीएससी की सिविल सर्विसिज प्रारंभिक परीक्षा को लेकर बैठक में मौजूद अधिकारी।

**संघ** लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसिज प्रारंभिक परीक्षा 4 अक्टूबर को होने जा रही है। इस परीक्षा के लिए गुरुग्राम में 50 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिन पर इस बार लगभग 17 हजार 109 उम्मीदवार परीक्षा देंगे। इस परीक्षा को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा ड्यूटी ऑफिसर लगाए गए हैं। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए जिला में अलग से एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इस परीक्षा को शन्तिपूर्ण और सुनियोजित ढंग से आयोजित करने के लिए उपायुक्त अमित खत्री ने विद्यालयों के प्राचार्यों, ड्यूटी मैजिस्ट्रेट, सुपरवाइजरों आदि की संयुक्त बैठक बुलाई, जिसमें उन्हें परीक्षा आयोजन के संबंध में हिदायतें दी गई। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी।

प्रथम सत्र प्रात: 9:30 बजे से 11:30 बजे तक का होगा जबकि दूसरा सत्र दोपहर बाद 2:30 बजे से 4:30 बजे तक का होगा। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात होने वाले सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को कोरोना संक्रमण संबंधी हिदायतों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि निशक्त परीक्षार्थी को प्रत्येक पेपर में 20 मिनट प्रति घंटा के हिसाब से अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इस बार 48 दिव्यांग उम्मीदवार गुरुग्राम में परीक्षा देंगे, जिनके लिए द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में अलग से एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के चलते परीक्षा केंद्रों पर सामाजिक दूरी का पालन सुनिश्चित किया जा सके, इसके लिए इस बार उम्मीदवारों के लिए परीक्षा केन्द्र पर एक घंटा पहले पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के एंट्री गेट समय से एक घंटा पहले खोल दिए जाएंगे। परीक्षा शुरू होने से 10 मिनट पहले इन गेटो को बंद कर दिया जाएगा, जिसके बाद किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

**मास्क पहनना और सामाजिक दूरी जरूरी**

अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पवार ने बताया कि कोरोना को ध्यान में रखते हुए इस बार परीक्षा के आयोजन में कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। सभी परीक्षार्थियों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य है। परीक्षा से 1 दिन पहले यानि 3 अक्टूबर को पूरे केंद्र को सेनीटाइज किया जाएगा। उम्मीदवार अपने साथ सैनिटाइजर ला सकते हैं, लेकिन सैनिटाइजर की बोतल पारदर्शी होनी चाहिए।

# सरकार के जन विरोधी निर्णयों के खिलाफ ट्रेड यूनियन : श्रवण कुमार

**गुरुग्राम।** केंद्र व राज्य सरकार एक पर एक मजदूर कर्मचारी विरोधी नीतियां और निर्णय लेती ही जा रही हैं। सार्वजनिक या सरकारी उद्यमों, उपक्रमों व सेवाओं का निजीकरण-निगमीकरण कर रही हैं।

रेलवे, बैंक, बीमा, कोयला, बिजली, प्रतिरक्षा, पेट्रोलियम, बीएसएनएल (दूरसंचार), स्वास्थ्य, शिक्षा आदि क्षेत्रों को देसी-विदेशी पूंजीपतियों के लिए खोल दिया है। यह कहना है ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर के जिला सचिव श्रवण कुमार का।

श्रवण कुमार ने कहा किबड़े कष्टों और संघर्षों से हासिल किए जनवादी अधिकारों व ट्रेड यूनियन अधिकारों को छीन कर सरकार श्रमिकों को निहत्थे कर रही है। यह मजदूरों का निर्मम शोषण और छंटनी करने यानी हायर एण्ड फायर की मनमानी करने का अधिकार मालिकों को दे रही है। एआईयूटीयूसी ने एक से सात अक्टूबर तक लगातार एक सप्ताह तक प्रतिवादी आंदोलन चलाने का ऐलान किया है। इसके तहत एक अक्टूबर को रेलवे व अन्य सरकारी क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ, दो अक्टूबर को भवन निर्माण, मनरेगा सहित असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की मांगों पर, तीन अक्टूबर को स्कीम वर्करों की मांगों पर, चार अक्टूबर को प्रवासी श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए, पांच अक्टूबर को बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों के निजीकरण के विरोध में, छह अक्टूबर को बिजली, कोयला, पेट्रोलियम, स्टील व अन्य सार्वजनिक उद्यमों, उपक्रमों व सेवाओं के निजीकरण के खिलाफ और सात अक्टूबर को श्रम कानूनों में मालिक-परस्त संशोधन कर चार लेबर कोड लाने के खिलाफ व काम के अधिकार के लिए आवाज बुलंद की जाएगी।

# ड्रग कंट्रोलर ने दो केमिस्ट पर मारा छापा, अभियान जारी रहेगा



तावडू के सिंगला मेडिकल स्टोर की जांच करते ड्रग कंट्रोलर दिनेश कुमार।

**तावडू।** नशीली दवाई बेचने की गुप्त सूचना पर ड्रग कंटोलर नूंह ने शहर के दो केमिस्ट के यहां छापेमारी की। कार्रवाई के बाद ड्रग कंट्रोलर ने बताया कि यहां से उन्हें ऐसी कोई दवाई नहीं मिली है। जिले में उनका ये अभियान अभी जारी रहेगा।

ड्रग कंट्रोलर दिनेश कुमार के मुताबिक गुप्ता सूचना के आधार पर उन्होंने तावडू के सिंगला व दीक्षा मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की है। सूचना यह थी कि इन मेडिकल स्टोर्स पर नशीली दवाइयों की बिक्री की जाती है। छापेमारी में काफी देर तक छानबीन की गई है, लेकिन दोनों मेडिकल स्टोर्स से ऐसी कोई दवाई बरामद नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जिला उपायुक्त नूंह धीरेंद्र खड़गटा के आदेश हैं कि जिले में अगर कोई भी व्यक्ति चोरी छुपे नशे का कारोबार करता है या कोई भी केमिस्ट नशीली दवाइयों को बेचता है तो उसकी गुप्त रूप से डिटेल जुटा पर उस पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। बस उनके इन्हीं आदेशों को मूर्तरूप देते हुए औषधि नियंत्रण विभाग ने यह कार्रवाई की है। वहीं उन्होंने ये भी कहा कि नूंह जिले से 25 विभिन्न कंपनियों के सेनिटाइजरों के सेंपल लैब में भेजे गए, लेकिन इनमें से एक भी सेंपल फेल नहीं हुआ है। इस मौके पर उनके साथ शहरी थाना प्रभारी ओमबीर सिंह भी पुलिस टीम के साथ मौजूद थे।

# डाबोदा गांव में 8वां रक्तदान शिविर आज

**गुरुग्राम।** कोरोना महामारी काल से लगातार समाजसेवा में जुटे नवकल्प फाउंडेशन की ओर से कल मंगलवार 29 सितम्बर को 8वां रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। जिले के गांव डाबोदा में ग्राम पंचायत के साथ मिलकर नवकल्प व रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव साउथ सिटी द्वारा शिविर में सहयोग दिया जा रहा है। शिविर का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक का है। थैलीसीमिया के मरीजों के लिए नवकल्प फाउंडेशन रक्तदान शिविर लगातार लगाता आ रहा है। गुरुग्राम शहर के अलावा बाहर गांवों, कस्बों में भी संस्था द्वारा शिविर लगाए जा रहे हैं। नवकल्प फाउंडेशन के महासचिव डॉ. सुनील आर्य व डाबोदा गांव की सरपंच नीता यादव और समाजसेवी लक्ष्मण सिंह ने ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के लोगों से आग्रह किया है कि इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। रक्तदान महादान है। किसी का जीवन बचाने को हमें अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए।

# फाजिलपुर में रैली निकाल पोषण के प्रति किया जागरूक

### आंगनबाड़ी वर्कर, हेल्पर ने बच्चों के साथ निकाली रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम




गुरुग्राम के गांव फाजिलपुर में पोषण के लिए जागरुकता रैली निकालती आंगनबाड़ी वर्कर, हेल्पर व बच्चे।

**पोषण** के प्रति जागरुकता फैलाने को यहां फाजिलपुर गांव में आंगनबाड़ी वर्कर, हेल्पर की ओर से रैली निकाली गई। इस रैली में बच्चों को भी शामिल किया गया और सही पोषण देश रोशन के नारे लगाए।

महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश पर निकाली गई रैली का नेतृत्व कर रही फाजिलपुर गांव की आंगनबाड़ी वर्कर सरोज यादव ने कहा कि महिलाओं और बच्चों को सही पोषण देकर ही देश के बेहतर भविष्य को तैयार किया जा सकता है। महिलाओं को गर्भवती होने के साथ ही उन्हें उचित मात्रा में पोषक पदार्थ दिए जाने चाहिए। ये उनकी सेहत के लिए बहुत ही जरूरी हैं। सरोज यादव ने कहा कि आज देश में लाखों कुपोषित बच्चे इसलिए हैं कि उनके जन्म से पूर्व उनकी माताओं को भरपूर मात्रा में पोषण नहीं मिला। हमें स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए महिलाओं की सेहत का ख्याल रखना चाहिए। महिलाएं सुरक्षित तो जीवन सुरक्षित और जीवन सुरक्षित तो पूरा समाज सुरक्षित रहेगा।आंगनबाड़ी वर्कर संगीता ने कहा कि सरकार का हमेशा यही प्रयास रहता है कि महिलाओं और बच्चों को कुपोषण से बचाया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए मां और बच्चों के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं के लिए सुविधाएं दी जाती हैं। बचपन को बेहतर बनाने के लिए आंगनबाड़ी का अहम रोल होता है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि महिलाओं को उचित मात्रा में पोषण दें, ताकि वे अच्छे भविष्य का निर्माण कर सकें। इस मौके पर हेल्पर शीला, रेखा समेत काफी संख्या में महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

# बारूद के ढेर पर है सोहना की 25 हजार की आबादी

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

### बीच बाजार में दुकानों पर सरेआम भरे जा रहे हैं बडों से छोटे एलपीजी सिलेंडर

**सोहना** शहर का करीब 25 हजार की आबादी वाला क्षेत्र बारूद के ढेर पर है। शहर के अंदर बाजारों में तथा रिहायशी क्षेत्र में जलनशील, विस्फोटक और आतिशीबाजी के गोदाम बने हैं। ऐसे गोदामों में आगजनी या विस्फोट की घटना घटित होने से लोगों जान ले सकती है। सोहना बाजारों से लेकर आबादी क्षेत्र में पेंट, इंवेटर बैट्री, रसोई गैस की कालाबाजारी करने के लिए गैस सिलेंडर के गोदाम बने हुए हैं।

गोदाम चलाने वालों के पास न तो सुरक्षा को लेकर कोई इंतजाम है। न ही ऐसे दुकानदार व बड़े व्यापारियों ने प्रशासन से लाइसेंस लिए हुए हैं। इंवेटर बैट्रियों के गोदामों और पेंट की दुकानों पर भी सुरक्षा के कोई प्रबंध नहीं हैं। पेंट के साथ-साथ दुकानदारों ने जलनशील तेल की कैनों के भंडार बनाए हुए हैं। जो पेंट के साथ-साथ बिकते हैं। इसी प्रकार से रसोई गैस पर कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों ने भी अपनी दुकान और दुकान के साथ बने मकानों में सिलेंडरों के गोदाम बनाए हुए हैं। जो छोटे सिलेंडरों में ग्राहकों को भरकर बेचते हैं। दुकानदार अपनी दुकान के अंदर या दुकान के सामने सरेआम छोटे सिलेंडरों में भरकर देते हैं। ऐसे में विस्फोट होने का पूरा-पूरा खतरा बना हुआ है। शहर की आबादी क्षेत्र के अंदर ही आतिशबाजी के गोदाम घरों में बनाए हुए हैं।

### जांच और शिंकजा कसने की मांग

**शहरवासी** ऐसे विस्फोटक गोदामों को आबादी के क्षेत्र से बाहर निकालने की मांग कर रहे है। पंकज का कहना है कि संबंधित विभाग के अधिकारी ऐसे गोदामों की पड़ताल करे और उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए मामले दर्ज कराएं। ऐसे दुकानदारों को लाइसेंस लेने के लिए बाधित किया जाए। विस्फोटक और जलनशील पदार्थो की दुकान व गोदाम आबादी क्षेत्र से बाहर ही बनाने की अनुमति प्रदान की जाए।

### मई 2018 की घटना रौंगटे खड़े कर देती है

**शहरवासी** आज तक मई 2018 में शहर के अंदर घटित हुई आगजनी की घटना नहीं भूले हैं आज भी याद करते हैं तो यह घटना रौंगटे खड़े कर देती है। जिसमें घर के अंदर रखा पेंट और तारपिन के तेल में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। जिसमें मकान मालिक की पत्नी सहित घर में काम कर रहे कारपेंटर की आग में दम घुटने से मौत हो गई थी।

### जल्द की जाएगी जांच

**फुट** सप्लाई इंस्पेक्टर उमेश सिंह ने बताया कि आबादी क्षेत्र में ऐसे विस्फोटक सामग्री लेकर बैठें दुकानदारों के पर शिंकजा कसा जाएगा। जिनके लाइसेंस की जांच करने के साथ-साथ दुकान व गोदामों में सुरक्षा के इंतजामों की जांच होगी। दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# महंगी शराब का लेबल लगा कर करते थे अवैध सप्लाई

### अपराध शाखा मानेसर पुलिस ने दो आरोपियों को किया है गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सस्ती शराब पर महंगी शराब का लेबल लगाकर अवैध रूप से सप्लाई करने वाले दो आरोपियों को अपराध शाखा मानेसर की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मंहगी शराब के फर्जी लेबल बनवाकर जिन पर फॉर सेल सीएसडी ओनली लिखावाकर अवैध रूप में गुरुग्राम में सप्लाई करते थे।

अपराध शाखा प्रभारी मानेसर उप-निरीक्षक अमित कुमार की पुलिस टीम को अपने गुप्त सुत्रों के माध्यम से अवैध सस्ती शराब पर मंहगें लेबल लगाकर गुरुग्राम में अवैध रूप से सप्लाई होने के बारे में सूचना मिली। इस सूचना पर पुलिस टीम तैयार की और कानून की औपचारिकताओं को पूरा करते हुए पुलिस की छापेमारी टीम सूचना में बताए गए स्थान एसएस वाटिका सूरत नगर फेस-2 गुरुग्राम में पहुंची। जहां पर एक गोदाम में शराब की पेटियां रखी हुई मिली। पुलिस टीम द्वारा वहां से दो युवकों को काबू करके उनसे वहां पर रखी शराब में बारे में वैध कागजात व परमिट मांगे तो वो पुलिस टीम को कोई भी कागजात पेश नहीं कर सके। दोनों आरोपी यूपी के रहने वाले हैं। दोनों के नाम अनिरुद्ध पुत्र सुरेन्द्र निवासी लक्ष्मीखेड़ा, जिला उन्नाव यूपी, प्रेम पुत्र श्रीपाल निवासी काजीपुर, जिला हरदोई, उत्तर-प्रदेश हैं। आरोपियों के कब्जा से अवैध शराब बरामद होने पर आरोपियों के खिलाफ थाना राजेन्द्रा पार्क गुरुग्राम में एक्साईज एक्ट की सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया। दोनों आरोपियों को अभियोग में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ में हुआ ये खुलासा:** आरोपियों से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि ये यहां गोदाम पर अधिक मुनाफा कमाने के लिए सस्ती शराब की बोतलों पर महंगी शराब के लेबल लगाकर गुरुग्राम में अवैध रूप से सप्लाई करते हैं।

# एटीएम कार्ड से ठगी करने वाले गिरफ्तार

**पलवल।** पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव टीम ने तीन ऐसे शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर रुपयों की चपत लगा देते थे। प्राथमिक पूछताछ में आरोपियों ने तीन वारदातों का खुलासा किया है। गहन पूछताछ के लिए तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

डिटेक्टिव टीम इंचार्ज विश्व गौरव के अनुसार उनकी टीम जिसमें हैड कांस्टेबल अजीत, सिपाही अमित कुमार, संजय कुमार व सरकारी गाड़ी चालक लुकमान 27 सितंबर की रात को राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर गश्त पर मौजूद थे। उसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर चपत लगाने वाले तीन आरोपी हाईवे पर केएमपी पुल के नीचे मौजूद हैं। दबिश देकर तीनों आरोपियों को काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम गौरखां निवासी मुढीबास थाना लुहिंगा पुन्हना, रहीश व जमशेद निवासी पिपरोली पुन्हाना बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस पर आरोपियों को हिरासत में लेकर छोड़ने का आरोप



**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत गांव जोरासी में युवक की हत्या के मामले में पीड़ित परिजनों ने पुलिस पर मामले में शामिल आरोपियों को हिरासत में लेकर छोड़ने का आरोप लगाया है। सोमवार को गुस्साए परिजन बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ तावडू सदर थाने में पहुंचे और पुलिस के सामने रोष प्रकट कर आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की। गांव जोरासी निवासी कृपाल सिंह, जगमाल सिंह, पूर्व सरपंच धर्मपाल, अनिल, करतार, खजान सिंह, प्रह्लाद, संतोष, माया देवी व कृष्णा ने बताया कि गत 23 सितंबर की रात को रोहित पुत्र बलवंत सिंह निवासी जौरासी की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। ग्रामीणों का आरोप है कि हत्या का मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों को हिरासत में ले लिया था। लेकिन पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर छोड़ दिया। सोमवार को मृतक युवक के परिजन ग्रामीणों के साथ मिलकर तावडू सदर थाना प्रभारी बलदेव और डीएसपी सुरेंद्र सिंह से मिलने पहुंचे। इस मामले में तावडू सदर थाना प्रभारी बलदेव सिंह ने पुलिस द्वारा आरोपियों को हिरासत में लेकर छोड़ने के आरोप को बेबुनियाद बताया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले में गहनता से जांच कर रही है। बता दें कि गत 23 सितंबर की देर रात रोहित पुत्र बलवंत निवासी जौरासी के परिजनों को उस समय मौत की खबर मिली जब वह खेतों में काम करने गया था। जिसके बाद मृतक रोहित के पिता बलवंत की शिकायत पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

### युवा संगठन ने मनाया शहीद भगत सिंह का जन्मोत्सव



**तावडू।** युवा संगठन द्वारा सोमवार को शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इस दौरान युवाओं ने शहीद भगत सिंह अमर रहे, भारत माता की जय का गगनभेदी उद्घोष भी किया। युवा संगठन तावडू के अध्यक्ष भूपेश कुमार, सुशील सहरावत, मास्टर राजेश सहरावत, भोले सहरावत, सोमबीर, प्रमोद, मनीष, अक्षय, विजेंद्र जोनवाल, रंजीत, अनिल, सिद्धार्थ, गौरव, सौरभ, दिनेश के अलावा कई अन्य युवाओं ने राष्ट्रनायकों का उद्घोष कर उनका स्मरण किया तथा उनके पथ पर चलने का संकल्प लिया। युवाओं ने शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, वीर सावरकर, अशफाक उल्ला खां, खुदीराम बोस अमर रहे, वंदे मातरम् का गगनभेदी उद्घोष किया। इस दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष भूपेश कुमार ने कहा कि शहीद भगत सिंह का जीवन राष्ट्रभक्ति का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे राष्ट्रपुरूषों के जीवन को मूर्तरूप देना ही उन्हें नमन करना है। उन्होंने कहा कि शहीदों के स्मरण से भावी पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा मिलती है। 23 वर्ष की आयु में शहीद भगत सिंह ने राष्ट्र रक्षार्थ अपने प्राणों का उत्सर्ग किया। वहीं शहीद भगत सिंह स्कूल के संचालक मास्टर राजेश सहरावत ने शहीद भगत सिंह के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए।

### कागजों में चल रहे कंटेनमेंट जोन, हकीकत में नहीं कोई प्रबंध

**सोहना।** सोहना में कागजों पर चल रहे हैं कंटेनमेंट जोन। जबकि कंटेनमेंट जोन में सुरक्षा की दृष्टि से न बैरिकेडिंग, न ही आइसोलेट कोरोना संक्रमितों के घरों से बाहर निकलने पर पाबंदी है। कोरोना संक्रमित बाजार से घरेलू सामान खरीदने से लेकर अपने जरूरत के कार्यों को करने में जुटे हैं। सोहना शहरी क्षेत्र में कोरोना के करीब 35 मामले हैं। जिनको लेकर प्रशासन की तरफ से शहर में पांच कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं। जिसमें न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, डिफेंस कॉलोनी, ठाकुरवाड़ा, शिव कॉलोनी व बनियावाड़ा शामिल है, लेकिन कंटेनमेंट जोन शहर में मजाक बनकर रह गए हैं। जहां पर बैरिकेडिंग तो दूर कोरोना संक्रमितों को प्रशासनिक अधिकारी घरों के अंदर आइसोलेट तक नहीं करा पा रहे हैं। जबकि कंटेनमेंट जोन के आस-पास क्षेत्र को बफर जोन बनाने का नियम साथ-साथ लागू होता है। भूपेन्द्र का कहना है कि कंटेनमेंट जोन को हकीकत का रूप देना होगा। ताकि कोरोना संक्रमित अन्य लोगों तक न पहुंच सके। वह अपने घर में रहकर उक्त बीमारी से मुक्त हो सके। मुकेश का कहना है कि कोरोना संक्रमित अपने आप से भी सुरक्षा के नियम नहीं अपना रहे हैं। जो घर में बैठकर किराना की दुकान चला रहे हैं। दुकानदारी के दौरान कोरोना संक्रमित अन्य लोगों को भी यह बीमारी फ्री में बांट रहे हैं। इस संबंध में नार्डल अधिकारी नगरपरिषद के एक्सईएन अजय पंगाल ने भी कोई जानकारी नहीं दी। जबकि नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने बताया कि उन्होंने नगर परिषद के एक्सईएन व कार्यकारी अधिकारी को पत्र लिखकर कंटेनमेंट जोन में बैरिकेडिंग करने के लिए कह दिया गया है।

### घाटी में हाइवा डंपर कार से भिड़ा, ऑटो पलटने से एक की मौत

**सोहना।** सोहना घाटी से उतरते समय बेकाबू हाइवा डंपर की टक्कर से एक के बाद एक तीन वाहन आपस में भिड़ने से एक की मौत हो और दो घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल से गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। सोमवार सुबह ग्यारह बजे सोहना घाटी में उतरते समय हाइवा डंपर बेकाबू हो गया। डंपर ने सामने जा रही कार को टक्कर मार दी। कार सामने चल रहे सवारियों से भरे ऑटो से जा टकराई। ऑटो पलटने से एक युवक की मौत हो गई और दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जिनकी पहचान जयदेव पुत्र राकेश उम्र 20 वर्ष निवासी तावडू जिला नूंह तथा मंजे कुमार पुत्र अयोग्य यादव निवासी बिहार उम्र 26 वर्ष के रूप में हुई है। जब हाइसे में मरने वाला युवक की पहचान आशीश पुत्र शिव कुमार निवासी गांव पृथला जिला पलवल उम्र 20 के रूप में हुई है। जो अपनी बुआ के घर से दवाइया लेने के बाद घर आ रहा था। ऑटो में सवार चालक समेत अन्य यात्री सुरक्षित बच गए। एएसआई कश्मीर सिंह ने बतायास कि मृतक आशीष का शव पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पिता की शिकायत पर आरोपी हाइवा डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### जयंती पर युवाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया



**पलवल।** शहीद भगत सिंह जयंती के अवसर पर गांव किठवाड़ी में 1600 मीटर दौड़ व 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए 800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में गांव के युवकों ने दौड़ में काफी उत्साह दिखाया। 1600 मीटर की दौड़ में गांव के ही हेमराज दलाल ने सबको पीछे छोड़ दिया व प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि दूसरा स्थान गांव के ही कपिल ने हासिल किया। तीसरा स्थान बसंतगढ़ के राहुल ने हासिल किया। 800 मीटर की दौड़ में सबको पीछे छोड़ते हुए निशांत रावत ने पहला स्थान हासिल किया। दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन केशव रावत के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर गांव के बुजुर्ग चौधरी वीरसिंह दलाल, चौधरी जगबीर सिंह व केशव रावत ने मिलकर विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उनका परिचय लिया। गांव के युवा केशव रावत ने कहा कि युवाओं को शहीद-ए-आजम भगत सिंह के विचारों के बारे में पढ़ना चाहिए। इस मौके पर फते नंबरदार, जस्सी दलाल हेमराज दलाल, जगत सिंह दलाल, विपिन दलाल, दिनेश दलाल, इंद्रपाल दलाल, वीरसिंह, दीपक दलाल, नीरज दलाल, मणिकांत दलाल व युवा आगाज़ संगठन से दिनेश रावत मौजूद रहे।

# यदि दिल का नहीं रखा ख्याल तो कोरोना ले सकता है जान

कविता। फरीदाबाद

जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा 19 हजार के पार पहुंच चुका है। वहीं दूसरी तरफ मृतकों की संख्या का आंकड़ा 216 पर पहुंच गया है। सूत्रों का कहना है कि मृतक पॉजिटिव में काफी संख्या में हृदय रोगी भी शामिल थे। चिकित्सकों का कहना है कि यह वायरस दिल के मरीजों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। इससे लोगो को हार्ट अटैक होने के चांस बढ़ रहा है।



### धडकनों पर इफेक्ट

कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एलके झा ने बताया कि जिन मरीजों को हार्ट की बीमारी नहीं है उन्हें यदि कोरोना है, तो यह पांच से 10 प्रतिशत पॉजिटिव मरीजों के हृदय पर असर डालता है। उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ्य व्यक्ति की सामान्य हृदय गति 60 और 100 बीट प्रति मिनट के बीच होती है। लेकिन कोरोना संक्रमित रोगियों में अधिकतम हृदय गति 42 एमबीपी और न्यूनतम 30 एमबीपी पाई जा रही है, जो काफी कम है। ऐसे में कोरोना दिल से जुड़ी समस्याओं को भी पैदा करता है और उन्हें बढ़ाता है।

### पॉजिटिव और मौत

डॉ. झा ने बताया कि कोरोना संक्रमण से ठीक हो चुके लोग अगर हृदय रोगी हैं तो उनमें दोबारा संक्रमण की आशंका बनी रहती है। क्योंकि, यह वायरस फेफड़ों पर असर डालता है। हार्ट के मरीजों में कोरोना डेथ रेट ज्यादा है। उन्होंने बताया कि कोरोना हार्ट की मांसपेशियों में सूजन बढ़ा देता है, जिससे मांसपेशियां कमजोर होकर ब्लॉक हो जाती हैं। नार्मल मरीज में सर्दी, जुकाम आसानी से ठीक हो जाता है, लेकिन यदि किसी हृदय रोगी को कोरोना संक्रमण हो जाए, उसकी सांस फूलने लगती है और उसकी मौत होने का खतरा बढ़ जाता है।

### रखे दिल का ध्यान



डॉ. एलके झा ने बताया कि कोरोना पॉजिटिव अधिकतर हृदय रोगी अस्पताल में भर्ती होते है, लेकिन यदि हृदय रोग नहीं और कोरोना है तो उन्हें स्वयं हार्ट बीट जांच करते रहता चाहिए। हार्टबीट कम या अधिक हो तो उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती हो जाना चाहिए।
उन्होंने बताया कि कोरोना में मरीजों को हार्ट अटैक अधिक होता है। ऐसे में दाखिल मरीजों की तो नियमित हार्ट की स्क्रीनिंग और इको टेस्ट करवाये जाते है, लेकिन घर पर आईसोलेट मरीजों को इसका ध्यान रखना होगा।

## भगत सिंह की जयंती पर लगाया रक्तदान शिविर



पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

आदर्श रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन आरडब्ल्यूए द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 100 लोगों ने किया रक्तदान। आदर्श रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन आरडब्ल्यूए द्वारा शहीद भगत सिंह जयंती के शुभ अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 100 लोगों ने रक्तदान किया और उन सभी रक्त वीरों का उत्साह बनाने के लिए मुख्य अतिथि मूलचंद शर्मा कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा कि आज आजाद हिंदुस्तान में खुली हवा में सांस लेना वीर शहीदो की कुर्बानी ओर उनके बलिदान से ही संभव हो पाया है। गुलामी की बेड़ियों को काटने के लिए वीर सपूतों ने अपना जीवन देश के लिए त्याग किया था। उन्होंने कहा कि शहीदों के सपनों का आज भारत आदरणीय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में दिन दूनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है। देश की मजबूत सेना आज सीमाओं पर रहकर देश की रक्षा के लिए उसी जज्बे के साथ खड़ी है जिस जज्बे से देश को आजाद कराने में उस समय वीरों ने अपनी भूमिका निभाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्लाज्मा के लिए लोगों को कर रहे जागरूक



**फरीदाबाद।** जिले की अग्रणी सामाजिक सामाजिक संस्था के द्वारा फ़रीदाबाद शहर मे विभिन्न स्थानो पर प्लाज्मा के लिए लोगो को जागरूक करने के उदेश्य के लिए जिला प्रशासन के दिशा-निर्देश पर अलग अलग स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इस मुहिम का नाम जीवन रक्षक दिया गया है। मिशन जागृति के संगठन सचिव और जीवन रक्षक प्रोजेक्ट के मुख्य संयोजक दिनेश राघव ने बताया कि फरीदाबाद मे अभी तक 12 नाटक किए जा चुके है हमने लेजर वेली पार्क, ड़बुआ कॉलोनी, एसजीएम नगर, टाउन पार्क, सेक्टर 16, सेक्टर 21, सेक्टर 17 में लोगो को जागरूक किया है। दिनेश राघव ने बताया कि अभी भी लोग खुद से आगे नहीं आ रहे है जबकि लोगो को खुद से आगे आकर किसी के लिए जीवन रक्षक बन सकते है। उन्होंने बताया कि इस जागरूकता अभियान मे संस्था के स्वयं सेवक खुद से ही आगे आ कर नुक्कड़ नाटक करते है। संस्था के सभी साथी इस मुहिम मे जी जान से प्रशासनका साथ दे रहे है। संस्था के महेश आर्य, विपिन शर्मा, राजेश भूटिया, विकाश कश्यप, अशोक भटेजा, विपिन भारद्वाज, राजेंद्र नागर, हिमांशु भट्ट, गुरनाम सिंह, दिनेश सिंह, रूपा तिवारी, कल्पना राजपूत, कृष्ण राजपूत, शुशमिता भौमिक, मोहिनी, प्रीति सैनी, सुनीता रानी, लता सिंगला, अरुणा चौधरी, भावना चौधरी, प्रभा सोलंकी, पूजा शर्मा, गुरमीत सिंह, निर्दोष सैनी, धर्मेंद्र, अभिषेक, गौरव भारद्वाज, संजय पाल, विकास कुमार के साथ-साथ मिशन जागृति के जिला अदायक्ष विवेक गौतम का विशेष योगदान होता है। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस के संयोजक उमेश अरोड़ा ने कहा कि मिशन जागृति का प्रयास बहुत ही सराहनीय है पर लोगो को खुद से भी आगे आना चाहिए। इस अवसर पर मिशन जागृति के जिला उपद्यक्ष राजेश भूटिया ने लोगों को कहा कि इस महामारी मे सबको एक दूसरे का साथ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिशन जागृति हमेशा समाज सेवा मे लगी रहेगी और इसी प्रकार लोगो को जागरूक करती रहेगी।

### देशभर में लग्जरी कार चोरी करने वाला पकड़ा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 प्रभारी विमल की टीम ने एक लग्जरी कार चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके लिए सिर्फ शोक ही सबसे बड़ी चीज है। जो बड़े ही कोंफिड़ेंस के साथ घर में दाखिल होता और साही तरीके से गाडी चुरा कर वहा से फरार हो जाता था। जानकारी के मुताबिक रोबिन उर्फ़ राहुल उर्फ़ हेमंत उर्फ़ जोनी पुत्र टीटू राम निवासी जवाहर नगर हिसार को सेक्टर-31 थाने में दर्ज 31 अगस्त को मुकदमा नंबर 309 में दर्ज चोरी की गई फॉर्चुनर कार के आरोप में बदरपुर बॉर्डर एरिया से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में चोरी व पीओ व समेत करीब 50 मुकदमे देश के अलग अलग राज्यों में दर्ज है। हाल में जेल से बाहर आने के बाद आरोपी ने एक फॉर्चुनर कार जोधपुर राजस्थान, एक फॉर्च्यूनर फरीदाबाद, एक फॉर्च्यूनर गाजियाबाद, व एक जीप कंपास गुरुग्राम से चोरी की थी। आरोपी के कब्जे से फरीदाबाद से चोरी फॉर्च्यूनर बरामद कर ली गई है। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा जा रहा है। गुड़गांव गाजियाबाद और राजस्थान पुलिस को इस बारे में सूचित किया जा रहा है।

### जलभराव से बढ़ा बीमारी फैलने का खतरा



**फरीदाबाद।** सेवा संस्था के सदस्यों ने सेक्टर-56 आशियाना फ्लेट्स में कोरोना बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान आशियाना में चारों ओर व्याप्त गंदगी देखी इस गंदगी से पूरे आशियाना की सड़कें, पार्क व नालियां भरी पड़ी हैं। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे पड़े हैं। इससे वहां रहने वाले लोगों में भयंकर बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। हुड्डा प्रशासन ने लोगों को फ्लैटस बनाकर तो दिए पर वहां सफाई, पानी, सीवर की सफाई आदि मूलभूत सुविधाओं की और कोई ध्यान नहीं दिया न ही दे रहा है। वहां के निवासियों ने संस्था के सदस्यों को बताया कि हमारा जीवन इन फ्लैट्स में आकर नर्क से भी बदतर हो गया है। पानी के समस्या को लेकर भी लोगों ने बताया की पानी की सप्लाई ऑपरेटर अपनी मर्जी से करता है एक बार वो भी रात में, इसकी वजह से लोगों को रात में जागना पड़ता है। संस्था के वरिष्ठ सदस्य मंजू गुप्ता व बृजेश नागर ने आशियाना के लोगों को आश्वासन दिया की वे जल्द ही प्रशासन से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण कराने की कोशिश करेंगे।

### चोरी के वाहनों के साथ गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईआई ने एक शातिर चोर पवन को फरीदाबाद के थाना सेक्टर 31 में 23 अगस्त को दर्ज मुकदमे व थाना कोतवाली में 12 जुलाई को दर्ज मुकदमा नंबर 368 के तहत गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर सेक्टर 17 बाइपास से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से मुकदमा नंबर 289 के तहत एक रॉयल इनफिल्ड मोटरसाईकिल व मुकदमा नंबर 368 के तहत एक स्कूटी हौंडा एक्टिवा बरामद की गई। आरोपी पवन पुत्र मुकेश डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद का रहने वाला है। पुछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था परन्तु लॉकडाउन के चलते उसे नौकरी से निकाल दिया गया जिसके चलते उसने चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### 81 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** प्रथम रविंद्र फागना टी-20 क्रिकेट लीग में एक्स अंडिफ़ीटेड आर्मी इलेवन ने राइज़िंग क्रिकेट अकादमी (सोहना) को 81 रन से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीबीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि ये मैच 20-20 ओवर का है, ये मैच एक्स अंडिफ़ीटेड आर्मी इलेवन ओर राइज़िंग क्रिकेट अकादमी (सोहना) के साथ खेला गया। राइज़िंग क्रिकेट अकादमी (सोहना) ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। एक्स अंडिफ़ीटेड आर्मी इलेवन टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 240 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए राहुल दलाल ने 83 रन, अरुण छपराणा ने 64 रन और प्रमोद चंदिला ने 54 रन बनाए। राइज़िंग क्रिकेट अकादमी (सोहना) टीम की और से गेंदबाजी करते हुए मनोज डागर,आशीष लड्डू ओर भविंद्र भोलू ने 1-1 विकेट लिए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए राइज़िंग क्रिकेट अकादमी (सोहना) टीम ने 18.5 ओवर में 10 विकेट पर 159 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा।

### अरावली पर्वतमाला में स्वच्छता अभियान चलाया

**फरीदाबाद।** आगमन स्वच्छता कार्यक्रम के तहत अग्रसेन स्वेशिश एलपीएस सोसायटी द्वारा अरावली पर्वत माला में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत हरकेश जोहर के नेतृत्व में चलाया गया। स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में हरियाणा रेडक्रास सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता के पति प्रमोद गुप्ता, प्रभुदयाल, अनिल मंगला, डा. मनोज दास, रामवीर भड़ाना, राजकुमार शर्मा, राजीव शर्मा, गजराज नागर, हरीश गुप्ता, सुनील शर्मा, गोपाल आदि का विशेष सहयोग रहा। स्वच्छता कार्यक्रम की शुरूआत ब्रह्म ऋषि पाराशर की तपोभूमि परसोन मंदिर से की गई। स्वच्छता अभियान में शामिल लोगों ने अरावली पर्वतमाला में पड़ी गंदगी को उठाकर बैग्स में भरा तथा डंपिग यार्ड में डलवाया। कार्यक्रम के अंत में हरकेश जौहार ने कहा कि स्वच्छ रहेगा इंडिया तभी तो आगे बढ़ेगा इंडिया।

## किसान व मजदूरों के हकों पर कुठाराघात : शर्मा

**-कांग्रेस द्वारा श्रमिक हित में बनाए कानून भी भाजपा ने बदल दिए**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने कहा है कि भाजपा सरकार किसानों के साथ मजदूर विरोधी भी है। तीन कृषि विधेयकों के साथ ही भाजपा ने संसद में नए श्रम विधेयक को भी पारित करा लिया है। इसमें कांग्रेस द्वारा श्रमिक हित में बनाए गए श्रम कानूनों को बदल दिया गया है। अब मजदूर 60 दिन का नोटिस दिए बिना हड़ताल नहीं कर सकता। इसके अलावा जब तक किसी भी ट्रिब्यूनल में मजदूर या मजदूरों का मामला लंबित होगा, तब तक उस पर हड़ताल नहीं की जा सकती। कंपनी या फैक्ट्री मालिक सिर्फ उसी मजदूर संगठन की बात सुनेगा, जिसमें कंपनी के 51 फीसद मजदूर सदस्य होंगे। बता दें, भाजपा सरकार ने संसद में तीन विधेयक पारित कराए हैं। इनमें इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड बिल 2020, सोशल सिक्योरिटी कोड बिल 2020, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड बिल 2020 शामिल हैं। विधायक नीरज शर्मा के अनुसार तीनों श्रम कानून पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाले हैं। शर्मा के अनुसार भाजपा सरकार ने जिस तरह किसानों के हितों के खिलाफ तीन काले कानून बनाए हैं, उसी तरह मजदूरों का हक मारने के लिए भी तीन काले कानून बनाए हैं। इन बिलों का कांग्रेस विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि वे मजदूरों के बीच जाकर उन्हें इन काले कानूनों के बारे में जागरूक करेंगे। इसके लिए वे फैक्ट्रियों के समक्ष गेट मीटिंग करने की भी योजना बना रहे हैं।

## कृषि अध्यादेश को लेकर किसानों को किया जागरूक

**फरीदाबाद।** जेजेपी के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों ने किसानों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत किसानों के बीच गांव-गांव जाकर कृषि अध्यादेश को लेकर जागरूक किया जा रहा है। वही किसान भी कृषि अध्यादेश का स्वागत कर रहे हैं। ग्रामीण जिला अध्यक्ष तेजपाल डागर और शहरी जिलाध्यक्ष अरविंद भारद्वाज ने बताया कि किसान अध्यादेश को लेकर सरकार के साथ हैं। पृथला के गांव चंदावली, मलेरणा और जाजरू में जे जे पी के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों ने किसानों के बीच जाकर उनको कृषि अध्यादेश के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और बताया कि कृषि अध्यादेश किसानों के पूरी तरह से हित में है। वहीं उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला लगातार किसानों के हित की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## साथी को गोली मारने वालों की गिरफ्तारी के लिए वकीलों ने की हड़ताल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जिला बार एसोसिएशन के वकीलों ने हरेन्द्र करसाना एडवोकेट के समर्थन में काम-काज बन्द रखा। बार के महासचिव नरेन्द्र पाराशर व अन्य पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। जिसमें वर्क्स सस्पेंड रखने का निर्णय लिया गया। काम काज बंद करने की जानकारी सभी पदाधिकारियों ने कोर्ट में दी और सुबह से ही भारी संख्या में वकील लॉबी में आकर बैठ गए। उन्होंने दोषियों के खिलाफ जल्दी से जल्दी कार्यवाही करने की मांग की। सभी वकीलों ने एक आवाज में दोषियों को तुरन्त गिरफ्तार करने की मांग की। गौरतलब है कि वकील हरेन्द्र करसाना व उसके बड़े भाई को जान से मारने की नीयत से इन्ही के गांव के निवासी मनोज मागरिया व उसके भाईयों ने गोलियों से हमला किया। जिसमें तीन गोली अधिवक्ता हरेंद्र को लगी और दो गोली उसके भाई को लगी है। दोनों भाईयों को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जहां भी दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। मनोज मागरिया ने क्रास केस बनवाने के लिए झूठी गोली अपने साथी को मार कर एशियन हॉस्पीटल में भर्ती करा दिया है। यह तरह का हथकंडा सरासर गलत है। बार काउंसिल के पूर्व मनोनित सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि दोषियों के खिलाफ तुरन्त कार्रवाई की जानी चाहिए। बार के पूर्व प्रधान जेपी अधाना ने कहा कि दोषियों को तुरन्त गिरफ्तार किया जाना चाहिए। इस मौके पर बार के पूर्व प्रधान एनके गर्ग, प्रदीप परमार, सतबीर शर्मा, ललित बैंसला, जगदीश अधाना, वाइस चेयरमैन भारत गर्ग, रविन्द्र भाटी, अजय भडाना, ब्रहमदत्त शर्मा, विजय शर्मा, धर्मेन्द्र, हेमराज कपासिया, दीपक खटाना, धर्मेन्द्र फागना, दीपक खटाना, प्रवीन कपासिया, सतपाल नागर, अनिल तोमर, सतीश चौहान, मुबिन खान, मनोज, पवन कौशिक, नरेन्द्र कौशिक, अशोक कुमार आदि सैंकडो वकील मौजूद थे।

## कांग्रेस ने मनाई शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आनंद कौशिक के अनुज बलजीत कौशिक ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 113वीं जयंती पर एनएच-5 स्थित शहीद भगत सिंह चौक पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वीरता एवं पराक्रम की उनकी गाथा देशवासियों को युगों-युगों तक प्रेरित करती रहेगी। बलजीत कौशिक ने कहाकि शहीद भगत सिंह ने देश में मेहनतकश जनता के राज के लिए जीवन कुर्बान कर दिया। उनके बताए रास्ते पर नौजवानों को चल कर नए समाज के निर्माण को आगे बढ़ना चाहिए। हम शहीद भगत सिंह जैसे महान सपूतों को उनकी जयंती तथा पुण्यतिथियों पर ही याद करने लगे हैं, जबकी वह हमारे देश की ऐसी धरोहर हैं जिनको हमें सुबह शाम याद करना चाहिए, क्योंकि उनकी बदौलत ही आज हम आजादी की हवा में सांस ले पा रहे हैं। उन्होने कहा कि हमें चाहिए कि हम अधिक से अधिक सडकों व भवनों का नाम इन महान सपूतों के नाम पर रखें ताकि हमारी अगली पीढियां इनके जीवन से सबक ले सकें। इस मौके पर डा. सौरभ जिला अध्यक्ष ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस, एडवोकेट विनोद कौशिक, एलएन मित्तल, सुभम मित्तल, लालचंद शर्मा, बबलू चौधरी, सत्य नारायण, राम प्रवेश, रवि, गजना लम्बा, रामदास कटारिया आदि लोग मौजूद थे।

## शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 ने अंकित उर्फ राका निवासी खेडी कला फरीदाबाद को गुप्त सूत्रों की सुचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। क्राईम ब्रांच सेक्टर 30 ने बताया कि आरोपी अंकित को गांव खेडी के बस स्टैंड से 27 सितम्बर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से एक देशी कट्टा बरामद किया गया है क्राईम ब्रांच सेक्टर 30 ने बताया कि आरोपी ने प्रवीन, टिंकू, सोनू, अजीत व अन्य साथियों के साथ मिलकर मछली मार्किट सैक्टर 22 में अंसार अली नाम के लड़के के हाथ पैर तोड़े थे और हवाई फायर किया था। जिसका मुकदमा नंबर 220 थाना बीपीटीपी मे दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया आरोपी अंकित को अदालत से 3 दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

## नकली घी और भांग के व्यापारी रिमांड पर

**फरीदाबाद।** सेक्टर-तीन से रविवार को सीएम फ्लाईंग के छापे के दौरान पकड़े गए, नकली घी बनाने व भांग की गोली बेचने वाले दोनो दुकानदारों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें पुलिस को चार दिन के रिमांड पर दिया है।

जानकारी के मुताबिक सीएम फ्लाइंग के डीएसपी देवेंद्र यादव के नेतृत्व में रविवार को छापेमारी में हरियाणा में प्रतिबंधित भांग की गोलियां बरामद हुई। इसके अलावा दुकान के ऊपर बने मकान के कमरे में अमूल, मदर डेयरी, वीटा, मिल्क फ़ूड जैसे बड़े ब्रांड के नाम से नकली घी की पैकिंग भी की जा रही थी। दुकानदार रवि की दुकान के ऊपर बने कमरे में नकली देसी घी की ब्रांडेड कंपनियों के रैपर व डिब्बों में पैकिंग की जा रही थी। छापा मार टीम ने करीब 60 किलो पैक देसी घी, 3 किलो खुला हुआ घी, रैपर, सील, डिब्बे, भगोना, सिलेंडर सहित अन्य सामान बरामद किया। इसी प्रकार के रवि के भाई राजेश की दुकान में से भांग की गोली के भरे साढ़े 3 कट्टे पाए गए। जिनका वजन करीब 115 किलो से अधिक था।

## कोरोना: एक मौत, 195 पॉजिटिव से आंकड़ा 19,494

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**ये है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल सैम्पल | 196441 |
| रिपोर्ट आई नेगेटिव | 176626 |
| रिपोर्ट आनी है बॉकी | 321 |
| अब तक पॉजिटिव | 19494 |
| अब तक कुल ठीक | 17978 |
| अब तक कुल मौत | 216 |
| गंभीर हालत में भर्ती | 46 |
| आईसीयू में भर्ती | 11 |

जिले में सोमवार को कोरोना पॉजिटिव 248 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 92.2 प्रतिशत हो गया। वहीं 195 पॉजिटिव सामने आने से कोरोना का आंकड़ा 19,494 पर पहुंच गया। जिले में पिछले 24 घंटे में एक कोरोना पॉजिटिव ने दम तोड़ दिया। सोमवार को बीके अस्पताल में एसपीओ भर्ती में शामिल हुए कर्मी जब जांच करवाने पहुंचे, तो उनसे सैम्पल करवाने के पैसे मांगे गए, जिस पर वह घंटो लैब के बाहर खड़े रहे।

### मृतक और पॉजिटिव

सेक्टर-आठ निवासी कोरोना पॉजिटिव 57 वर्षीय एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। व्यक्ति कोरोना के अलावा अन्य कई बीमारियों से ग्रस्त था। वहीं 195 पॉजिटिव में पुलिस प्रवक्ता समेत, सेक्टर-46, बडखल, जीवन नगर, आदर्श नगर, इंदिरा इंक्लेव, पन्हैड़ा खुर्द, सीकरी, इंदिरा नगर, मेवला महाराजपुर, बड़ौली, छायंसा, शिव बिहार, नंगला, फ्रैंडस कालोनी, बल्लभगढ़, एसजीएम नगर, दयाल नगर, चावला कालोनी से 1-1 मरीज है। सेक्टर-3, 7, 17, 11, 6, 86, 14, 10, 37, 88, 77, 49, ओल्ड फरीदाबाद, पर्वतीया कालोनी, धीरज नगर, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, भूड कालोनी, जनता कालोनी, दौलताबाद, अमरनगर, लकडपुर, पल्ला, विजय नगर, तिगांव, आरपीएस सभाना, जवाहर कालोनी, सिही, अनखीर, भांकड़ी, वेदराम कालोनी, अनंगपुर, राजीव कालोनी, भीकम कालोनी, राज सिंह कालोनी, सेहतपुर, शास्त्री कालोनी, भगत सिंह कालोनी, एनएच-5, 3 से 2-2 मरीज है। सेक्टर-8, 49, 19, 16, 81, 84, 15, 48, 82, अशोका इंक्लेव, एसी नगर, सैनिक कालोनी, एनएच-2, 4 से 3-3 मरीज है।

## साइबर ठगी के मामले में आठ और आरोपी गिरफ्तार

**जामताड़ा और कर्नाटका से किया आरोपियों को गिरफ्तार**

**पुलिस ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपियों के खिलाफ लगातार एक के बाद एक कर रही हैं बड़ी कार्यवाही**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




साइबर अपराध थाना पुलिस ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपियों के खिलाफ लगातार एक के बाद एक बड़ी कार्यवाही कर रही हैं। अब साइबर अपराध पुलिस ने जामताड़ा और कर्नाटका से ऑनलाइन ठगी करने वाले 8 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आपको बता दें कि हाल ही में साइबर सेल ने जामताड़ा से पांच आरोपियों अजय, शत्रुघ्न, सौरभ, भारत, नरेंद्र को गिरफ्तार किया था। इस मुकदमे को सुलझाते हुए आरोपियों से अदालत ने आरोपी अजय और शत्रुघ्न का पुलिस रिमांड मंजूर कर अन्य 3 आरोपियों को जेल भेज दिया था। आरोपी शत्रुघ्न और अजय ने बताया कि उनके इस काम में उनके अन्य साथी भी वारदात को अंजाम देते हैं। आरोपी शत्रुघ्न और अजय की निशानदेही पर पुलिस ने आरोपियों को जामताड़ा और कर्नाटका से गिरफ्तार किया है। प्रेस वार्ता के दौरान एसीपी धारना यादव ने बताया कि आरोपियों ने मुकदमा नंबर 296 में मिठास पिंटो निवासी आईपी कॉलोनी फरीदाबाद से 4जी से 5जी सिम अपग्रेड करने के नाम पर 1 लाख 9 हजार रुपए की ठगी की थी। इसके अलावा आरोपियों ने मुकदमा नंबर 306 सेक्टर 31 के मामले में एक महिला प्रतिभा अग्रवाल निवासी सेक्टर 28 से सिम अपग्रेडेशन के नाम पर 1 लाख 30 हजार की धोखाधड़ी की थी। आरोपियान टेलीकाम कम्पनी के कर्मचारी बनकर लोगो के पास काल करते थे और उनकी सिम को 4जी से 5जी सिम मे अपग्रेड करने का झांसा देते थे।

उसके बाद आरोपीयान लोगों को उनकी सिम कार्ड नंबर से अपनी ब्लैक सिम का आईएमएसआई नंबर कस्टमर केयर नंबर पर भेजने को कहते थे। लोगों के सिम कार्ड को अपनी सिम पर एक्टिवेट कर आई.फोन व लिंक बैक अकांउट को हैक कर नेट बैंकिग के जरिए उनके खाता से पैसे निकाल लेते थे। इंस्पेक्टर बसंत चौहान प्रभारी साइबर अपराध थाना ने बताया कि नेट बैंकिंग के जरिए खातों को चलाने के लिए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर की जरूरत होती है तो आरोपी लोगों के मोबाइल नंबर को अपनी सिम पर चालू करा लेते थे। ताकि वह ओटीपी अपने मोबाइल फोन पर मंगा सके और आसानी से पैसे निकाल सकें।

## शहीद भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह को उनकी 113 वीं जयंती के अवसर पर याद किया तथा श्रद्धांजलि दी गई।

महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह के योगदान को याद करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि भगत सिंह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारी नायक थे। उनका व्यक्तित्व युवाओं को एक आदर्श नायक के रूप में आकर्षित करता है। आज युवाओं को भगत सिंह के बलिदान और देश के लिए उनकी सोच के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# संयुक्त राष्ट्र में मोदी

## महामारी प्रबंधन पर जोर

**इस** वर्ष संयुक्त राष्ट्र महासभा-यूएनजीए का सत्र अनेक प्रकार से महत्वपूर्ण है। महामारी की छाया में होने वाला यह पहला वर्चुअल सत्र है। यह पहला सत्र है जब वि-वैश्वीकरण के साथ संरक्षणवादी विमर्श लौटता दिख रहा है तथा दुनिया ध्रुवों में विभाजित दिख रही है। यह इस महान संस्था की 75वीं वर्षगांठ है, अत: यह समय पीछे देख कर सदस्य देशों द्वारा महामारी-पश्चात दुनिया में अपनी सहभागी भूमिका सुनिश्चित करने का भी समय है। इसका विषय-'हमारी इच्छा का भविष्य, हमारी इच्छा का संयुक्त राष्ट्र: बहुराष्ट्रीयता के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता तथा प्रभावी बहुपक्षीय कार्रवाई द्वारा कोविड-19 का मुकाबला', हमारे समय के उपयुक्त तथा संभावनाओं से भरा है। लेकिन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने इस अवसर की पवित्रता तथा भूराजनीति की पुन: परिभाषा को अनदेखा कर फिर कश्मीर मुद्दा उठाया तथा उसकी बदली स्थिति पर हमला बोलते हुए अपने पुराने भाषण के कुछ हिस्से दुहरा दिए। दुनिया ने वह संवैधानिक स्पेस स्वीकार किया है जिसके अंतर्गत भारत ने अनुच्छेद 370 समाप्त किया है तथा उसने पहले ही इमरान खान का विलाप अनदेखा कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद वे मुद्दे के 'अंतरराष्ट्रीयकरण' का प्रयास कर रहे हैं। संरा. में भारत के स्थाई प्रथम सचिव मिजितो विन्टो ने इमरान खान का विलाप शुरू होने पर उनके भाषण का बहिष्कार किया तथा बाद में जवाब के अधिकार के अंतर्गत अपनी प्रतिक्रिया दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'दुनिया के दवाखाने' के रूप में भारत की भूमिका पर जोर दिया तथा कोविड-19 से मुकाबला करने में वैश्विक सहयोग में अपनी भूमिका स्पष्ट की। उन्होंने दक्षिण-दक्षिण विकास भागीदारी में भी भारत की भूमिका परिभाषित की। कल्याण तथा नियम-आधारित कानूनों के सम्मान के प्रति भारत की वैश्विक प्रतिबद्धता पर जोर देते



हुए उन्होंने भारत की बेहतर भूमिका के लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ में सुधार की आवश्यकता भी रेखांकित की। यह दुनिया के लक्ष्यों को देखते हुए भारत का महत्वपूर्ण कदम था और स्वयं मोदी ने पाकिस्तान के कदम को प्रतिक्रिया के योग्य भी नहीं माना। तुर्की को छोड़ कर किसी देश ने कश्मीर की बात न कर स्पष्ट कर दिया कि कोई पाकिस्तान द्वारा हमारे खिलाफ हमले पर ध्यान नहीं दे रहा है। अरब दुनिया ने भारत को स्वीकार कर लिया है और वह अमेरिका के समर्थन से इस्राइल के साथ कारगर संबंध विकसित कर रही है। ऐसे में तुर्की आधुनिक देशों में नव-इस्लामी एजेंडा परिभाषित करने का प्रयास कर रहा है। गठबंधनों व मित्रों से दूर हो रहा पाकिस्तान अमेरिका के भारत की ओर झुकाव से और परेशान है तथा अपने क्षेत्रीयता संबंधी दावों के लिए आक्रामक हो रहा है। वह भारत द्वारा अनुच्छेद 360 समाप्त करने के बाद कश्मीर पर उसके दावों को अवैध ठहराने पर तुला है। इसी कारण उसने 15 नवंबर को गिलगिट-बाल्टिस्तान में विधानसभा चुनाव की घोषणा की है। भारत ने सैनिक रूप से कब्जा किए इस क्षेत्र में जबरन परिवर्तन का विरोध किया है। यह चुनाव चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को वैधता प्रदान करने का प्रयास है जो गिलगिट-बाल्टिस्तान से होकर गुजरता है। पाकिस्तान ने पहले मानचित्र में परिवर्तन कर कश्मीर के कुछ हिस्सों, लद्दाख व गुजरात के जूनागढ़ को अपना क्षेत्र बताया था। यह अतार्किक तथा ऐतिहासिक व विधिक वैधता से वंचित कदम है। इसके साथ ही पाकिस्तान नियंत्रण रेखा-एलओसी पर युद्धविराम उल्लंघन कर भारत में घुसपैठिये भेजने का प्रयास करता रहता है। चीन के कर्ज-जाल में फंसा पाकिस्तान इतनी एकांगी सोच का शिकार हो गया है कि इससे वह अपना होने वाला नुकसान नहीं समझ पा रहा है। नए मानचित्र से वह 1972 की शिमला संधि समेत सभी द्विपक्षीय संधियों को खारिज कर रहा है। उसकी कश्मीर रणनीति अब निष्प्रभावी हो गई है और वह घाटी में उग्रवाद पैदा नहीं कर सकता है। चीन ने उसे अपना मुहरा बना लिया है और इससे स्वयं पाकिस्तान का नुकसान हो रहा है।

# किसानों के लिए लाभकारी कानून

कृषि क्षेत्र में सुधारों ने सब्सिडी-केन्द्रित दृष्टिकोण के बजाय बाजार-उन्मुख सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया है। इससे किसानों को कृषि-उद्यमी बनने की इच्छा पूरी होगी।



**बिंदू डाल्मिया**
(लेखिका नीति आयोग से संबद्ध हैं)

वर्तमान समय दुनिया के सबसे मजबूत नेताओं की परीक्षा ले रहा है। देश इस समय अनेक विपरीत स्थितियों का सामना कर रहा है, इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरी बार सरकार बनाने के बाद सुधार एजेंडे को गति दी है। यह स्वर्गीय अरुण जेटली के शब्दों में 'अकारण विरोध करने वाले' विपक्ष के भारी शोर-शराबे के बावजूद है। लाकडाउन के बाद से केन्द्र ने अनेक सुधारों की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इनमें आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 2020 तथा तीन कृषि सुधार विधेयक हैं। इसके साथ ही पेश तीन नए विधेयकों का उद्देश्य प्रवासी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा मजबूत करना है जिसका प्रभाव अनौपचारिक क्षेत्र में काम कर रही 80 प्रतिशत जनसंख्या पर पड़ेगा। कोरोना महामारी के पश्चात विधायनों को एक ढांचागत सुधार के अंग की तरह देखा जाना चाहिए जिनका उद्देश्य किसानों के लिए अर्थव्यवस्था में सुधार तथा बिजनेस सुगमता है।

कोरोना-पश्चात बना 'न्यू नार्मल' आर्थिक वृद्धि तथा संसाधनों के उपयोग को अधिकतम करने की चुनौती पेश करता है। अब तक कृषि सब्सिडी, खैरात व कल्याणवाद पर निर्भर रही है। इससे संसाधनों पर लगातार भारी दबाव पड़ा है और यह घाटे का सौदा बन गई है। कृषि क्षेत्र ने किसानों को केवल किसी तरह जीवित रखा है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण-एनएसएसओ के अनुमानों से स्पष्ट है कि 1993 से 2013 के बीच ग्रामीण कर्जदारी में 12 प्रतिशत वृद्धि हुई। कृषि संकट दूर करने के लिए इसे केवल आजीविका के साधन के बजाय मूल्य-संवर्धित विनिर्माण की ओर ले जाना जरूरी है। हमारे कार्यबल का 58 प्रतिशत खेती पर निर्भर है, पर उसका भारत के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी में योगदान केवल 17 प्रतिशत है। कृषि की वृद्धि दर केवल 3.4 प्रतिशत है, जबकि इसे ग्रामीण भारत को गरीबी से बाहर निकालने के लिए कम से कम 10 प्रतिशत होना चाहिए। कृषि, विनिर्माण, निर्यात व सेवाओं को मजबूत कर ही प्रति व्यक्ति आय बढ़ाई जा सकती है।




हमारे कार्यबल का 500 मिलियन खेती में लगा है, इसलिए कृषि क्षेत्र में सब्सिडी-केन्द्रित दृष्टिकोण के बजाय बाजार-उन्मुख दृष्टिकोण अपना कर ही किसानों को कृषि-उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। राजनीतिक रूप से संवेदनशील होने के बावजूद स्वतंत्रता के 73 वर्ष बाद हमें 'एक देश एक बाजार' बनाने के लिए इनकी आवश्यकता है। हालांकि, कृषि संबंधी तीनों विधेयकों का खास महत्व है, पर इस लेख में किसान सशक्तीकरण व संरक्षण तथा मूल्य आश्वासन समझौता व कृषि सेवा विधेयक 2020 पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। इससे कम मुनाफे वाला कृषि क्षेत्र ठेका खेती के लिए खुलेगा।

भारत आज अतिरिक्त खाद्यान्न वाली अर्थव्यवस्था बन गया है, अत: उसे 'अतिरिक्त प्रबंधन' की आवश्यकता है। कोल्ड स्टोर सुविधायें तथा खाद्य प्रसंस्करण ढांचा मजबूत करने से विनिर्माण में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। हर साल 92,000 करोड़ का कृषि उत्पाद बरबाद हो जाता है। इसलिए इस क्षेत्र को किसान से उपभोक्ता तक मजबूत सप्लाई श्रृंखला बनाना जरूरी है। गलत तरीके से आरोप लगाए जा रहे हैं कि यह विधायन कार्पोरेट के पक्ष में है, जबकि इसमें मौसमी फसलों के मूल्य निर्धारण में किसानों को लाभ की स्थिति में लाया गया है। वे कार्पोरेट के साथ पहले ही मूल्य तय कर अपनी आय सुनिश्चित कर सकेंगे। इससे एकफसली खेती के बजाय फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा, तई तकनीकों का प्रयोग होगा तथा वित्तीय सहायता व आधुनिकीकरण में मदद मिलेगी। खेती के कार्पोरेटीकरण के सबसे अच्छे उदाहरण अमूल, ई-चौपाल व किसान समूहों को प्रोत्साहन देने वाला पातंजलि माडल हैं।

साझा पहलों में किसानों को शामिल करने से उनमें सहयोगी-स्वामित्व की भावना पैदा होती है जिसे अमूल सहकारी संगठन के सफल प्रयोग में देखा जा सकता है जिसने श्वेत क्रान्ति का नेतृत्व किया है। भारत आज सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है जिसमें अमूल सबसे बड़ा खाद्य उत्पादक एफएमसीजी है जिसका टर्नओवर 52,000 करोड़ रुपये है। इसने डेरी किसान को उत्पाद के अधिक दाम देकर उसे अपना साथी बनाया है तथा वह उपभोक्ताओं को बहुत मामूली लाभ लेकर उत्पाद सप्लाई कर रहा है। हो सकता है कि चीन का उदाहरण देना राजनीतिक रूप से गलत हो, लेकिन भारत इससे लाभ उठा सकता है। 2016 में चीन की राज्य परिषद ने गरीबी-उन्मूलन नीति के रूप में ग्रामीण ई-कामर्स को आधिकारिक रूप से स्वीकार किया था। इससे पिछले 6 वर्ष में गरीबी 10.2 प्रतिशत से घट कर 1.7 प्रतिशत रह गई है। इसका एक तरीका किसानों को ताओबाओ गांव में अलीबाबा के ई-कामर्स प्लेटफार्मों से जोड़ना रहा है।

ठेका खेती पर विधेयक सप्लायरों व विक्रेताओं, दोनों के लिए लाभदायक है। इससे अनेक स्तर पर सामूहिकताओं का विकास होगा तथा फसल कटने के बाद प्रसंस्करण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, रिटेलिंग व व्यापक वितरण नेटवर्क तक पहुंच में सहायता मिलेगी। इससे पांच एकड़ से कम जमीन वाले छोटे किसानों को लाभ होगा। कृषि सामूहिकता बनाने से उनकी आमदनी बढ़ेगी तथा उनकी सामूहिक आर्थिक व लेनदेन की शक्ति मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2022 तक किसानों की आय दूनी करने का वादा किया है। यदि यह कृषि सुधार जमीनी कार्रवाई में न बदला तो उनकी आमदनी पहले जैसी बनी रहेगी। किसानों की आमदनी दूनी करने के साथ ही उपभोक्ता कीमतों में अनावश्यक वृद्धि रोकने की भी चुनौती है क्योंकि खेती में लागत लगातार बढ़ रही है। मुनाफा बढ़ाने के लिए किसानों को कार्पोरेट के पास उपलब्ध कौशल का प्रयोग करना होगा जिनकी लगातार बदलती उपभोक्ता आवश्यकताओं के बारे में बेहतर समझदारी और गहरी जानकारी है।

महामारी के पश्चात उपभोक्ताओं के व्यवहार में आए परिवर्तन का कारण उनकी घटी खरीद शक्ति है, इसके बावजूद वे बेहतर पोषण लाभ, बेहतर सफाई तथा अपने दरवाजे पर कांटैक्टलेस डिलीवरी चाहते हैं। इसके साथ ही मध्यवर्गीय परिवार भी फलों, सब्जियों व दूध पर खर्च बढ़ा कर अनाजों पर खर्च घटा रहे हैं। मूल्य संवर्धित प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य व बेहतरी के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण अनाजों की अन्य किस्मों की मांग बढ़ी है। इसके लिए किसानों को मूलभूत परिवर्तन लाने होंगे जिनका विस्तार परंपरागत उत्पादों की बिक्री से लेकर उपभोक्ताओं की बदलती इच्छाओं तक है। किसानों को अपने उत्पाद बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने से लाभ होगा। यदि बाजार का समर्थन न मिले तो केवल फसल उत्पादकता बढ़ाने से किसानों की आय नहीं बढ़ेगी।

केन्द्र सरकार को किसानों की आशंकायें देखते हुए सहमति बनाने के प्रयास करने चाहिए। उनमें निहित स्वार्थी तत्व भ्रम पैदा कर रहे हैं। ऐसा न होने पर यह प्रगतिशील विधायन संकट में फंस सकता है जैसा कि भूमि अधिग्रहण विधेयक के मामले में हुआ था। हालांकि, कृषि समवर्ती सूची में न होने के कारण राज्यों का विषय है, पर नए कानूनों का संबंध अंतर-राज्य व्यापार से होने के कारण यह केन्द्रीय विषय बन जाता है। केन्द्र को ऐसे में कानून बनाने का अधिकार है और अतीत की तरह कोई राज्य इन्हें चुनौती नहीं दे सकता है।

इसके साथ ही एक बार खेती के आकर्षक उद्योग में बदल जाने के बाद इसमें करदाताओं का आधार विकसित करने की संभावना पैदा होगी और तब इसे केन्द्रीय सूची में हस्तांतरित किया जा सकेगा। वास्तव में केंद्र को किसानों पर टैक्स लगाने के बारे में पुन: विचार करना चाहिए जो अब तक इस दायरे से बाहर हैं। खासकर अमीर वर्ग के किसानों पर टैक्स लगाया जाना चाहिए जिनके पास 10 एकड़ से अधिक जमीन है। कर निर्धारण के लिए कुछ मानक तय किए जा सकते हैं जिनमें तीन साल की औसत उपज है क्योंकि मौसम परिवर्तन के जोखिम के कारण उत्पाद में वार्षिक अंतर आ सकता है।

भारत को क्षमताओं के अधिकतम प्रयोग से विशाल खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र बनने की संभावना पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। इसके साथ ही किसान को केवल आवश्यकतायें पूरी करने की सोच से आगे बढ़ते हुए कांग्रेस युग के नारे 'रोटी, कपड़ा और मकान' को छोड़ कर आधुनिक अर्थव्यवस्था बनाने में अपना योगदान करना चाहिए।

# अस्पतालों के कचरे से संक्रमण का खतरा

> **जैव-चिकित्साजनित कचरे का प्रभावी निस्तारण उतना ही अहम है जितना कि कोरोना संकट से कुशलतापूर्वक निबटना। अन्यथा संक्रमण की दूरी लहर आ सकती है।**



**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)

कल्पना कीजिए कि प्रचंड रूप से एक सार्वजनिक स्वास्थ्य महामारी के बारे में जो पर्यावरण के लिए खतरे को दोगुना करने वाली है और विनाशकारी कोविड-19 के बाद प्रभावी हो जाए। यह ऐसी संभावना है जो सच साबित हो सकती है यदि महामारी से लड़ने के दौर में अस्पतालों से निकलने वाले जैव-चिकित्सा जनित कचरे का भंडार बढ़ता जाता है और उसका प्रबंधन एवं निस्तारण उचित ढंग से नहीं किया जाता है।

अंतिम समाचार मिलने तक, कोविड-19 भारत में 90,000 लोगों की मौत का कारण बन चुका है और 5.6 मिलियन सक्रिय मामले विद्यमान हैं। यह स्थिति और भी बिगड़ सकती है यदि लापरवाही से फेंका जाने वाला जैव-चिकित्सा जनित कचरा देशभर में संक्रमणों की दूसरी लहर आने का कारण बन जाता है। अनगिनत अस्पताल परिसर, मुर्दाघर, श्मशान, एंबुलेंस पार्किंग सथल और आवासीय क्षेत्रों में फेंका गया कचरा लापरवाही से त्यागे गए दस्तानों, पीपीई किटो, व मॉस्कों से भरे पड़े हैं। ऐसा केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के दिशा निर्देशों के बावजूद हो रहा है जिनमें स्पष्ट बताया गया है कि कोविड-19 संबंधी कचरे को दोहरे थैलों में करके उन पर लेबल लगाकार डाला जाए। हालांकि, चारों ओर पड़े कचरे को देखकर, यह स्पष्ट हो जाता है कि दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है और कहने की आवश्यकता नहीं कि इन वस्तुओं में वह वायरस होता है जो स्वस्थ लोगों में फैल सकता है, खासकर सफाइकर्मियों में तथा उन लोगों में जो कचरा भंडारों एवं कचरा इनसिनिरेटरों के पास कूड़ा बीनने जाते हैं। दिल्ली में जैव-चिकित्साजनित कचरा निस्तारण की दो सुविधाएं हैं जो प्रतिदिन 63 टन चिकित्सा कचरे का निस्तारण करने में सक्षम हैं। मगर टॉक्सिक लिंक्स द्वारा किए गए एक अध्ययन में बताया गया हे कि इस कचरे को नगरीय ठोस कचरे की तरह निस्तारित किया जा रहा है। स्थिति को और बिगाड़ते हुए, इस कचरे को पैदा करने वाली कई सुविधाएं दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में पंजीकृत नहीं हैं।

अध्ययन के निष्कर्ष यह भी बताते हैं कि 27.9 प्रतिशत अस्पतालों के पास अनिवार्य सुई कटर नहीं है जबकि 34 प्रतिशत चिकित्सा सुविधाओं में चिकित्सीय कचरे को ले जाने योग्य परिवहन सुविधा नहीं है। परिणामस्वरूप, उसे निस्तारण के लिए हाथों से उठाकर ले जाया जाता है। और भी बुरी दशा यह है कि लगभग 26.4 प्रतिशत चिकित्सा केंद्र तरल चिकित्सीय कचरे को सार्वजनिक सीवर व्यवस्था में बहाते पाए गए।

ऐसी परेशान कर देने वाली स्थितियों के साथ, भारत निश्चित रूप से रोगाणु द्वारा पैदा जैव चिकित्सा कचरे से निबटने की स्थिति में नहीं है। जैव चिकित्सा कचरा सृजन एवं उसके निस्तारण की गंभीरता का आंकलन इस तथ्य से किया जा सकता है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को हाल ही में राज्यसभा में इससे संबंधित सवालों का जवाब देना पड़ा। साइंस डायरेक्ट में छपे एक लेख के अनुसार, भारत, जो वर्तमान समय में लगभग प्रति बिस्तर दो किलोग्राम कचरा पैदा करता है, जिसमें विभिन्न प्रकार के खतरनाक कचरे शामिल हैं, लेकिन महामारी के कारण इसकी मात्रा कई गुना बढ़ने वाली है। संक्रमण के प्रसार का प्रभाव बहुत अधिक होने से पहले, दिल्ली में औसतन 25 टन चिकित्सीय कचरा पैदा होता था लेकिन उसका निर्गत जुलाई में बढ़कर 349 टन हो गया। इसी प्रकार, मुंबई का प्रतिदिन कचरा उत्पादन जून में 12,200 टन से बढ़कर अगस्त में 24,889 टन पहुंच गया। कचरे के इस भंडार ने पहले से ही जीर्ण-शीर्ण कचरा प्रबंधन ढांचे को अपनी सीमाओं तक पहुंचा दिया। इससे पहले की महानगर जैच चिकित्सीय कचरे से भर जाएं, इस मुद्दे को संबोधित करने की आवश्यकता है तथा इस पर सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

नियमों के अनुसार, कचरे को पुन: चक्रीय एवं गैर पुन: चक्रीय डब्बों में पृथक किए जाने की आवश्यकता होती है और फिर उसे 72 घंटे तक छोड़ दिया जाता है जिससे कि संक्रमण की तीव्रता क्षीण हो जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सा संस्थानों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाना होगा कि उनके पास जैव चिकित्सा कचरे के निस्तारण के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं। अधिक महत्वपूर्ण रूप से, तरल चिकित्सीय कचरे को आवश्यक शोधन के लिए अधिकृत कचरा संग्रहण कम्पनियों द्वारा भेजा जाना चाहिए तथा सीवर में बहाया नहीं जाना चाहिए।

पश्चिमी देश कारोना वायरस कचरा प्रबंधन के लिए उच्च मानक निर्धारित कर रहे हैं और उन पर दृष्टि डालने से पता चलता है कि क्यों ये देश जैव चिकित्सा कचरा प्रबंधन के मामले में अपने कदमों पर तेजी से वापस लौट रहे हैं। फ्रांस व जर्मनी में श्रेष्ठ परिपाटियों का पालन किया जा रहा है जिनमें प्रत्येक चिकित्सा सुविधा केंद्र द्वारा सृजित कचरे का रिकार्ड रखा जाता है तथा सुनिश्चित किया जाता है कि उस मात्रा को उचित ढंग से नष्ट किया जाए। अपनाए जा रहे अन्य उच्चीकृत उपायों में शामिल है चिकित्सा संस्थानों के कचरे के डब्बों को नियमित रूप से सोडियम हाइड्रोक्लोराइड विलयन के द्वारा साफ किया जाना।

फ्रांस ने एक कदम और आगे बढ़ाकर उन परिवारों पर भी ध्यान केंद्रित किया है जहां एकांतवासी मरीज मौजूद होते हैं। कचरे को प्रधिकारियों द्वारा स्थानों पर एकत्र किया जा रहा है जिससे कि अनावश्यक संक्रमण न होने पाए। एकांतवास में रह चुके निवासी उचित कागज दिखाकर फार्मेसियों से कचरे के डिब्बे खरीदने में सक्षम हैं, जिनका इस्तेमाल वे प्रधिकारियों को कचरा नष्ट करने हेतु सौंपने के लिए कर सकते हैं। दूसरी ओर जर्मनी ने बवारिया में एक विशेषीकृत कचरा नष्ट करने वाली सुविधा स्थापित की है। इन उपायों ने इन जैव चिकित्सीय कचरे से पुन: संक्रमण होने व उसके हानिकारक प्रभावों से बचाने में इन देशों की मदद की है। दक्षतापूर्ण जैव चिकित्सीय कचरा सृजन भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि इस संकट से कुशलतापूर्वक निबटना। केवल इसी तरह संक्रमण की दूसरी लहर को आने से रोका जा सकता है।

## आप की बात

### संयुक्त राष्ट्र पर पीएम का कटाक्ष

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा के 75 वे सत्र में पीएम मोदी का ऑनलाइन वक्तव्य प्रभावशाली लगा। अपने दो टूक उद्बोधन में उन्होंने जिस साफगोई के साथ संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यप्रणाली और नीतियों पर सशक्त रूप से कटाक्ष किया है, वह काबिले तारीफ है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में किसी प्रधानमंत्री ने पहली बार इतनी दृढ़ता पूर्वक अपना पक्ष प्रस्तुत किया है। दुनिया के आज के चाल चलन के हिसाब से संयुक्त राष्ट्र संघ में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। भारत का दृष्टिकोण सदैव से ही विश्व शांति के मूल मंत्र पर आधारित रहा है, किंतु वैश्विक युद्ध, आतंकवाद, साम्राज्यवाद और पाकिस्तान तथा चीन की दोगली चालों पर संरा प्रभावी नियंत्रण नहीं कर सका है। संरा संघ के निर्णय लेने वाले ढांचे से भारत को अलग रखना और उचित प्रतिनिधित्व प्रदान नहीं करना भी अखरने वाला है। भारत में हुए परिवर्तन का असर दुनिया के बड़े हिस्से पर पड़ता है, इसके बावजूद विश्व के इस सबसे बड़े लोकतंत्र की अनदेखी करना एक बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। संरा संघ में भारतीय प्रतिनिधि मिजितो विनितो ने भी आतंक और अल्पसंख्यकों के सवाल पर पाक की कड़ी घेराबंदी करते हुए, उसे बिल्कुल सही आईना दिखाया है।

- **ललित महालकरी**, इंदौर

### एनजीओ में पारदर्शिता

**हाल** ही में संसद में विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम 2010 में कुछ संशोधन पारित किए हैं। केंद्र सरकार के अनुसार इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य एनजीओ के कार्यों में पारदर्शिता को लाना है। बहरहाल इन नए नियमों ने सभी एनजीओ, शैक्षिक संस्थानों के लिए प्रतिकूल स्थितियां पैदा करी है, जिनके पास विदेशी संस्थानों के साथ वित्तीय भागीदारी है। अब बात यह है कि कोरोनावायरस महामारी के इस काल में हमने देखा कि सरकार के साथ-साथ गई एनजीओस में भी मदद करी थी परंतु अब इस सरकार के फैसले से वह संशोधन पर सवाल उठा रहे हैं। बताते चलें कि भारत में लगभग 3 मिलियन गैर सरकारी संगठन है, भारत जैसे विकासशील देश में भूमिका और जिम्मेदारियां बहुत अधिक होती हैं जिनमें एनजीओ ने बहुत अच्छी भूमिका निभाई है। एन जी ओ यानी गैर सरकारी संगठन सरकार के कार्यक्रमों में खामियों को दूर करने का प्रयास करते हैं। हालांकि पिछले कई सालों से यह देखा गया कि कई लोगों को एनजीओ में विश्वसनीयता की कमी मिलने को दिखी। विश्वसनीयता के साथ-साथ अब तो पारदर्शिता की कमी के कारण संसद में उसके लिए एक विधेयक भी पारित हो गया।

- **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल


### बॉलीवुड में नशेड़ी, माफिया

**उदीयमान** और अति प्रतिभाशाली अभिनेता स्वर्गीय सुशांत सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत बॉलीवुड में आकंठ व्याप्त भाई-भतीजावाद, खानदानी रुतबा जमाए कथित स्टार मॉफियाओं, देशहित की जगह वर्तमान सत्तारूढ़ सरकारों की चाटुकारिता करनेवाले, अंडरवर्ल्ड दाउद इब्राहीम जो सैकड़ों लोगों का हत्यारा है, के काले पैसे से फिल्म निर्माण,कॉस्टिंग काउच में महिलाओं के अंतहीन शारीरिक शोषण,नशे की हालत में गरीबों को रौंदने वाले आदि वहशी लोगों के कुकृत्य परत-दर-परत उघड़ रहे हैं। स्वर्गीय गुरुदत्त,विमल राय,महबूब खान और सत्यजीत राय आदि जैसे कालजयी महापुरुषों की बनाई सोद्देश्य व देशकाल को बदलनेवाली फिल्मों की जगह अब बिल्कुल नग्न,अश्लीलता को परोसती, उद्देश्यविहीन फिल्म बनाने वाले वर्तमान फिल्मकारों की एक बुराई हो तो उल्लेखित भी किया जाय। स्वर्गीय सुशांत सिंह के हत्यारों, नशेड़ियों, मॉफियाओं, भ्रष्टाचारियों को कठोरतम् दण्ड मिलनी ही चाहिए।

- **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**गोवा** में अड़सठ भाजपा कार्यकर्ता महामारी के दौरान कोविड संक्रमित पाए गए हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वे जनता की सेवा में बाहर निकलकर काम कर रहे थे।

- **सदानंद शेत तनवाड़े**
गोवा भाजपा अध्यक्ष



**हम** देख रहे हैं कि व्यक्तिगत रूप से देश वर्तमान परिस्थिति का इस्तेमाल अवांछनीय सरकारों अथवा प्रतिस्पर्धियों से मुद्दे हल करने में कर रहे हैं।

- **सर्गेई लावरोव**
रूसी विदेश मंत्री



**परिषद** के उन सदस्यों को शर्म आनी चाहिए जो इस अवसर का इस्तेमाल मुद्दों के बजाए अपनी राजनीतिक नाराजगियों पर केंद्रित करने के लिए कर रहे हैं।

- **केली क्राफ्ट**
अमेरिकी राजदूत

# सशक्त व समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करेगा आत्मनिर्भर अभियान

● बिचैलिये किसानों का लाभांश हड़प नहीं पाएंगे, न्यूनतम समर्थन मूल्य को हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगाः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पं. दीन दयाल उपाध्याय का मानना था कि किसी समाज की आर्थिक प्रगति का आकलन उसमें सम्पन्न व्यक्तियों की स्थिति नहीं बल्कि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों की स्थिति से होती है। उनका कहना था कि गांवों के आत्मनिर्भर होने से समाज के अन्तिम व्यक्ति के जीवन व स्थिति में सकारात्मक बदलाव आएगा। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान की घोषणा की गयी है। यह अभियान सशक्त एवं समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करेगा।

मुख्यमंत्री सोमवार को वर्चुअल माध्यम से पं. दीन दयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के सम्बन्ध में बीजेपी लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित व्याख्यान माला को सम्बोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में व्यापक सकारात्मक बदलाव होने जा रहा है। कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए एक लाख करोड़ रुपये की घोषणा हुई है। इससे हर विकास खण्ड में भण्डारण की क्षमता के लिए कोल्ड स्टोरेज आदि स्थापित किये जाने हैं। एफपीओ का गठन किया जाना है। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान का आधार बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन हो रहे हैं। इस सम्बन्ध में केन्द्र सरकार द्वारा 3 नये अधिनियम पारित कराये गये हैं। इससे किसान एक नेशन, एक मार्केट के तहत अब अपना उत्पाद देश में कहीं भी विक्रय कर सकेगा तथा कोई टैक्स भी देय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य को हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। इससे बिचैलिये किसानों का लाभांश हड़प नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि 25 सितम्बर को अन्त्योदय के प्रणेता पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयन्ती मनायी गयी है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 2 वर्ष पूर्व पण्डित जी की जन्मशती का भी आयोजन किया गया। यह वर्ष कई अर्थों में अत्यन्त महत्वपूर्ण वर्ष है। इस दौरान पूरा विश्व कोविड-19 की महामारी से प्रभावित है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री द्वारा सही समय पर उचित और लोक कल्याणकारी निर्णय लिये जाने से हमारा देश सुरक्षित स्थिति में है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत घोषित प्रधानमंत्री आर्थिक पैकेज के माध्यम से देश महामारी से भी निपट रहा है और सतत आर्थिक विकास के लिए भी प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री संवेदना से युक्त हैं। कोविड-19 के कारण लॉकडाउन लागू करने के पश्चात उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज की घोषणा की। इस पैकेज के अन्तर्गत 80 करोड़ लोगों के लिए खाद्यान्न की व्यवस्था, रसोई गैस की व्यवस्था, वृद्ध, निराश्रित महिला व दिव्यांगजन के लिए अग्रिम पेंशन की व्यवस्था तथा उपचार की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज के अतिरिक्त आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत घोषित आर्थिक पैकेज में भी कहीं न कहीं दीन दयाल उपाध्याय की प्रेरणा है। दीन दयाल उपाध्याय ने समाज के अन्तिम व्यक्ति, गांव के आत्मनिर्भर होने की बात की है।

## गरीब कल्याण रोजगार योजना में यूपी नंबर वन

**लखनऊ।** संकट में भी कीर्तिमान बनाना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शगल है। उनकी अगुआई में वैश्विक महामारी कोरोना के संकट के दौरान भी गरीब कल्याण रोजगार योजना में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक कीर्तिमान रचा है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय द्वारा घोषित सामुदायिक शौचालय अभियान पुरस्कारों में से 7 पुरस्कार उत्तर प्रदेश के हिस्से में आना इसका प्रमाण हैं। इसमें समग्रता में उप्र नंबर एक पर है। सम्बंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव-प्रमुख सचिव-एमडी को यह पुरस्कार दिया जाएगा। जिला प्रयागराज, हरदोई और फतेहपुर क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। जिले के पुरस्कारों वहाँ के जिलाधिकारी या मुख्य विकास अधिकारी ग्रहण करेंगे। आयोजन ऑनलाइन होगा। नॉन गरीब कल्याण रोजगार योजना में पहले और दूसरे नंबर पर क्रमशः बरेली और अलीगढ़ हैं। अलीगढ़ के खाते में स्पेशल रिकॉगनिशन का भी पुरस्कार आया है।

# गलत बिलिंग कर रही एजेंसियों पर कराएं एफआईआर

● ऊर्जा मंत्री ने की आपूर्ति व लाइन हानियां कम करने के अभियान की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**ऊर्जा** मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने सोमवार को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीन अयोध्या, देवीपाटन, लखनऊ, लेसा सिस, लेसा ट्रांस तथा बरेली और पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के अधीन बुलंदशहर, गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ, मुरादाबाद और सहारनपुर जोन के चीफ इंजीनियर्स के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आपूर्ति व लाइन हानियां कम करने के अभियान की समीक्षा की। उन्होंने बिलिंग में गड़बड़ी की शिकायतों पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश देने के साथ ही संबंधित की जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने 30 दिन के भीतर मध्यांचल के 1232 व पश्चिमांचल के सभी चिन्हित 1010 हाई लॉस उपकेंद्रों को 15 प्रतिशत से नीचे ले आने के निर्देश भी दिए। कहा किए ऐसा करके ही हम 24 घंटे की निर्बाध आपूर्ति के संकल्प को पूरा कर पाएंगे।

कार्यों में लापरवाही पर अयोध्या, बरेली, गोंडा, लेसा सिस, लेसा ट्रांस, लखनऊ जोन, मेरठ, मुरादाबाद, बुलंदशहर, गाजियाबाद, नोएडा और सहारनपुर के चीफ इंजीनियर और दोनों ही डिस्कॉम के निदेशक वाणिज्य को कारण बताओ नोटिस दिया है। समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि कई जनपदों में टेबल बिलिंग, गलत बिलिंग व एक्सेप्शंश का निराकरण न हो पाने की शिकायतें मिल रही हैं। यह ऊर्जा विभाग की उपभोक्ता हितैषी छवि को नुकसान पहुंचा रहा है। इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है। जहां भी शिकायत आ रही है वहां एमडी विशेष टीम भेजकर परीक्षण कराएं। जहां भी गड़बड़ी है वहां बिलिंग करने वाली एजेंसी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के साथ ही एफ आईआर भी दर्ज करायें। उपभोक्ता की गलत बिलिंग की शिकायतों पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी एमडी अपने स्तर से सुनिश्चित करें। उन्होंने लाइन लॉस कम करने के अभियान के संबंध में निर्देशित किया कि जो भी उपकेंद्र 15 प्रतिशत से ऊपर की हानि पर है उसे हर हाल में इस सीमा के नीचे ले आना होगा। चिह्नित उपकेंद्रों को 30 दिन के भीतर इस अवधि में ले आना है। सभी जनपदों में हर उपकेंद्र की फीडरवार समीक्षा कर तय लक्ष्य को जरूर हासिल करें। उन्होंने अध्यक्ष यूपीपीसीएल व प्रबंध निदेशक को भी निर्देशित किया कि कहीं भी लापरवाही की गुंजाइश न रहे वे स्वयं इसकी नियमित निगरानी करें। सरकार ने पूरे प्रदेश को 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति का संकल्प लिया है। इसे हर हाल में पूरा करना है। इसके लिए लाइन लॉस 15 प्रतिशत से नीचे लेकर आना होगा। उन्होंने ट्रांसफार्मरों की लोड बैलेंसिंग न करने, उनके फुंकने के कारणों की सही जानकारी न दे पाने व लक्ष्यपूर्ति में लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि लापरवाही से ईमानदार उपभोक्ता को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने दीपावली से पहले सभी वितरण ट्रांसफार्मरों की लोड बैलेंसिंग कराने के भी निर्देश दिये हैं। जिससे निर्बाध आपूर्ति में कोई कठिनाई न आये। यह भी कहा कि सभी उपभोक्ताओं को हर हाल में समय से बिल मिले इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

## दिन पर दिन विकास की दौड़ में पिछड़ता जा रहा है प्रदेशः अखिलेश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में सुशासन और रामराज तो बहुत दूर की बात है हर तरफ अंधेर नगरी चौपट राज का बोलबाला है। इस राज्य सरकार से न तो कोरोना का संक्रमण थम रहा है और नहीं कानून व्यवस्था पर नियंत्रण दिख रहा है। किसानों के बारे में उसकी कोई सोच ही नहीं है। प्रशासन में मनमानी का राज है। न कहीं लॉ दिखाई दे रहा है और न ही कहीं आर्डर का एहसास हो रहा है। प्रदेश दिन पर दिन विकास की दौड़ में पिछड़ता जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि सच तो यह है कि कोरोना संक्रमण के आगे भाजपा सरकार नतमस्तक है। मुख्यमंत्री जी के रोज नए आदेश निर्देश जारी होते है परन्तु टीम इलेवन अपने ही ढंग से काम करने की आदी है। फलतः सरकार की किरकिरी होती रहती है। कोविड.19 अस्पतालों में अव्यवस्था है, डाक्टरों और पैरा मेडिकल स्टाफ को उपकरण भी ठीकठाक नहीं मिल पाते है। प्राईवेट अस्पतालों में लूट बदस्तूर जारी है। मौतों का सही हिसाब नहीं है।

# कृषि कानूनों के विरोध में सड़क पर उतरी कांग्रेस

● प्रदेश अध्यक्ष लल्लू सहित कई नेता गिरफ्तार, रिहा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर मोदी सरकार द्वारा बनाए गए किसान कानूनों के खिलाफ प्रदेशव्यापी आन्दोलन के तहत हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता जिलों-जिलों में सड़कों पर उतरे जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के नेतृत्व में विधानसभा की ओर कूच कर रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को परिवर्तन चौक पर भारी पुलिस बल द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया और बसों में भरकर इको गार्डेन ले जाया गया। देर सायं उन्हें रिहा किया गया।

परिवर्तन चौक पर लखीमपुर, कानपुरए बाराबंकी, फैजाबाद, रायबरेली, अमेठी आदि जनपदों से बारी संख्या में पहुंचे कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि भाजपा द्वारा बनाए गए नए तीन कृषि कानून देश के अन्नदाता को बदहाली पर पहुंचाने वाला हैं। नए कानून में कृषि उत्पाद का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने का जिक्र न होना इस बात की तरफ इशारा करता है कि सरकार ने कृषि व्यवस्था को पूरी तरह से कारपोरेट और पूंजीपतियों के हवाले कर दिया है। इससे किसान अधिकार विहीन हो जाएगा उसकी हैसियत मात्र एक मजदूर की हो जाएगी। कारोबारी जमा खोरी करना शुरू कर देंगे, कीमतों में अस्थिरता आ जायेगी और देश में कालाबाजारी बढ़ जाएगी जिसका खामियाजा देश की बेहाल परेशान जनता और किसान को भुगतना पड़ेगा, जिसे कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के हितों के लिए शुरू से ही संघर्ष करती रही है और जब तक इस काले कानून को वापस नहीं लिया जाता तब तक चुप नहीं बैठेगी और सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

लल्लू ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार इस आन्दोलन से इतना भयभीत है कि कांग्रेस नेताओं को उनके घरों में रात से ही नजरबंद कर दिया गया और भारी पुलिस का पहरा लगा दिया है।

वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी को उनके घरों में नजरबंद किया गया। पुलिस द्वारा कांग्रेसजनों को जगह जगह पर रोके जाने के तहत बाराबंकी मोड़ पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव को लगभग डेढ़ घण्टे पुलिस ने हिरासत में रखा। जिला कांग्रेस लखनऊ के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी को उनके घर पर नजरबंद किया गया। ओंकारनाथ सिंह, अशोक सिंह, हरनाम सिंह चौहान, शैलेन्द्र तिवारी को उनके घरों में नजरबंद किया गया। झांसी में पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य एवं शहर अध्यक्ष अरविन्द वशिष्ट को उनके घरों में नजरबंद किया गया। रायबरेली में अशोक सिंह को उनके घर पर नजरबंद किया गया।

## प्रदेश में शिक्षक-स्नातक चुनाव टालने की साजिश हो रहीः नरेश उत्तम पटेल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा है कि उत्तर प्रदेश और बिहार में समान रूप से लॉकडाउन समाप्त है किन्तु जहां बिहार में विधान परिषद की शिक्षक व स्नातक सीटों के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की चुनाव आयोग ने घोषणा कर दी है, वहीं उत्तर प्रदेश में चुनाव टालने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार में विधान परिषद की शिक्षक-स्नातक सीटें 6 मई 2020 से रिक्त हैं और निर्वाचन आयोग ने 3 अप्रैल 2020 को उपरोक्त निर्वाचन क्षेत्रों के लम्बित चुनाव एक साथ कोरोना महामारी एवं लॉकडाउन के दृष्टिगत बढ़ाए गए थे। चुनाव आयोग ने बाद में 25 सितम्बर 2020 को बिहार विधान परिषद शिक्षक-स्नातक निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया है किन्तु उत्तर प्रदेश को इससे अलग रखा गया है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार स्नातक-शिक्षक चुनाव टालना चाहती है क्योंकि उसे इन चुनावों में अपनी करारी हार का एहसास हो गया है। उत्तर प्रदेश में चुनाव टलने के फलस्वरूप फिर से नई मतदाता सूची बनाने में श्रम व समय व्यर्थ होगा। जब बिहार में स्नातक-शिक्षक क्षेत्रों में मतदान होने जा रहा है तो उत्तर प्रदेश में कौन सी विपरीत स्थिति पैदा हो गई है। इससे तो निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव पर ही प्रश्नचिह्न लगेगा। चुनाव आयोग को अतः उत्तर प्रदेश में भी विधान परिषद के शिक्षक-स्नातक क्षेत्रों के लिए निर्वाचन की तिथियां बिहार के साथ ही घोषित करना चाहिए।

## धान खरीद एक अक्टूबर से, 60 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य

● खरीद और समर्थन मूल्य पर होगी सरकार की नजर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आधी**-अधूरी तैयारियों के बीच दो दिन बाद यानी कि पहली अक्टूबर से राज्य में धान की खरीद शुरू होगी। सरकार ने समर्थन मूल्य पर 60 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है। इसके लिये साढ़े पांच हजार से ज्यादा क्रय केन्द्र खोले जा रहे हैं।

इधर कोरोना संक्रमण को देखते हुये सीएम योगी ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक में कहा है कि धान खरीद की सभी तैयारियां पूरी कर ली जायें। सीएम ने कहा कि 1 अक्टूबर से धान खरीद की कार्यवाही की जाएगी। इस सम्बन्ध में सारी व्यवस्थाएं समय रहते कर ली जाएं, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रत्येक दशा में मिले। केन्द्र सरकार के कृषि बिल को लेकर किसानों के विरोध को देखते हुये योगी सरकार बेहद सतर्क है। उसे आशंका है कि विपक्षी दल खरीद के दौरान मौका तलाश कर राज्य के किसानों को भड़का सकते हैं। जिसे देखते हुये सीएम के साफ निर्देश है कि किसी भी दशा में किसानों का अपना धान बेचने में दिक्कत न हो और उन्हें समर्थन मूल्य से कम दाम पर अपना धान न बेचना पड़े। अगर निजी क्षेत्र के लोग किसानों से धान खरीदने के लिये आगे आते है तो उन पर पैनी नजर रखी जाए ताकि किसानों का धान औन-पौने दामों पर न बिके। सीएम के निर्देशों के बाद खाद्य एवं रसद विभाग ने धान खरीद की तैयारियों को अंतिम रूप देने शुरू कर दिया है। अधिकारियों का फोकस धान खरीद से ज्यादा किसानों को उनकी उपज के बेहतर दाम दिलाने पर है।

## प्लेसेस ऑफवरशिप एक्ट 1991 को समाप्त किया जाएः रिजवी

● शिया सेंट्रल वक्फबोर्ड के पूर्व चेयरमैन ने प्रधानमंत्री को इस बाबत लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्लेसेस ऑफ वरशिप एक्ट 1991 को समाप्त करने की मांग की है। पत्र के माध्यम से वसीम रिजवी ने देश की कई धार्मिक स्थानों की सूची भेजी है। रिजवी के मुताबिक पूर्व में ये मंदिर थे जिन्हें तोड़कर मुगलकाल में मस्जिद बनाए गए। पत्र के माध्यम से वसीम रिजवी ने कहा कि 90 के दशक में कांग्रेस ने कट्टरपंथी संगठनों को खुश करने के लिए कांग्रेस की सरकार ने यह एक्ट बनाया था लेकिन अब हिंदुओं की धार्मिक सम्पतियां उनको वापस सौंपा जाना असली न्याय होगा। पीएम को लिखे पत्र में जिक्र किया है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का मामला उच्चतम न्यायालय द्वारा निस्तारित हो चुका है। फिर भी कई ऐसे धर्म स्थान बाकी हैं, जो कांग्रेस सरकार के समय बनाये गये उस एक्ट के तहत आते हैं। पीएम मोदी को लिखे पत्र में मथुरा श्रीकृष्ण जन्म मन्दिर, केशवदेव मन्दिर, वाराणसी काशी विश्वनाथ मंदिर, गुजरात बटना का रुद्र महालया मन्दिर, अहमदाबाद भद्रकाली मंदिर, वेस्ट बंगाल पंडुआ अदिना मस्जिद, मप्र विदिशा विजया मंदिर, दिल्ली कुतुबमीनार मस्जिद कुवतुल इस्लाम का जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा कि ये आज भी उक्त एक्ट के तहत हैं। पत्र में उन्होंने पीएम मोदी से अनुरोध किया है द प्लेसेस ऑफ़ वरशिप एक्ट 1991 को समाप्त कर हिंदुओं के प्राचीन पवित्र मंदिरों को जिन्हें मुगलों ने तोड़कर मस्जिद बनवाई हैं। मस्जिदों को पवित्र स्थान से हटा कर, पवित्र मंदिरों को स्थापित करने हेतु अधिनियम बनाए या ऐसी कोई भी उच्च स्तरीय समिति बना, जो बातचीत के माध्यम से उक्त समस्त प्राचीन मंदिरों को पुनः स्थापित करा सकें।

## सपा मुख्यालय में मनाई गई भगत सिंह की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी मुख्यालय में सोमवार को शहीद भगत सिंह की 113वीं जयंती सादगी के साथ मनाई गई। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, प्रदेश कार्यालय प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह ने भगत सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि 23 वर्ष की उम्र में भगत सिंह ने फ्रांस, आयरलैण्ड, रूस की क्रांतियों का अध्ययन कर लिया था। वे भारत माता के सच्चे क्रांतिकारी सपूत थे।

# सभी प्रमुख चौराहों व बड़े सरकारी भवनों पर 15 अक्टूबर तक शुरू होगा पब्लिक एड्रेस सिस्टम

● कोविड-19 से बचाव के लिए जन-जागरूकता बढ़ाने का अभियान और तेज होगाः अवनीश अवस्थी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोविड**-19 से बचाव के लिए जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख चौराहों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं ऐसे सरकारी भवनों जहां जनता का आवागमन अधिक होता है उन पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए जाने के प्रयासों में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में सोमवार को लोक भवन स्थित कमाण्ड सेन्टर में सम्पन्न उच्चस्तरीय बैठक में पब्लिक एड्रेस सिस्टम शीघ्र स्थापित किए जाने के बारे में विभिन्न बिन्दुओं पर गहन विचार विमर्श हुआ। इस योजना के क्रियान्वयन से जुड़े सभी विभागों से अपेक्षा की गई है वह विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर यथावश्यक नए स्थलों को चिन्हित करें। शासन द्वारा यह भी अपेक्षा की गई है कि आगामी 15 अक्टूबर तक पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित कर उसका संचालन प्रारम्भ कर दिया जाए। उल्लेखनीय है कि शासन की योजना प्रदेश भर के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों यथा चौराहों, बस अड्डों, फील्ड में स्थापित ऐसे सरकारी कार्यालय जहां जनसामान्य की उपस्थिति अधिक रहती है जैसे आरटीओ कार्यालय, अस्पताल, तहसील आदि पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम की स्थापना करने की है ताकि कोविड़.19 से बचाव एवं जागरूकता कार्यक्रम का अधिकाधिक प्रचार प्रसार किया जा सके। परिवहन विभाग के सचिव ने बैठक में बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की सभी बसों में पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित करते हुये सभी बस अड्डों पर भी आडियो विजुअल को एलईडी के साथ जोड़कर उसके माध्यम से कोविड.19 से बचाव के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार का कार्य यथाशीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। परिवहन विभाग द्वारा यह भी बताया गया कि फील्ड में स्थापित आरटीओ कार्यालय में भी पब्लिक एड्रेस सिस्टम की स्थापना से जुड़ी कार्य योजना आगामी एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत की जाएगी जिसके माध्यम से कोविड.19 से बचाव व जनजागरूकता विकसित करने के साथ साथ सड़क सुरक्षा उपायों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जाएगा।

अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय को निर्देशित किया गया कि वह पूरे राज्य में जहां भी पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था प्रचलित है, उसकी सूची तथा उस पर स्थापित उपकरणों की चालू हालत आदि की जानकारी तथा इस योजना को और अधिक विस्तार किए जाने के बारे में शासन को एक सप्ताह के अन्दर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उनसे यह भी कहा गया है कि एक ऐसा सॉफ्टवेयर विकसित किया जाए जिससे एक ही स्थान से पूरे प्रदेश में पब्लिक एड्रेस सिस्टम पर निगरानी रखी जा सके।

बैठक में सचिव राजस्व, राहत आयुक्त द्वारा बताया गया कि प्रत्येक कमिश्नरी-कलेक्ट्रेट व तहसील में स्टेटिक में पीए सिस्टम लगाए जाने की योजना है। एक कलेक्ट्रेट में कम से कम 10 स्थानों पर पीए सिस्टम का हार्न लगाया जायेगा। पीए सिस्टम के लिए जेम पोर्टल से नियमानुसार यथाशीघ्र खरीदारी भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गये हैं। यह भी जानकारी दी गयी कि वर्तमान में 439 स्थानों पर पीए सिस्टम लगे हुए है।

निदेशक-स्थानीय निकाय-डायरेक्टर द्वारा अवगत कराया गया कि नगर विकास विभाग को पीए सिस्टम प्रमख स्थानों एवं बड़े सरकारी भवनों के निकट लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि अधिक संख्या में जनमानस को जागरूक किया जा सके। नगर विकास विभाग से यह भी अपेक्षा की गयी है कि एक सप्ताह में मानक निर्धारित करके हर जिले में पीए सिस्टम की स्वीकृति की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, सभी नगर निगमों, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में अच्छी कार्ययोजना बनाये जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। बैठक में नगर विकास विभाग से यह भी अपेक्षा की गयी कि लखनऊ में बैठकर पूरे प्रदेश में सूचना प्रसारित करने की व्यवस्था पर भी विचार किया जाए। इसके अलावा नगर के सभी वार्डो में कम से कम एक पीए सिस्टम अवश्य लगाया जाए।

# प्रदर्शन कर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ने दिखाई ताकत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहीद** भगत सिंह की जयंती पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) ने सोमवार को विपक्ष के रुप में अपनी ताकत दिखाई। छात्रों, नौजवानों, किसानों, उद्यमियों, व्यापारियों, अल्पसंख्यकों सहित आम जनता की समस्याओं को लेकर प्रसपा की छात्र सभा ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रशासन द्वारा पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं को रोका गया जहां उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हुई। इस दौरान प्रसपा कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी भी दी।

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ने केंद्र सरकार द्वारा पारित किसान विरोधी बिल, श्रम कानूनों, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ सोमवार को लखनऊ में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने जबरदस्त बलप्रयोग करते हुए लाठीचार्ज भी किया, जिसकी वजह से बहुत से नेताओं कार्यकर्ताओं को चोटें आई। पुलिस ने वीवीआईपी गेस्ट हाउस के पास बैरिकेडिंग लगाकर प्रसपा कार्यकर्ताओं को रोक लिया। सुबह से ही प्रदेश भर से पीएसपी कार्यकर्ताओं का पार्टी कार्यालय पहुंचना शुरु हो गया था। कार्यकर्ता मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के लिए प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पीएसपी कार्यालय पहुंचे थे। प्रसपा के कार्यकताओं का कहना था कि वे लोग विभिन्न मुद्दों को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलने लखनऊ पहुंचे थे। लेकिन योगी सरकार ने लाठियां दी। लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है।

प्रदर्शन के दौरान पार्टी के बौद्धिक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक मिश्रा, महिला सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्चना राठौर, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश यादव और छात्र सभा के प्रदेश महासचिव संजय यादव डंपी, जिला अध्यक्ष रविंद्र प्रताप यादव रवि, प्रदेश महासचिव सत्यजीत सिंह अतवारा, प्रदेश महासचिव विनोद मिश्रा, छात्र सभा के प्रदेश महासचिव मुलायम यादव सनी, छात्र सभा प्रदेश सचिव विवेक सिंह तन्हा और प्रवक्ता अजय त्रिपाठी मुन्ना सहित प्रदेश के विभिन्न जिला अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्षों ने बड़ी संख्या में गिरफ्तारी दी।

### जुल्म व अत्याचार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगाः शिवपाल


**लखनऊ।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया कार्यकर्ताओं व नेताओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज पर शिवपाल यादव ने ट्विटर पर प्रतिक्रिया दी। शिवपाल ने कहा कि जुल्म और अत्याचार के खिलाफ प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया कभी नहीं झुकेगी। सतत संघर्ष जारी रहेगा । शिवपाल यादव ने कहा कि लोकतंत्र में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन का अधिकार सभी को है, यही लोकतंत्र की ताकत है, बड़ी सी बड़ी समस्याओं को बातचीत के द्वारा हल किया जा सकता है, राजनीतिक प्रक्रियाओं के दमन और लाठीचार्ज के लिए लोकतंत्र में कोई जगह नहीं है ।

# संबंधों में नया आयाम जोड़ेंगे भारत-डेनमार्क

## हरित रणनीतिक साझेदारी पर बढ़ेगा सहयोग

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** और डेनमार्क ने हरित रणनीतिक साझेदारी के लिए सोमवार को अपने संबंधों को प्रगाढ़ बनाने का फैसला किया। इसका मकसद नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग के महत्वपूर्ण विस्तार के लिए रूपरेखा तैयार करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन के बीच लगभग एक घंटे चली डिजिटल द्विपक्षीय शिखर बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस दौरान उन्होंने काफी अरसे से लंबित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता, कोविड-19 महामारी की चुनौती और वैश्विक




आपूर्ति श्रृंखलाओं पर इसके प्रभाव पर भी विचार-विमर्श किया।

विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मध्य यूरोप) नीता भूषण ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि पुरुलिया में हथियार गिराए जाने के मामले में प्रमुख आरोपी किम डेवी का मुद्दा भी उठा और इस बात पर सहमति बनी कि इस मामले के शीघ्र हल के लिए दोनों पक्षों के अधिकारी संपर्क में रहेंगे। भारत इस सनसनीखेज मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए डेनमार्क से डेवी के प्रत्यर्पण की मांग करता रहा है। भूषण ने वार्ता के समग्र परिणाम पर कहा, "दोनों प्रधानमंत्रियों ने हरित रणनीतिक साझेदारी के लिए भारत-डेनमार्क संबंधों को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। हमारे प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक नए युग की साझेदारी थी और हम अपने द्विपक्षीय संबंधों में एक नया आयाम जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस कदम से दोनों देशों को आर्थिक संबंधों और हरित विकास के विस्तार में मदद मिलेगी वहीं जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ वैश्विक चुनौतियों के समाधान में सहयोग को मजबूती मिलेगी।

मोदी ने शिखर सम्मेलन में अपने शुरुआती संबोधन में कहा कि कोरोना वायरस महामारी ने किसी एक स्रोत पर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की अति निर्भरता से जुड़े जोखिम को उजागर किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ काम कर रहा है ताकि आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाई जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों की घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमारे जैसे समान विचार वाले देशों के लिए एक साथ काम करना कितना अहम है, जो नियम-आधारित, पारदर्शी, मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्य-प्रणाली साझा करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीका विकसित करने में समान सोच वाले देशों के बीच सहयोग इस महामारी से निपटने में भी मदद करेगा।

दोनों नेताओं की वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण, जल, अर्थव्यवस्था, सतत शहरी विकास, व्यापार, जहाजरानी, खाद्य, कृषि और जीवन विज्ञान जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए सहमत हुए हैं।



नादिया में कोविड-19 के प्रकोप के बीच एक बाजार में सैनिटाइज करते हुए स्वैच्छिक संगठन के सदस्य

## प. बंगाल में संविधान की रक्षा नहीं हुई तो कार्रवाई होगी: राज्यपाल

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने सोमवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने राज्य को पुलिस शासित राज्य में बदल दिया है और सत्ता द्वारा उनकी लंबे समय से अनदेखी की जा रही है जिसके कारण उन्हें संविधान के अनुच्छेद 154 पर विचार करना होगा। संविधान के अनुच्छेद 154 में उल्लेख है कि राज्य के कार्यकारी अधिकार राज्यपाल में निहित होंगे और वह प्रत्यक्ष रूप से या अपने अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से उन अधिकारों का इस्तेमाल कर सकेंगे।

धनखड़ ने अपने पत्र का जवाब देने में गैरजिम्मेदाराना रुख अख्तियार करने पर पुलिस महानिदेशक वीरेंद्र की आलोचना की और कहा कि पुलिस अधिकारी सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की तरह काम कर रहे हैं। राज्यपाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अगर



संविधान की रक्षा नहीं हुई, तो मुझे कार्वाई करनी पड़ेगी। राज्यपाल के पद की लंबे समय से अनदेखी की गई है। मुझे संविधान के अनुच्छेद 154 पर विचार करने को बाध्य होना पड़ेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा की जा रही इलेक्ट्रॉनिक निगरानी की वजह से उन्हें वॉट्सऐप वीडियो कॉल करने को मजबूर होना पड़ रहा है। धनखड़ ने कहा, पश्चिम बंगाल पुलिस शासित राज्य बन गया है। पुलिस का शासन और लोकतंत्र साथ-साथ नहीं चल सकते। राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। माओवादी उग्रवाद अपना सिर उठा रहा है। इस राज्य से आतंकी मॉड्यूल भी गतिविधियां चला रहे हैं।

## केन्द्र जनता के प्रति जवाबदेह आंकड़े उपलब्ध ना होने की बात कहना चौंकाने वाला: ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केन्द्र सरकार पर संसद के हालिया सत्र में अधिकतर सवालों के जवाब नहीं देने पर हमला किया और कहा कि प्रत्येक नागरिक को सूचना पाने का अधिकार है। ममता ने आज सूचना तक सार्विक पहुंच पर अंतरराष्ट्रीय दिवस (इंटरनेशनल डे फॉर यूनिवर्सल एक्सेस टू इन्फोर्मेशन) पर ट्वीट किया कि सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह और उत्तरदाई है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, आज सूचना तक सार्विक पहुंच पर अंतरराष्ट्रीय दिवस है। हालिया संसद सत्र में भारत सरकार का किस तरह पर्दाफाश हुआ। अधिकतर सवालों को जवाब था, आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। हर नगारिक को सूचना पाने का अधिकार है। सरकार लोगों के प्रति जवाबदेह और उत्तरदाई है। केन्द्र सरकार ने इस महीने की शुरुआत में संसदीय सत्र में कहा था कि कई राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने किसानों की आत्महत्या के संबंध में जानकारी मुहैया नहीं कराई है और इसलिए कृषि क्षेत्र में आत्महत्या के संबंध में राष्ट्रीय आंकड़ा अपुष्ट है। लॉकडाउन के दौरान अपने पैतृक स्थान जाते समय प्रवासियों की मौत या उनके घायल होने से जुड़ा आंकड़ा भी मौजूद नहीं है।

## अटल सुरंग रोहतांग के उद्घाटन के बाद दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे पीएम

**भाषा।** शिमला

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** हिमाचल प्रदेश में तीन अक्टूबर को सामरिक रूप से महत्वपूर्ण अटल सुरंग रोहतांग का उद्घाटन करने के बाद राज्य में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने सोमवार को इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में कोविड-19 से जुड़े सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी सुरंग का उद्घाटन करेंगे। यह समुद्र तल से 10,000 फुट की ऊंचाई पर बनी दुनिया की सबसे लंबी सुरंग है।

उन्होंने बताया कि चीन-भारत सीमा पर लद्दाख में जारी गतिरोध के मद्देनजर अटल सुरंग का उद्घाटन सामरिक रूप से महत्वपूर्ण है। सुरंग के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री मोदी तीन अक्टूबर को कुल्लू जिले के मनाली स्थित सेंटरफॉर स्नो एंड एवलांच स्टडी इस्टैबलिशमेंट (एसएएसई) के हेलीपैड पर सुबह सवा नौ बजे उतरेंगे। वह 10 मिनट के लिए सीमा सड़क संगठन के अतिथि गृह में रूकेंगे और वहां संगठन के अधिकारियों से बातचीत करेंगे।

ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री 9.2 किलोमीटर लंबी इस सुरंग का उद्घाटन सुबह 10 बजे से 11:45 के बीच, मनाली में उसके दक्षिणी सिरे से करेंगे। यहां से वह लाहौल-स्पीति की लाहौल घाटी में स्थित सुरंग के उत्तरी छोर तक यात्रा करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि लाहौल घाटी में प्रधानमंत्री हिमाचल सड़क परिवहन निगम की बसों को हरी झंडी दिखाकर उन्हें सुरंग के मनाली स्थित उत्तरी छोर के लिए रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि फिर प्रधानमंत्री लाहौल के सिसु में करीब 200 लोगों की एक सभा को संबोधित करेंगे।

ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री दक्षिणी छोर पर लौट कर मनाली के सोलांग नाला के पास 200 लोगों की एक और सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री एसएएसई के हेलीपैड से करीब 2:20 अपराह्न पर लौट जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि सुरंग के निर्माण में करीब 3,300 करोड़ रुपए का खर्च आया है।

## क्विक न्यूज

### किसानों की आवाज संसद और बाहर दोनों जगह दबाई गई: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कृषि संबंधी कानूनों को लेकर सोमवार को सरकार पर फिर निशाना साधा और आरोप लगाया कि किसानों की आवाज संसद और बाहर दोनों जगह दबाई गई। उन्होंने राज्यसभा में इन विधेयकों को पारित किए जाने के दौरान हुए हंगामे से जुड़ी एक खबर शेयर करते हुए ट्वीट किया, कृषि संबंधी कानून हमारे किसानों के लिए मौत का फरमान है। उनकी आवाज संसद और बाहर दोनों जगह दबाई गई। यहां इस बात का सबूत है कि भारत में लोकतंत्र खत्म हो गया है। कांग्रेस नेता ने जिस खबर का हवाला दिया उसमे दावा किया गया है कि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा था कि सदन में कृषि संबंधी विधेयको पर मतदान की मांग करते समय विपक्षी सदस्य अपनी सीट पर नही थे, लेकिन राज्यसभा टीवी की फुटेज से इसकी उलट बात साबित होती है। हाल ही मे संपन्न मानसून सत्र मे संसद ने कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्द्धन और सुविधा) विधेयक-2020 और कृषक (सशक्तीकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन समझौता और कृषि सेवा पर करार विधेयक-2020 को मंजूरी दी।

### बिहार के पूर्व डीजीपी को टिकट मिलना तकलीफदेह होगा: कांग्रेस

**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि यदि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) मुंबई पुलिस का अपमान करने वाले बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडे को टिकट देती है तो यह बहुत तकलीफदेह होगा, खासकर तब जबकि राज्य मे भाजपा के चुनाव प्रभारी महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस है। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन सावंत ने ट्विटर पर लिखा कि फडणवीस यदि पांडे की उम्मीदवारी का विरोध नही करेंगे तो महाराष्ट्र की जनता उनसे कई सवाल पूछेगी। बिहार मे तीन चरणों, 28 अक्टूबर, तीन नवंबर और सात नवबंर को, मतदान होगा। बिहार चुनाव के लिए भाजपा के प्रभारी फडणवीस है। बिहार के सत्तारूढ़ गठबंधन मे भाजपा और जदयू सहयोगी है। गौरतलब है कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले मे जांच को लेकर महाराष्ट्र तथा बिहार के बीच चली रस्साकशी के दौरान पांडे सुर्खियो मे आए थे।

### गोवा के डीजीपी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए

**पणजी।** गोवा के पुलिस महानिदेशक मुकेश कुमार मीणा सोमवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मीणा को एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। अधिकारी ने कहा, उनकी जांच रिपोर्ट सोमवार सुबह आई जिसमें संक्रमण की पुष्टि हुई। उनमें संक्रमण के हल्के लक्षण हैं। रविवार तक, गोवा में कोविड-19 के 31,958 मामले सामने आ चुके है जिनमें से 401 लोगों की मौत हो चुकी है।

### असम में 25 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद

**गुवाहाटी।** असम के कार्बी आंगलोग जिले से 25 करोड़ रुपए की पांच किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की गई और इस संबंध मे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। डीजीपी भास्कर ज्योति महंता ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि यह कार्वाई राज्य मे मादक पदार्थ तस्करी गतिविधियो के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा थी। पुलिस महानिदेशक ने कहा, "कार्बी आंगलोंग पुलिस ने कल रात असम नगालैंड सीमा पर पांच किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की। उन्होने कहा कि आरोपी इस्माइल अली को हिरासत मे ले लिया गया है। उन्होने कहा कि बरामद की गई 5.05 किलोग्राम हेरोइन का बाजार मूल्य 25 करोड़ रुपए है।

### ससुराल के बाहर धरने पर बैठा युवक

**कल्याणी।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले मे 28 वर्षीय एक युवक पत्नी को अपने साथ घर ले जाने के लिए सोमवार को ससुराल मे घर के बाहर धरने पर बैठ गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आलोक मलिक ने हाल ही मे संगीता घोष के साथ शादी की थी, हालांकि संगीता का परिवार इस विवाह के खिलाफ था। आलोक ने बताया कि उनका विवाह हिंदू रीति-रिवाजो से एक मंदिर में हुआ और इसे कानूनी तौर पर पंजीकृत भी करवाया गया। उसने कहा कि संगीता पिछले दिनों अपने माता-पिता से मिलने घर आई थी और अब वे उसे वापस नही जाने दे रहे है। उसने दावा किया कि उसके ससुराल वालों ने उसकी पत्नी को कही और भेज दिया है। हाथों में प्लेकार्ड, शादी की तस्वीरें और शादी का प्रमाण-पत्र लिए आलोक ससुराल वालों के घर के बाहर धरने पर बैठ गया और पत्नी को छोड़ने की मांग करने लगा।




हैदराबाद में कोरोना महामारी के बीच टीएस ईएएमसीईटी-2020 की परीक्षा में भाग लेने के लिए जाते हुए छात्र

## शिवसेना एवं शिअद के निकलने के बाद राजग में अब क्या बचा: सामना

**मुंबई।** कृषि विधेयकों के विरोध में केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से शिरोमणि अकाली दल के निकलने के बाद शिवसेना ने सोमवार को आश्चर्य जताया कि क्या राजग का अब भी वास्तव में कोई वजूद है। उसने साथ ही सवाल किया कि अब इसमें और कौन बाकी हैं। शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में कहा गया है कि यह अजीब है कि राजग के अंतिम स्तंभ अकाली दल को गठबंधन से हटने से नहीं रोका गया।

संपादकीय में कहा गया है, जब बादल (राजग से) हटे तो उन्हें रोकने की कोई कोशिश नहीं की गई। इससे पहले शिवसेना भी राजग से हटी। इन दोनों हटने के बाद राजग में अब बचा क्या है? जो अब भी गठबंधन में हैं उनका क्या हिंदुत्व से क्या कोई लेना देना है? संपादकीय में कहा गया है, पंजाब और महाराष्ट्र वीरता का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा शिअद एवं शिवसेना इस वीरता एवं बहादुरी का चेहरा हैं।

संपादकीय में कहा गया है, अब जब कुछ ने इस गठबंधन को रामराम (अलविदा) कह दिया है और इसलिए राजग में अब राम नहीं बचे हैं जिसने अपने दो शेर (शिवसेना एवं शिअद) खो दिए हैं। संसद में कृषि विधेयकों के पारित किए जाने के विरोध में अकाली दल ने शनिवार को राजग से नाता तोड़ लिया। शिवसेना एवं तेलुगु देशम पार्टी के बाद हाल के समय में राजग से गठबंधन तोड़ने वाला अकाली दल तीसरा बड़ा घटक है। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री के पद को लेकर विवाद के बाद शिवसेना ने पिछले साल विधानसभा चुनाव के बाद राजग को अलविदा कह दिया। संपादकीय में कहा गया है, पहले शिवसेना को राजग से अलग होना पड़ा। अब अकाली दल ने छोड़ा। दो मुख्य स्तंभों के बाहर निकलने के बाद क्या वास्तव में राजग अब भी बचा हुआ है?

## असम में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए महाजुट बना रही है कांग्रेस

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम कांग्रेस** के प्रमुख का कहना है कि राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए पार्टी एआईयूडीएफ, वाम दलों और कुछ अन्य स्थानीय समूहों के साथ मिलकर विपक्ष का महाजुट बनाने का प्रयास कर रही है।

असम प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष रिपून बोरा ने यह भी कहा कि राज्य की 126 सीटों में से कांग्रेस करीब 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और अगला मुख्यमंत्री कांग्रेस का ही होगा। उन्होंने फोन पर बताया, हम असम में अगला विधानसभा चुनाव महाजुट के तहत लड़ेंगे जिसमें कांग्रेस प्रमुख घटक पार्टी होगी। एआईयूडीएफ, वाम दलों और कुछ अन्य स्थानीय समूह इसका हिस्सा होंगे।

मौलाना बदरुद्दीन अजमल नीत एआईयूडीएफ और राज्यसभा के पूर्व सदस्य अजित कुमार भूइयां की नवगठित पार्टी ने भी अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का साथ देने का फैसला किया है। गठबंधन को मूर्तरूप देने का प्रयास कर रहे बोरा का कहना है कि उन्होंने दूसरे दलों के साथ बातचीत के संबंध में कांग्रेस आला कमान को सूचित कर दिया है और उनसे सैद्धांतिक अनुमति भी ले ली है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस करीब 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अन्य दल बाकि 36 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। चूंकि हम सबसे पड़ी पार्टी होंगे, स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री कांग्रेस का ही होगा। हालांकि राज्य में कांग्रेस के सत्ता में आने पर बोरा मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार होंगे, लेकिन उनका कहना है कि पार्टी चुनाव में किसी को अपना चेहरा नहीं बनाएगी।

## भाजपा नेता ने कहा, कोरोना संक्रमित हुआ तो ममता बनर्जी को गले लगाऊंगा, पुलिस में शिकायत

**बरूईपुरासिलिगुरी।** भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव अनुपम हाजरा ने कहा है कि यदि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हुए तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को गले लगाएंगे ताकि वह कोविड-19 मरीजों के परिवारों का दर्द समझ सकें। दक्षिण 24 परगना के बरूईपुर में रविवार शाम में भाजपा के एक कार्यक्रम में हाजरा द्वारा की गई टिप्पणी के लिए सिलिगुड़ी में तृणमूल कांग्रेस की ओर से पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई गई।

हाजरा ने कहा, हमारे कार्यकर्ता कोरोना वायरस से भी बड़े दुश्मन से लड़ रहे हैं। वे ममता बनर्जी से लड़ रहे हैं। जब वे (भाजपा कार्यकर्ता) बिना मास्क के ममता का मुकाबला कर सकते हैं तो वे सोचते हैं कि वे मास्क लगाए बिना कोविड-19 से भी लड़ सकते हैं। मैंने निर्णय किया है कि यदि मैं कोरोना वायरस से संक्रमित होता हूं तो मैं जाकर ममता बनर्जी को गले लगाऊंगा।

हाजरा तृणमूल कांग्रेस के एक पूर्व सांसद हैं जो पिछले वर्ष भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि राज्य में जिस तरह से कोविड-19 मरीजों के शवों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है वह दुखद है। उन्होंने कहा, उन्होंने (बनर्जी) बीमारी के पीड़ितों से सही तरीके से व्यवहार नहीं किया। उनके शवों को केरोसिन से जलाया जा रहा है। कोविड-19 से जान गंवाने वालों के पुत्रों को उनके चेहरे नहीं देखने दिए जा रहे हैं। हम इस तरह का व्यवहार तो मरे हुए बिल्ली और कुत्तों से भी नहीं करते।

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सौगत राय ने टिप्पणी की निंदा की और कहा कि ऐसी टिप्पणी भाजपा की मानसिकता प्रतिबिंबित करती है। तृणमूल कांग्रेस की सिलिगुड़ी इकाई ने हाजरा के खिलाफ एक रैली की और उनके खिलाफ पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई। उत्तर बंगाल शहर से तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, हमने अनुपम हाजरा के खिलाफ पुलिस में एक शिकायत दी है। हमने पुलिस से उनके खिलाफ तत्काल कार्वाई करने का आग्रह किया है।

पुलिस शिकायत पर प्रतिक्रिया जताते हुए हाजरा ने पीटीआई-भाषा से कहा कि बनर्जी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कई विवादास्पद टिप्पणी की हैं। उन्होंने कहा, यदि मेरी टिप्पणी अपमानजनक है तो ममता बनर्जी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ ऐसी टिप्पणी की हैं। दूसरा, यदि मेरे खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की जाती है तो तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ कम से कम 10 प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने हालांकि हाजरा की टिप्पणी से दूरी बना ली। प्रदेश भाजपा के एक नेता ने कहा, हम ऐसी टिप्पणी का समर्थन नहीं करते। हमें ऐसी टिप्पणी करने से परहेज करना चाहिए।



चेन्नई में पार्टी की कार्यसमिति की बैठक से पहले पूर्व सीएम जे. जयललिता को श्रद्धांजलि देते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पलानीस्वामी

# एदियुरप्पा ने किसान नेताओं से बातचीत करने की इच्छा जताई

**भाषा।** बेंगलुरु



**कर्नाटक के** कई हिस्सों में सोमवार को कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन के बीच मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने किसान नेताओं से बातचीत करने की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री का बयान ऐसे वक्त में आया है जब कांग्रेस समेत कई सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के समर्थन से कृषक संगठनों ने विधानसभा से पारित कृषि उपज विपणन (एपीएमसी) अधिनियम एवं कर्नाटक भू सुधार अधिनियम में संशोधनों के खिलाफ आज प्रदर्शन का आह्वान किया। किसानों ने आरोप लगाया कि एपीएमसी कानून में संशोधन से वे न्यूनतम समर्थन मूल्य से वंचित हो जाएंगे तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियां एवं बड़े कारपोरेट घराने सीधे अपनी दरों पर उपज खरीद लेंगे।मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, जो किसान नेता आज प्रदर्शन कर रहे हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि हमारे साथ बैठिए एवं बात कीजिए। मैं किसानों के हित में बदलाव करने के लिए सदैव तैयार हूं। दोनों संशोधनों को कृषक विरोधी बताते हुए प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि ए कानून कृषि क्षेत्र को तबाह कर देंगे क्योंकि जिनके हाथों में खूब पैसे होंगे वे अपने काले धन को सफेद करने के लिए कृषि जमीन खरीदेंगे और कृषि जमीन को रीयल एस्टेट कारोबार में बदल देंगे। इस आरोप का खंडन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एपीएमसी कानून में संशोधन से कृषि अपनी मर्जी से अपनी उपज बेच पाएंगे। उन्होंने कहा कि वे या तो एपीएमसी को बेच सकते हैं या राज्य या देश के किसी भी हिस्से में किसी को भी बेच सकते हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार एपीएमसी नहीं बंद कर रही है। एदियुरप्पा ने कहा, मैं किसान संघों से अपील करता हूं कि भले ही कोई आपको गुमराह कर रहा हो, लेकिन छह महीने या सालभर इंतजार कीजिए, अपनी उपज बेचने में आने वाली सभी रुकावटें चली जाएंगी। केएलआर में संशोधन के विषय में मुख्यमंत्री का कहना था कि राज्य में 18-20 लाख अनुर्वर जमीन है और इस संशोधन के बाद कोई भी खेती कर सकता है।कर्नाटक के पार्टी मामलों के प्रभारी कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा उन्हें एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश एवं कर्नाटक के लिए हानिकारक बताए जाने के संबंध में पूछे जाने पर एदियुरप्पा ने कहा, सुरजेवाला अपनी पार्टी को खड़ा करें।



दक्षिणी दीनाजपुर में आई बाढ़ के बाद सुरक्षित स्थान की ओर जाते पीड़ित ग्रामीण

# नियमों का उल्लंघन कर लालू यादव को मुलाकात की दी जा रही सुविधा: भाजपा

**भाषा।** रांची

**झारखंड में** भाजपा ने आरोप लगाया है कि जेल नियमावली एवं कानून का उल्लंघन कर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को लोगों से मिलने की सुविधा दी जा रही है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि लालू प्रसाद से नेताओं की मुलाकात का सिलसिला लगातार जारी है और इस दौरान जेल नियमावली और कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।प्रतुल ने कहा कि राज्य के जेल महानिरीक्षक ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि रिम्स निदेशक के केली बंग्ले को जेल नहीं माना जा सकता है। प्रतुल ने कहा यह बयान पूरी तरह से निराधार है क्योंकि उच्च न्यायालय ने अपने 24 अगस्त 2018 के आदेश

**● भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि लालू प्रसाद से नेताओं की मुलाकात का सिलसिला लगातार जारी है**

में लालू प्रसाद को रिम्स में इलाज करने की सुविधा देते हुए यह टिप्पणी की थी यह इलाज रांची में न्यायिक हिरासत में हो।प्रतुल ने आरोप लगाया, लालू से मुलाकातियों की मुलाकात के दौरान भी जेल नियमावली का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जा रहा है। लोग बेधड़क उनसे मिलते हैं और राजनीतिक बातें भी होती हैं और कोई जेल का अधिकारी भी मौजूद नहीं रहता। भाजपा के इन आरोपों के बारे में पूछे जाने पर राज्य के जेल महानिरीक्षक वीरेन्द्र भूषण ने स्पष्ट किया, लालू यादव न्यायिक हिरासत में हैं लेकिन वह जेल प्रशासन की हिरासत में न होकर इस समय रिम्स में जिला प्रशासन की निगरानी में हैं। लिहाजा उनसे मुलाकातियों के निर्णय के अलावा अन्य निर्णय जिला प्रशासन ही लेता है। भूषण ने कहा, लालू यादव से राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जब मिले तो वह स्वास्थ्य मंत्री के तौर पर रिम्स के विशेष वार्ड के रूप में घोषित निदेशक के केली बंग्ले की व्यवस्था का निरीक्षण करने गए थे। ऐसे में उन पर कोई भी कैसे रोक लगा सकता है?

# पूर्व नौकरशाहों ने कृषि क्षेत्र के कानूनों के समर्थन में जारी किया बयान

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व नौकरशाहों** के एक समूह ने मोदी सरकार द्वारा बनाए गए कृषि सुधार कानूनों का सोमवार को समर्थन किया और आरोप लगाया कि किसानों की मनोदशा पर नकारात्मक असर डालने के लिए मुद्दे पर दुष्प्रचार किया जा रहा है।इन पूर्व नौकरशाहों ने दावा किया कि संसद द्वारा पारित विधेयकों ने देश के किसान समुदाय को शोषण वाली व्यवस्था से आजादी दी है।

उन्होंने एक बयान में आरोप लगाया, आशंका करने की वजह है क्योंकि हमारे समाज में कुछ धड़े देश में दुष्प्रचार कर रहे हैं। हाल के समय में हमने देखा है कि असत्य और तोड़-मरोड़ कर बातों को रखे जाने से अल्पसंख्यकों, छात्रों की मनोदशा पर बहुत ही नकारात्मक असर पड़ा और अब किसानों के साथ ऐसा किया जा रहा है। पूर्व नौकरशाहों के बयान में आरोप लगाया गया कि देश को अस्थिर करने और अल्पसंख्यकों, छात्रों तथा किसानों के बीच असंतोष पैदा करने के लिए निहित हित वाले लोगों के प्रयासों पर संदेह करने की वजह है। इस समूह में पूर्व वित्त सचिव एस नारायण, पूर्व बैंकिंग सचिव डी के मित्तल, पूर्व रक्षा सचिव जी मोहन कुमार, पूर्व पेट्रोलियम सचिव सौरभ चंद्रा और पूर्व नागर विमानन सचिव के एन श्रीवास्तव समेत 32 पूर्व आईएएस अधिकारी शामिल हैं।परोक्ष तौर पर कांग्रेस का हवाला देते हुए पूर्व नौकरशाहों ने कहा है कि कुछ राजनीतिक दल जो अब इस कानून का विरोध कर रहे हैं उनके घोषणापत्र में भी बिचौलियों से किसानों को मुक्ति दिलाने और अपनी उपज को कहीं भी बेचने की आजादी दिलाने की बात कही गई थी।पूर्व नौकरशाहों ने कहा है कि सरकार ने किसानों के जीवन में बदलाव के लिए महत्वपूर्ण कानून बनाए हैं। इन कानूनों के जरिए देश के किसानों की प्रगति को धीमा करने वाले अवरोधों को खत्म किया गया है।

पूर्व नौकरशाहों ने इन कानूनों के तहत किसानों को कहीं भी अपनी उपज बेचने और किसी के साथ भी अनुबंध करने की आजादी के प्रस्तावित फायदों का जिक्र करते हुए कहा है कि किसानों को भड़काना आपत्तिजनक है।बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सरकार ने स्पष्ट आश्वासन दिया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की व्यवस्था पहले की तरह बनी रहेगी। पूर्व नौकरशाहों ने कहा कि किसानों को जहां भी दिक्कतें हो रही हैं, वह अपर्याप्त स्थानीय विपणन सुविधा के कारण होती है और इस कारण से बिचौलिए उनका शोषण करते हैं।

उन्होंने कहा है कि अगर भारत उनके लिए एक बाजार के तौर पर विकसित हो जाए और निजी क्षेत्र उनके उत्पादों की खरीद करे तो किसानों को कभी नुकसान नहीं होगा।

उन्होंने कहा, सरकार द्वारा विभिन्न आर्थिक पैकेजों के साथ ही ऐतिहासिक कानूनों से निश्चित तौर पर किसान समुदायों का उत्थान होगा और वे समृद्ध होंगे। इन कानूनों से किसानों के लिए निष्पक्ष और मुक्त तंत्र का निर्माण होगा।

पूर्व नौकरशाहों ने कहा, हमारा समूह किसानों को गुमराह करने और राष्ट्रीय पहल को बदनाम करने के निहित हितों के प्रयासों की निंदा करता है।

## शोपियां मुठभेड़ की जांच अंतिम चरण में: डीजीपी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने सोमवार को कहा कि शोपियां के कथित फर्जी मुठभेड़ मामले की जांच अंतिम चरण में है। इस घटना में राजौरी जिले के तीन लोग मारे गए थे। सिंह ने पुलवामा जिले के अवंतीपुरा में संवाददाताओं से कहा, एसएसपी, शोपियां खुद मामले की जांच प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं और मामले के बारे में अन्य विवरण जल्द ही साझा किए जाएंगे। हमारी जांच अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि सेना और पुलिस दोनों मामले की जांच कर रही हैं। बहरहाल, उन्होंने ब्यौरा देने से इनकार कर दिया। सुरक्षा बलों ने 18 जुलाई को शोपियां के अमसीपुरा में मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मारने का दावा किया था। लेकिन राजौरी के तीन परिवारों ने कहा था कि मारे गए लोग उनके लापता सदस्य हो सकते हैं।



बंगलुरु में गत दिनों संसद से पास हुए किसान बिल का गधे पर बैठकर विरोध करते केसीवीपी नेता वटल नागराज

# सीबीआई कर रही है 678 मामलों की जांच: सीवीसी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय सतर्कता** आयोग (सीवीसी) ने अपनी एक ताजा रिपोर्ट में कहा कि पिछले साल 31 दिसंबर तक केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा कुल 678 मामलों की जांच की जा रही थी, जिनमें 25 मामले ऐसे हैं जिनकी जांच पांच वर्षों से भी अधिक समय से चल रही है। आमतौर पर सीबीआई किसी मामले जांच पूरी करने में एक साल का समय लेती है।सीवीसी की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है, मामले की जांच पूरी होने का तात्पर्य संबंधित प्राधिकार से मंजूरी मिलने के बाद अदालतों में आरोप पत्र दाखिल करने से होता है। आयोग ने पाया है कि कुछ मामलों की जांच पूरी होने में कुछ विलंब हुआ है। सीवीसी की यह रिपोर्ट हाल ही में संपन्न मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश की गई और यह रिपोर्ट रविवार को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की गई। इस रिपोर्ट में सीवीसी ने कहा कि सीबीआई के पास जांच के लिए लंबित इन 678 मामलों में से 268 मामलों में जांच एक साल से कम समय से लंबित हैं तो 177 मामलों की जांच दो साल से अधिक समय से लंबित है। इसके अलावा 86 मामलों की जांच तीन साल से अधिक समय और 25 मामलों की जांच पांच साल से अधिक समय से लंबित है। भ्रष्टाचार के मामलों की सीबीआई जांच की निगरानी करने वाली संस्था सीवीसी ने कहा कि जांच में विलंब के कारणों में इस जांच एजेंसी के पास मानव संसाधन का अभाव और कुछ संबंधित प्राधिकारों से अभियोजन के जिए मंजूरी मिलने में देरी शामिल है।आयोग ने इस बात पर चिंता जताई कि विभिन्न अदालतों में सुनवाई के लिए लंबित मामलों के निस्तारण में धीमी प्रगति हुई है।रिपोर्ट के मुताबिक, भ्रष्टाचार से संबंधित 6,226 मामलों की सुनवाई लंबित है और इनमें से 182 मामलों की सुनवाई तो 20 साल से भी अधिक समय से चल रही है।

## स्थानीय निकायों, रेलवे और बैंक कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की सर्वाधिक शिकायतें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली जल बोर्ड जैसे राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न स्थानीय निकायों, रेलवे और बैंकों के कर्मचारियों के खिलाफ पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा शिकायतें मिलीं। इस रिपोर्ट के अनुसार, संबंधित सरकारी संगठनों के मुख्य सतर्कता अधिकारियों को 2019 में विभिन्न श्रेणियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ 81,494 शिकायतें मिलीं जिनमें 16,291 शिकायतें दिल्ली के स्थानीय निकायों (दिल्ली सरकार को छोड़कर) से जुड़े लोगों के खिलाफ आईं। इसके अलावा 11,797 शिकायतें रेलवे और 8,887 शिकायतें बैंकों के अधिकारियोंकर्मचारियों के विरूद्ध मिलीं। मुख्य सतर्कता अधिकारी विभिन्न सरकारी संगठनों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सीवीसी की एक इकाई के तौर पर काम करते हैं। सीवीसी की यह रिपोर्ट हाल ही में संपन्न मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश की गई और यह रिपोर्ट रविवार को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की गई।इस रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (डीएसआईडीसी), दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम लिमिटेड, दिल्ली परिवहन निगम, दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड और कई अन्य एजेंसियों से संबंधित लोगों के खिलाफ रिश्वत की शिकायते मिलीं। इन स्थानीय निकायों के खिलाफ जो 16,291 शिकायतें आईं उनमें से 14,290 का निस्तारण कर दिया गया और 2,001 लंबित हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, रेलवे को भ्रष्टाचार के संदर्भ में जो 11,797 शिकायतें मिलीं उनमें 10,502 का निस्तारण कर दिया गया और 1,295 शिकायतें लंबित हैं। इसमें कहा गया है कि आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के तहत आने वाली विभिन्न एजेंसियों के कर्मचारियों के खिलाफ 4,223 शिकायतें मिलीं जिनमें से 2,714 का निस्तारण हो गया और।,509 शिकायतें लंबित हैं।

# पेज एक का शेष

## रक्षा सौदों में ...

डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स (डीपीएसयू) जैसी राज्य इकाइयों द्वारा विकसित प्रणालियों के अधिग्रहण के नए अध्याय भी शामिल किए गए हैं। इस नीति का महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि डीएपी में तीन सेनाओं द्वारा आवश्यक वस्तुओं की खरीद में अक्सर होने वाली देरी को कम करने के उपाय भी सुझाए गए हैं।

## देश भर में...

से कांग्रेस सांसद टीएन प्रथपन ने सुप्रीम कोर्ट में विधेयकों की वैधता को चुनौती दी है। दिल्ली में पंजाब युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सोमवार सुबह इंडिया गेट पर एक ट्रैक्टर को जलाया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि पंजाब युवक कांग्रेस का सदस्य होने का दावा करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों में मनजोत सिंह (36), रमनदीप सिंह (28), राहुल (23), साहिब (28) तथा सुमित (28) शामिल हैं। ये सभी पंजाब के रहने वाले हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'करीब 15-20 लोग ट्रक पर ट्रैक्टर लेकर राजपथ स्थित मान सिंह क्रासिंग पर पहुंचे। उन्होंने वहां पर ट्रैक्टर को ट्रक से उतार कर उसमें आग लगा दी। पंजाब में मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने शहीद भगत सिंह की जयंती पर कृषि विधेयकों के विरोध में नवांशहर स्थित उनके पैतृक गांव खटकर कलान में धरना दिया। उन्होंने उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की और कहा कि देश उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा ऋणी रहेगा। पंजाब सरकार इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट जाने के लिए वकीलों से सलाह मशविरा भी कर रही है। मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी और पूर्व मंत्री परनीत कौर, पंजाब मामलों के कांग्रेस के नए प्रभारी हरीश रावत, पीपीसीसी अध्यक्ष सुनील जाखड़, विधानसभा स्पीकर राणा केपी, कैबिनेट मंत्री तथा करीब 45 विधायक और छह सांसद भी उनके साथ थे। ये सभी लोग एक घंटे से ज्यादा समय तक धरने पर बैठे। किसान कृषि विधेयकों के विरोध में लोगों से रिलायंस फ्यूल तथा जियो सिम का बॉयकाट करने का संदेश दे रहे हैं। उनका दावा है कि रिलायंस, जियो अडानी और अंबानी किसान विरोधी हैं लिहाजा लोग उनके उनके उत्पादों का बहिष्कार करें। किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के बैनर तले अमृतसर और फिरोजपुर में किसानों का रेल रोको आंदोलन 24 सितंबर से चल रहा है। हरियाणा में कांग्रेस ने चंडीगढ़ स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय में प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ता नारे लिखी तख्तियां ले रखे थे जिन पर लिखा था 'अन्नदाता की सुनो पुकार, बंद करो अत्याचार'। कार्यकर्ताओं ने इन कानूनों के वापस लेने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा। कुरुक्षेत्र में किसानों ने मंडी में मार्केट कमेटी के अंदर स्थित कार्यालय सचिव और अन्य कर्मचारियों को बंद कर दिया। भारी संख्या में पुलिस बल के आने के बाद उन्होंने कर्मचारियों को छोड़ा। भाजपा शासित कर्नाटक में हजारों किसानों ने आज प्रदर्शन किया। इसके अलावा कई अन्य सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने राज्य में प्रदर्शन किया। बेंगलुरू और कई अन्य शहरों में प्रदर्शन हुए। करीब 300 लोग जिनमें केआरआरएस नेता कोदीहल्ली चंद्रशेखर और कुरबुरू शांताकुमार, इसके अलावा कांग्रेस नेता जिसमें विपक्ष के नेता सिद्धारमैया, केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार, राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला और अन्य विरोध करने वाले नेताओं को हिरासत में ले लिया गया। डीएमके और उसकी सहयोगी कांग्रेस ने तमिलनाडु में चेन्नई, कोयंबटूर, मदुरै, त्रिचुरापल्ली तथा तिरुनेवेली में प्रदर्शन किया। अहमदाबाद में गुजरात कांग्रेस के 100 कार्यकताओं को प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया।

## कांग्रेसी सांसद ने...

संविधान के अनुच्छेद 14 (समता) 15 (भेदभाव निषेध) और अनुच्छेद 21 (जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन करता है। याचिका में इस कानून को निरस्त करने का अनुरोध करते हुए कहा गया है कि यह असंवैधानिक, गैरकानूनी और शून्य है। इस कानून को रविवार को ही राष्ट्रपति ने अपनी संस्तुति प्रदान की है। सरकार का दावा है कि नए कानून में कृषि करारों पर राष्ट्रीय फ्रेमवर्क का प्रावधान किया गया है. इसके माध्यम से कृषि उत्पादों की बिक्री, फार्म सेवाओं, कृषि का कारोबार करने वाली फर्म, प्रोसेसर्स, थोक विक्रेताओं, बड़े खुदरा विक्रेताओं और निर्यातकों के साथ किसानों को जुड़ने के लिए सशक्त करता है। यही नहीं, यह कानून करार करने वाले किसानों को गुणवत्ता वाले बीज की आपूर्ति सुनिश्चित करना, तकनीकी सहायता और फसल स्वास्थ्य की निगरानी, ऋण की सुविधा और फसल बीमा की सुविधा सुनिश्चित करता है। प्रतापन ने अधिवक्ता जेम्स पी थॉमस के माध्यम से दायर याचिका में कहा है कि भारतीय कृषि का स्वरूप टुकड़ों वाला है जिसमें छोटी छोटी जोत वाले किसान है। यही नहीं, भारतीय कृषि की कुछ अपनी अंतर्निहित कमजोरियां हैं जिन पर किसी का वश नहीं है। इन कमजोरियों में भारतीय खेती का मौसम पर निर्भर रहना, उत्पादन को लेकर अनिश्चित्ता और बाजार की अस्थिरता है। इन समस्याओं की वजह से खेती निवेश और उपज के प्रबंधन दोनों ही मामलों में बहुत ही जोखिम भरी है। याचिका में कहा गया है कि भारतीय किसान की खेती मौसम पर निर्भर रहती है और वह अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए अपनी उपज के मुद्रीकरण के बारे में नहीं सोच सकता है। इसमें कहा गया है कि इसकी बजाए, कृषि उपज विपणन समिति प्रणाली को सुदृढ़ करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य के प्रबंधन को प्रभावी तरीके से लागू किया जाना चाहिए।

## बिलों को रोकने ...

केसी वेणुगोपाल ने कांग्रेस शासित राज्यों की सरकारों से कहा है कि वे अपने यहां अनुच्छेद 254(2) के तहत बिल पास करने पर विचार करें जो केंद्र सरकार द्वारा पारित कृषि विधेयकों को निष्क्रिय करता हो। वेणुगोपाल ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सलाह दी है कि कांग्रेस शासित राज्यों को अपने यहां केंद्र की ओर से पारित कराए गए कृषि संबंधी कानूनों को निष्क्रिय करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 254(2) का इस्तेमाल करने पर विचार करना चाहिए। संविधान का यह अनुच्छेद राज्य विधानसभाओं को राज्य के अधिकार क्षेत्र पर अतिक्रमण करने वाले केंद्रीय कानूनों को नकारने के लिए एक कानून पारित करने की अनुमति देता है। वेणुगोपाल ने कहा कि इससे कांग्रेस शासित राज्य न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और एपीएमसी के विघटन समेत तीन सख्त कृषि कानूनों को दरकिनार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को मोदी सरकार और भाजपा की ओर से किए गए घोर अन्याय से भी मुक्ति मिलेगी।

## एलएसी पर चीन ...

है। चीनी सेना को किसी भी तरह का जवाब देने के लिए सेना ने डेपसांग समेत अपने संवेदनशील पूर्वी लद्दाख क्षेत्र के अधिकांश सीमावर्ती इलाकों में टी-72 और टी-90 टैंकों को भी तैनात किया है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच इस सप्ताह के अंत में फिर राजनयिक स्तर की वार्ता हो सकती है। इसके बाद कोर कमांडर स्तर की वार्ताओं का दौर चलेगा।

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान...

संस्थान को पक्षकार बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं हरीशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन की ओर से बताया गया कि इस मामले में आज सुनवाई होनी थी। परंतु, वादियों के अदालत में समय पर उपस्थित नहीं हो पाने के कारण अब 30 सितम्बर (बुधवार) को इस पर सुनवाई होगी। इस बीच, श्रीकृष्ण जन्मस्थान का मामला दायर होने के साथ ही जिला प्रशासन ने अदालत परिसर सहित श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर की भी सुरक्षा व्यवस्था और भी कड़ी कर दी है। मथुरा के पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा) आरके मिश्रा ने मीडिया को बताया, हमने श्रीकृष्ण जन्मस्थान एवं शाही ईदगाह परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद कर दिया है। विशेष तौर पर मंदिर के प्रवेश द्वार पर कमाण्डोज के साथ डाग स्क्वायड भी तैनात किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया, श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर की सुरक्षा में पूरी सतर्कता बरती जा रही है और वहां आने वाले सभी दर्शनार्थियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## भारत में कोविड-19 ...

10 लाख के पार जाने में 59 दिन अधिक लगे थे। 21 दिनों में मामले 10 लाख से 20 लाख तक पहुंच गए, फिर 30 लाख पार होने में 16 और दिन लगे, फिर 13 दिन में ममाले 40 लाख के पार हो गए, 50 लाख का आँकड़ा पार करने में 11 और दिन लगे और फिर अगले 12 दिन में संक्रमण के मामले 60 लाख को पार कर गए। देश में हुई 1,039 नई मौतों में से 380 महाराष्ट्र में, 80 तमिलनाडु में, 79 कर्नाटक में, 77 उत्तर प्रदेश में, 60 पश्चिम बंगाल में और 50 पंजाब में हुई हैं। आंध्र प्रदेश में 45 और लोगों की बीमारी के कारण मौत हो गई, इसके बाद दिल्ली में 42, छत्तीसगढ़ में 31, मध्य प्रदेश में 26 और केरल में 21 लोगों की मौत हुई है। असम में 17, हरियाणा में 16, राजस्थान में 15, ओडिशा में 14 और पुडुचेरी में 13 लोगों की मौत हो गई।

## साइ ने मीराबाई की अमेरिका में ट्रेनिंग को स्वीकृति दी

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने सोमवार को स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू की अमेरिका के कनसास मे दो महीने की ट्रेनिंग के लिए 40 लाख रुपए स्वीकृत किए। एमओसी की आनलाइन बैठक के दौरान यह फैसला किया है।

## बार्यन म्यूनिख का 32 मैचों का अजेय क्रम टूटा

**डसेलडोर्फ।** चैम्पियंस लीग और सुपर कप की विजेता बायर्न म्यूनिख के 32 मैचों तक अपराजेय रहने का क्रम रविवार को बुंदेसलीगा (जर्मनी की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) में होफफेनहेम से 4-। से हार के साथ टूट गया।बुंदेसलीगा की मौजूदा चैम्पियन टीम ने इस मुकाबले के तीन दिन पहले ही सुपर कप के 120 मिनट तक खेले गए फाइनल मे सेविला को 2-। से हराया था और के खिलाडियो पर थकान का असर साफ दिख रहा था।

## डिंडा आगामी घरेलू सत्र में गोवा का प्रतिनिधित्व करेंगे

**मुंबई।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अशोक डिंडा पिछले घरेलू सत्र में बंगाल से नजरअंदाज किए जाने के बाद आगामी सत्र में गोवा का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य की टीम मे मौका नही मिलने पर खुद को राजनीति का शिकार बताते हुए डिंडा ने पिछले साल घोषणा की थी कि वह बंगाल के लिए नही खेलेंगे। बंगाल 2019-2020 सत्र में रणजी ट्राफी का उपविजेता रहा था।

## लीसेस्टर ने मैनचेस्टर को हराया

**मैनचेस्टर।** जैमी वार्डी की हैट्रिक की मदद से लीसेस्टर ने मैनचेस्टर सिटी को 5-2 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। वार्डी के आक्रमक खेल का सिटी के डिफेंडर कोई जवाब नही दे सके। लीसेस्टर के लिए चौथा गोल जेम्स मेडिसन ने किया जबकि यूरी टी ने पांचवां गोल दागा।

## युवेंटस ने रोमा से ड्रॉ खेला

**रोम।** नौ बार की गत चैम्पियन युवेंटस ने सीरि ए फुटबॉल मुकाबले में रोमा से 2-2 से ड्राखेला। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने युवेंटस के लिए दो गोल दागे जिसमें दूसरे हाफ में हेडर पर किया गया बराबरी का गोल शामिल है। युवेंटा को दूसरे हाफ में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था।


## बार्सीलोना जीत,मेसी चमके

**मैड्रिड।** एटलेटिको मैड्रिड से जुड़े लुईस सुआरेज ने अपने पहले ही मैच में दो गोल किए जिसकी बदौलत उनकी टीम ने स्पेनिश लीग फुटबॉल में ग्रेनाडा को 6-। से हराया। बार्सीलोना से करार का नवीनीकरण नही होने के बाद सुआरेज ने रविवार को एटलेटिको के लिए पहला मैच खेला।

## उत्तराखंड ने फल्लाह और अब्दुल्ला को टीम से जोड़ा

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड ने महाराष्ट्र के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज समद फल्लाह और मुंबई तथा कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व स्पिनर इकबाल अब्दुल्ला के साथ आगामी घरेलू सत्र के लिए अनुबंध करके अपने बाहरी खिलाड़ियों का कोटा पूरा कर लिया।

# फ्रिच, पडिक्कल व डिविलियर्स बरसे


डिविलियर्स

- मुंबई इंडियन्स के खिलाफ आरसीबी का बड़ा स्कोर
- तीन विकेट पर 201 रन बनाए

भाषा। दुबई

आरोन फिंच, देवदत्त पडिक्कल और एबी डिविलियर्स के अर्धशतकों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सोमवार को यहां तीन विकेट पर 201 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। फिंच (35 गेंदों पर 52 रन, सात चौके एक छक्का) और देवदत्त पडिक्कल (40 गेंदों पर 54 रन, पांच चौके, दो छक्के) ने पहले विकेट के लिए 81 रन जोड़कर आरसीबी को सकारात्मक शुरुआत दी। इसके बाद डिविलियर्स ने 24 गेंदों पर चार चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 55 रन की लाजवाब पारी खेली। शिवम दुबे ने भी दो छक्कों की मदद से दस गेंदों पर नाबाद 27 रन का अमूल्य योगदान दिया। मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ट ने 24 रन देकर दो विकेट लिए लेकिन जेम्स पैटिनसन और जसप्रीत बुमराह अपना प्रभाव नहीं छोड़ पाए। पहले बल्लेबाजी का न्योता पाने वाले आरसीबी की तरफ से फिंच ने शुरू में रन बनाने का जिम्मा उठाया। टीम ने पहले छह ओवरों में जो 59 रन बनाए उनमें से 40 रन इस आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के बल्ले से निकले थे। इस बीच रोहित ने फिंच का मुश्किल कैच छोड़ा, जिसका जश्न इस बल्लेबाज ने बोल्ट की अगली गेंद पर दर्शनीय छक्का लगाकर मनाया और फिर लेग स्पिनर राहुल चाहर के पहले ओवर में लगातार तीन चौके जमाए। वह चाहर के अगले ओवर में चौका जड़कर 32 गेंदों पर अर्धशतक तक पहुंचे, लेकिन बोल्ट की धीमी गेंद पर वह सही टाइमिंग से शॉट नहीं लगा पाए और आसान कैच दे बैठे। कप्तान विराट कोहली लगातार तीसरे मैच में नाकाम रहे। उन्होंने 11 गेंदों तक संघर्ष किया और केवल तीन रन बनाकर चाहर की गेंद पर कवर पर खड़े रोहित शर्मा को कैच का अभ्यास कराया। कोहली ने तीन मैचों में केवल 18 रन बनाए हैं। कोहली जब क्रीज पर रहे तो रन गति भी धीमी पड़ी। पडिक्कल ने ऐसे में पैटिनसन पर लगातार दो छक्के लगाए और फिर कीरोन पोलार्ड पर चौका जड़कर टूर्नामेंट का अपना दूसरा पचासा पूरा किया। बोल्ट की धीमी गेंद पर पोलार्ड ने सीमा रेखा पर पडिक्क्ल का शानदार कैच लिया लेकिन इस बीच डिविलियर्स अपने रंग में आ चुके थे। डिविलियर्स ने बुमराह के एक ओवर में दो छक्कों और चौके की मदद से 18 रन बटोरे। उन्होंने बोल्ट की गेंद भी गगनदाई छक्के के लिए भेजी और फिर बुमराह के अगले ओवर में 90 मीटर दूर गए छक्के से अर्धशतक पूरा किया।

### स्कोर

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर:** देवदत्त पडिक्कल का पोलार्ड बो बोल्ट 54,आरोन फिंच का पोलार्ड बो बोल्ट 52,विराट कोहली का रोहित बो चाहर 03,एबी डिविलियर्स नाबाद 55 ,शिवम दुबे नाबाद 27,**अतिरिक्त** (लेग बाई 07, वाइड 03) 10,**कुल** (20 ओवर में, तीन विकेट पर) 201,**विकेट पतन** :।-81, 2-92, 3-154,**गेंदबाजी:** बोल्ट 4-0-34-2,पैटिनसन 4-0-51-0,चाहर 4-0-31-।,बुमराह 4-0-42-0,क्रुणाल पंड्या 3-0-23-0, पोलार्ड।-0-13-0

# इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला भारतीय सरजमीं पर खेलना चाहते हैं : गांगुली

भाषा। कोलकाता



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 महामारी से उपजी परिस्थितियों के बाद भी बोर्ड यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी कोशिश करेगा कि इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला का आयोजन भारत में ही हो। उन्होंने उम्मीद जताई घरेलू टूर्नामेंटों को भी किसी समय शुरू किया जा सकेगा। भारत में कोरोना वायरस के मामले 60 लाख को पार गए है जिसमें से 95,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इंग्लैंड को अगले साल जनवरी और मार्च के बीच पांच टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए भारत का दौरा करना है। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में यूएई में इंग्लैड के खिलाफ श्रृंखला आयोजित करने के विकल्प के बारे में पूछे जाने पर कहा, हमारी प्राथमिकता यही है कि यह (इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला) भारत में हो। हम इसे भारतीय मैदानों पर करने की कोशिश करेंगे। यूएई में यह फायदा है कि वहां तीन स्टेडियम हैं (अबू धाबी, शारजाह और दुबई)। बीसीसीआई ने हाल ही में अमीरात क्रिकेट बोर्ड से वहां मैच करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

## बांग्लादेश का श्रीलंका दौरा एक बार फिर स्थगित

**ढाका।** बांग्लादेश का श्रीलंका दौरा एक बार फिर रद्द कर दिया गया है क्योंकि दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड कोविड-19 महामारी को देखते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा नियमों के तहत 14 दिनों के अनिवार्य पृथकवास पर राजी नहीं हुए हैं।बांग्लादेश को पहले तीन टेस्ट मैचों के लिए जुलाई-अगस्त में श्रीलंका का दौरा करना था लेकिन वैश्विक स्वास्थ्य संकट के कारण इसे टाल दिया गया।

## आईसीसी को दो डिजीटल कार्यों के लिए पुरस्कार

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को उसकी दो डिजीटल पहल के लिए लीडर्स इन स्पोर्ट्स अवार्ड 2019 से पुरस्कृत किया गया। आईसीसी को आस्ट्रेलिया में खेले गए महिला टी20 विश्व कप की कवरेज और विंबलडन के सहयोग से तैयार किए गए वनडे इन जुलाई नामक वीडियो के लिए पुरस्कार दिया गया। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी मनु साहनी ने कहा, हम अपने दो प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित लीडर्स इन स्पोर्ट्स अवार्ड पाकर खुश हैं और इससे पता चलता है कि क्रिकेट दुनिया से कैसे जुड़ा है।

# सेरेना व थीम फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

भाषा। पेरिस


सेरेना


क्वितोवा

अमेरिका की स्टार खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने पहले सेट में जूझने के बाद वापसी करते हुए क्रिस्टी आन को सीधे सेटों में हराकर सोमवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि तीसरे वरीय डोमीनिक थीम पुरुष एकल में जीत दर्ज करने में सफल रहे। छठी वरीय सेरेना ने क्रिस्टी को 7-6, 6-0 से हराया।
सेरेना 40-0 के स्कोर पर मैच के लिए सर्विस कर रहीं थी लेकिन क्रिस्टी ने तीन मैच प्वाइंट बचाए। ऐस लगाकर सेरेना ने चौथा मैच प्वाइंट हासिल किया लेकिन इसके बाद शॉट नेट पर मार दिया। सेरेना ने ब्रेक प्वाइंट बचाया और फिर ऐस के साथ अमेरिका की अपनी हमवतन क्रिस्टी को बाहर का रास्ता दिखाया। क्रिस्टी पहले सेट में एक समय 3-। और फिर 4-2 से आगे थी लेकिन सेरेना के अनुभव के आगे उन्हें घुटने टेकने पड़े। तीन बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन 39 साल की सेरेना मारग्रेट कोर्ट के रिकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम खिताब की बराबरी करने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। वह अगले दौर में बुल्गारिया की वाइल्ड कार्ड धारक स्वेताना पिरोनकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने जर्मनी की एंड्रिया पेटकोविच को 6-3, 6-3 से हराया। पुरुष एकल में अमेरिकी ओपन चैंपियन थीम ने पहले दौर में पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 6-4, 6-3, 6-3 से शिकस्त दी। दो हफ्ते पहले फ्लशिंग मिडोज पर अपना पहला मेजर टूर्नामेंट जीतने वाले आस्ट्रिया के तीसरे वरीय थीम इस बार रोलां गैरो पर प्रबल दावेदारों में शामिल हैं। वह पिछले दो फाइनल में रफेल नडाल के खिलाफ हार चुके हैं। थीम ने कड़कड़ाती ठंड के बीच क्रोएशिया के खिलाड़ी की सर्विस छह बार तोड़ी। वह अगले दौर में अमेरिका के क्वालीफायर जैक सॉक से भिड़ेंगे जिन्होंने रेली ओपेल्का को 6-4, 6-4, 6-3 से हराया। चौदहवें वरीय इटली के फाबियो फोगनीनी और 19वें वरीय फेलिक्स आगर एलियासिम को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा।

**PUBLIC NOTICE**

The General Public is hereby informed that my clients **MANOHAR SINGH, AJIT PAL SINGH & PRITAM SINGH**, all residence of IC/127, Namdhari Colony, Ramesh Nagar, New Delhi-110015, Partners of the firm **M/S. BUMBRAH ELECTRIC CO.**, Situated at WZ-45-C, Ground Floor, Gali No.2, Rattan Park, New Delhi-110015, after the death of one of the partner **PARSHOTTAM SINGH**, who expired on **25.08.2019**, at Delhi. That my client's will be responsible for any type of claim/litigation if incurred in future regarding the said firm. **J.C. TRIKHA** (Advocate) M-4, C.S., Tis Hazari Courts, Delhi-110054.

# बाजार चढ़ा, वित्तीय, ऑटो शेयरों ने तेजी की अगुवाई की

भाषा। मुंबई




सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को पूंजी समर्थन दिए जाने और अर्थव्यवस्था के लिए राहत उपायों की उम्मीद में वित्तीय शेयरों में जोरदार लिवाली के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को 1.6 प्रतिशत तक चढ़ गए।
इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 592.97 अंक या 1.59 प्रतिशत बढ़कर 37,981.63 पर बंद हुआ, जबकि कारोबार के अंत में एनएसई निफ्टी 177.30 अंक या 1.60 प्रतिशत बढ़कर 11,227.55 पर पहुंच गया। सूचकांकों में लगातार दूसरे दिन तेजी हुई। सेंसेक्स में सबसे अधिक आठ प्रतिशत की तेजी इंडसइंड बैंक में देखने को मिली। बढ़त के लिहाज से इसके बाद बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, पावरग्रिड, ओएनजीसी, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा और एमएंडएम रहे। दूसरी ओर एचयूएल, इंफोसिस और नेस्ले लाल निशान में बंद हुए। बीएसई पावर, बैंकेक्स, ऑटो, रियल्टी, यूटिलिटी, फाइनेंस और मेटल सहित सभी क्षेत्रवार सूचकांक 3.40 प्रतिशत तक की तेजी के साथ बंद हुए। इस दौरान मिड कैप और स्मॉल कैप शेयरों में 2.68 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा कि प्रमुख सूचकांक भारी तेजी के साथ बंद हुए, जिसकी अगुवाई वित्तीय शेयरों ने की और उनका साथ ऑटो और फार्मा ने दिया। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों प्रोत्साहन पैकेज दिए जाने की उम्मीद के चलते इन शेयरों में लिवाली की गई।
जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक संकेत भी सकारात्मक थे और चीन के औद्योगिक मुनाफे के आंकड़ों ने सुधार की धारणा को बल दिया। उन्होंने कहा कि बाजार इस उम्मीद पर भी दाव लगाया कि सरकार अर्थव्यवस्था के लिए ताजा राहत उपायों की घोषणा कर सकती है।कारोबारियों के अनुसार अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाली बहस से पहले वैश्विक बाजारों में खरीदारी के रुख के चलते घरेलू शेयर बाजार में भी तेजी रही। इसबीच हांगकांग, टोक्यो और सियोल के बाजार बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि शंघाई लाल रंग में था। यूरोपीय शेयर बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42.12 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे गिरकर 73.79 के स्तर पर बंद हुआ।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे टूटकर 73.79 पर बंद

**मुंबई।** नरमी के रुख के साथ खुला रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 18 पैसे टूटकर बंद हुआ। कारोबार की समाप्ति पर यह 73.79 रुपए प्रति डॉलर पर रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को कारोबार की शुरुआत में डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे टूटकर 73.64 पर खुला। कारोबार के दौरान रुपए ने 73.53 के उच्चतम और 73.86 के निम्नतम स्तर को छुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद अंत मे यह 18 पैसे टूटकर 73.79 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 73.61 पर रहा था।

**PUBLIC NOTICE**

Following share scrips are lost and it is requested that anyone who locate these may please contact us:
**Share Name :** DCM SHRIRAM INDUSTRIES LTD.
**Folio No. :** DCM037036
**Certificate No. :** 63514, 63515, 63516, 63517, 63518
**Dist. Nos. :** 3515930-3515979, 3515980-3516029, 3516030-3516079, 3516080-3516129, 3516130-3516148
**No. of Shares :** 219
**Mr. Ravinder Nath**
Maulseri House
7 Kapashera Estate
New Delhi-110009
**Contact No.-** 011-41225000

**PUBLIC NOTICE**

I, Ashok Dhar s/o Madho Lal Dhar, R/o c-6, 2nd floor, Kashmir apartment, pitampura, New Delhi -110034 would like to inform general public that i have misplaced the original below listed documents of the above said property on 26.09.2020.
List of documents:-
1. General power of attorney.
2. Possession letter.
3. Relinquishment deed.
4. Will.
If any person/s find the same, is requested to return the same on the above mention address or contact me on the below contact number.
Mobile No. - 9717749991/9311129787

# आरबीआई ने कोरम पूरा न होने के कारण मौद्रिक नीति समिति की बैठक को टाला



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि उसने इस सप्ताह होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक को टालने का फैसला किया है और नई तारीखों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। केंद्रीय बैंक ने स्वतंत्र सदस्यों की नियुक्ति में देरी के चलते कोरम पूरा न हो पाने की स्थिति के मद्देनजर बैठक को टाला है। एमपीसी मुख्य रूप से ब्याज दरों पर फैसला करती है। आरबीआई की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा मंगलवार से शुरू होनी थी, जो तीन दिनों तक चलती। इस दौरान मुख्य रूप से ब्याज दरों पर फैसला किया जाना था। आरबीआई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 29 सितंबर, 30 और एक अक्टूबर, 2020 के दौरान एमपीसी की बैठक होनी थी, जिसे अब टाला जा रहा है। एमपीसी की बैठक की तारीखों की घोषणा जल्द की जाएगी। आरबीआई अधिनियम के अनुसार एमपीसी के बाहरी सदस्यों का कार्यकाल चार वर्ष का होता है। सरकार ने 2016 में ब्याज दरों को निर्धारित करने की जिम्मेदारी गवर्नर से लेकर छह सदस्ईय एमपीसी को सौंपी थी।

## वित्त वर्ष 2020–21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 11 प्रतिशत का संकुचन होगा: इक्रा

**मुंबई।** घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को देश के जीडीपी अनुमानों को आगे और घटाते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में 11 प्रतिशत तक संकुचन हो सकता है। रेटिंग एजेंसी इससे इससे पहले 9.5 प्रतिशत संकुचन का अनुमान जताया था। इक्रा ने अपने अनुमानों को संशोधित करते हुए कहा कि देश में कोविड–19 संक्रमण की दर उच्च स्तर पर बनी हुई है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए वृद्धि के आधिकारिक आंकड़े आने के बाद कुछ विश्लेषकों ने वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान 14 प्रतिशत तक संकुचन की बात कही है।

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **पूजा कुमारी, पुत्री** राजपती सरोज, **निवासी:** म.नं. 65, गौशाला, किशनगढ़ गांव, नई दिल्ली है जो कि अपने घर से थाना क्षेत्र किशनगढ़ के अंतर्गत दिनांक 15.09.2020 को दोपहर 02:00 बजे से लापता है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्र:** 22 वर्ष, **कद:** 5'5'', **रंग:** सांवला, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** मध्यम, जिसने काले रंग का सूट व सलवार और सफेद रंग की चप्पल पैरों में पहनी हैं।
इस संदर्भ में **डीडी नं. 99ए/2020, दिनांक 15.09.2020 को थाना किशनगढ़, नई दिल्ली में दर्ज है।**
हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641
**थानाध्यक्ष**
**थाना किशनगढ़, नई दिल्ली**
**फोन न.: 011-26510075, 26510085**
**DP/301/SW/2020**

## सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। सपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनोज कुमार शर्मा और कल्पना शर्मा/ LBDEL00001133502 | सी-22 एफ, प्लॉट नं-9, सी-22 एफ, पहली मंजिल, दिल्ली पुलिस, अपार्टमेन्ट सीजीएचएस, मयूर विहार, फेज-1, दिल्ली-110091/ सितम्बर 22,2020 | नवम्बर 30, 2019 ₹. 30,73,473/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | शुभंकर दास गुप्ता/ बिनता दास गुप्ता/ LBDEL00000369905 | भवन संख्या 866, इकाई संख्या एफ-2 प्रथम तल, सेक्टर 5 वैशाली, गाजियाबाद/ एमआईजी- ए-1332, प्रथम तल, सेक्टर-29, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फरीदाबाद/ सितम्बर 23, 2020 | फरवरी 26, 2020 ₹. 1,69,694/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | लक्ष्मी नरसिम्हन एन.आर./ एल. वैजन्ती/ LBDEL00000370533 | एमआईजी- ए-1332, प्रथम तल, सेक्टर-29, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फरीदाबाद हरियाणा/ सितम्बर 24,2020 | जनवरी 31, 2020 ₹. 1,90,535/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | सरमन कुमार/ निशा सरतन LBDEL00000389253 | एच.नंबर 1599, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-29, फरीदाबाद/ सितम्बर 24,2020 | फरवरी 26, 2020 ₹. 2,56,747/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: सितम्बर 29, 2020
स्थान: दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
प्रतिभूत लेनदार

## सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर,न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतदद्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतदद्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विपिन ध्यानी/सोनल ध्यानी/ एलबीडीईएल00001710585 | फ्लैट नंबर एच–82, सेक्टर–41, नोएडा/22 सितम्बर, 2020 | 30–11–2019 रू. 13,77,252/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मनीषा खन्ना एवं अंकुर खन्ना/ एलबीएनओडी00003048485 | फ्लैट नंबर 301, तृतीय तल, स्टेलर पार्क, प्लॉट नंबर सी–58/24, सेक्टर–62, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा/22 सितम्बर, 2020 | 30–11–2019 रू. 63,11,494/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | शशि प्रभा/प्रेम प्रकाश कौशल्यायन/ एलबीडीईएल00003197681 | फ्लैट नंबर 604, टावर–ए, छठा तल, वेदान्तम, प्लॉट नंबर जीएच–01बी, सेक्टर–16 सी, ग्रेटर नोएडा–201307/22 सितम्बर, 2020 | 30–11–2019 रू. 11,55,297/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | विनीत शर्मा/अमिता शर्मा/ एलबीएनओडी00004745285 | फ्लैट नंबर 2303, प्लॉट नंबर जीएच–05, सेलो काउन्टी, टावर ए–1, सेक्टर–121, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर–201301/22 सितम्बर, 2020 | 05–02–2020 रू. 82,96,888/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | सुजल खंडेलवाल एवं मीनाक्षी गुप्ता/ एलबीएनओडी00004375102 | प्लॉट नंबर 179, भू तल, सेक्टर–02, आदित्य वर्ल्ड सिटी, गाजियाबाद/22 सितम्बर, 2020 | 31–01–2020 रू. 6,32,510/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | जय भगवान शर्मा/ज्योतेष्णा शर्मा/ एलबीएनओडी00001899200 | मकान नंबर 4/66, सेक्टर–2, राजेन्द्र नगर, गाजियाबाद/22 सितम्बर, 2020 | 03–01–2020 रू. 77,54,019/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | रवीन्द्र कुमार/पूजा देवी/ एलबीडीईएल00002734751 | चालान नंबर 2614, यूपीएवीपी हाउसिंग स्कीम, मंडोला विहार, गुलमोहर एन्क्लेव, गाजियाबाद/22 सितम्बर, 2020 | 31–10–2019 रू. 10,09,916/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | ऐश्वर्य एवं राजेन्द्र कुमार गुप्ता/ एलबीडीईएल00002185984 | फ्लैट नंबर 1202, 12वां तल, टावर सी, ग्राम शाहपुर बम्हेटा, आदित्य अर्बन होम, गाजियाबाद/22 सितम्बर, 2020 | 22–02–2020 रू. 12,10,893/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | तरूणा चावला एवं रवि चावला/ एलबीजीयूआर00002821238/ एलबीजीयूआर00002821262 | फ्लैट नंबर वीएस/बी–802, 8वां तल, प्लॉट नंबर 1/2, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201001/22 सितम्बर, 2020 | 29–02–2020 रू. 51,34,868/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10. | रमेश चंद एवं बबीता गुप्ता/ एलबीडीईएल00001706470 | प्लॉट नंबर जे–181, सेक्टर–12, प्रताप विहार, ब्लॉक–जे, जी.एम.पी., गाजियाबाद/23 सितम्बर, 2020 | 09–01–2020 रू. 14,27,506/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 11. | जितेन्द्र शर्मा एवं मुकुट लाल शर्मा/ एलबीडीईएल00004860718 | प्लॉट नंबर एल–85, तृतीय तल, छत का अधिकार नहीं, एल ब्लॉक, सेक्टर–12, प्रताप विहार, गाजियाबाद, परगना लोनी, तहसील एवं जिला गाजियाबाद/23 सितम्बर, 2020 | 30–11–2019 रू. 62,72,361/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 12. | श्रद्धा दुबे/दीपक दुबे/ एलबीजीएचजैड00003274290/ एलबीजीएचजैड00003309720 | फ्लैट नंबर 201, द्वितीय तल, ब्लॉक : टावर–3, पंचशील पेबल्स, प्लॉट नंबर जीएच–1(18ए), सेक्टर–3, वैशाली, गाजियाबाद/23 सितम्बर, 2020 | 30–11–2019 रू. 69,44,509/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 13. | गौरव सभरवाल/पूनम सभरवाल/ एलबीएनओडी00001736129 | द्वितीय तल छत के अधिकार के साथ, प्लॉट नंबर बी–236, सेक्टर–12, राम प्रस्थ कालोनी, गाजियाबाद/23 सितम्बर, 2020 | 26–02–2020 रू. 6,64,583/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 14. | सोहन पाल/सुरेश कुमार गुप्ता/ एलबीएनओडी00002379759 | डीडीए एलआईजी, फ्लैट नंबर 50, तृतीय तल, सेक्टर जी–8, पाकेट–3, ब्लॉक–एफ 7, नरेला, दिल्ली/23 सितम्बर, 2020 | 30–11–2019 रू. 11,59,324/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 15. | मीना रानी/अमित कुमार/ एलबीडीईएल00004932620 | प्लॉट नंबर एल–85, भू तल, फ्रंट और रियर साइड, छत का अधिकार नहीं, प्रताप विहार, गाजियाबाद/24 सितम्बर, 2020 | 22–02–2020 रू. 43,62,830/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 16. | अरूण कुमार शर्मा/नीलाक्षी शर्मा/ एलबीएफडीबी00001635157 | पीपी/ए–1002, 10वां तल, प्रोफेशनल हब, 1/2, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद/24 सितम्बर, 2020 | 30–11–2019 रू. 18,27,615/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 17. | अमर चंद एवं दमयंती साहू/ एलबीडीईएल00002065451/ एलबीएनओडी00001212795 | फ्लैट नंबर एस–4, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर ।।–ए/145, वैशाली, गाजियाबाद/24 सितम्बर, 2020 | 28–02–2020 रू. 8,95,202/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 18. | समय सिंह एवं माया देवी/ एलबीडीईएल00001253311 | मकान नंबर एसई–427, शास्त्री नगर, गाजियाबाद/24 सितम्बर, 2020 | 31–01–2020 रू. 5,73,826/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 19. | अभिषेक सिंह/ग्यान्ती सिंह/ एलबीडीईएल00004904357 | फ्लैट नबर पीबी–57–जीएफ, भू तल, पार्कलैंड प्राइड, सेक्टर–77–78, फरीदाबाद, हरियाणा/24 सितम्बर, 2020 | 31–12–2019 रू. 46,09,307/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 20. | अबू जफर/मोहम्मद अबुल्लाईस/जिया इंटीरियर्स ऐंड कॉन्ट्रैक्टर/ एलबीएफडीबी00004302331/ एलबीएफडीबी00004309531 | प्लॉट नंबर 634, प्रथम तल, सूर्य नगर, फेज–2, सेक्टर–91, फरीदाबाद, हरियाणा/24 सितम्बर, 2020 | 22–02–2020 रू. 49,46,026/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 21. | सोनिया गुलाटी/धीरेन्द्र कुमार/विवेक चंद्र चौबे/ एलबीएनओडी00002409026 | फ्लैट नंबर एच/सीए 404, चतुर्थ तल, सिटी अपार्टमेंट, आदित्य वर्ल्ड सिटी, प्लॉट नंबर जीएच–06, गाजियाबाद/22 सितम्बर, 2020 | 30–01–2020 रू. 25,20,619/– | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 29–09–2020
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# राष्ट्रपति पद के लिए आज होगी आधिकारिक बहस

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के बीच राष्ट्रपति पद के लिए पहली आधिकारिक बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) 29 सितम्बर को होगी।

अमेरिका में तीन नवम्बर को होने वाले चुनाव से पहले ट्रम्प और बाइडेन के बीच तीन बार इस तरह की बहस होगी।फॉक्स न्यूज के मशहूर एंकर क्रिस वालास पहली बहस का संचालन करेंगे। सी-स्पैन नेटवर्क्स के स्टीव स्कली 15 अक्टूबर को मियामी (फ्लोरिडा) में होने वाली दूसरी बहस और एनबीसी न्यूज की क्रिस्टन वेलकर 20 अक्टूबर को नैशविले (टेनेसी) में तीसरी बहस का संचालन करेंगी।उप राष्ट्रपति माइक पेंस (61) और उप राष्ट्रपति पद की डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस (55) के बीच सात अक्टूबर को उटा के सॉल्ट लेक में उप राष्ट्रपति पद के लिए की बहस होगी। यूएसए टूडे की पत्रकार सुसन पेज इसका संचालन करेंगी।

सभी चार बहस कमिशन ऑन प्रेसिडेंशियल डिबेट्स (सीबीडी) द्वारा आयोजित की जा रही हैं। ए बहस 90 मिनट की होंगी। अगस्त में, सीपीडी ने राष्ट्रपति पद के लिए सितम्बर की शुरुआत में बहस का आयोजन कराने के ट्रम्प अभियान दल के अनुरोध को ठुकरा दिया था।वहीं ट्रम्प ने रविवार को पत्रकारों से कहा था कि न्यूजर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी और न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर रूडी गिलियानी उन्हें बहस के लिए तैयारी करने में मदद कर रहे हैं। इससे पहले दिन में ट्रम्प ने ट्वीट कर बहस से पहले बाइडेन के ड्रग टेस्ट कराने की मांग की थी।उन्होंने ट्वीट किया था, मैं बहस से पहले या बाद में जो बाइडेन के ड्रग टेस्ट कराने की मांग करता हूं। मैं भी यकीनन यह कराने को तैयार हूं।





बहस में उनका प्रदर्शन हमेशा असमान रहा है। केवल ड्रग ही इन विसंगतियों का कारण हो सकते हैं।

संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में ट्रम्प ने एक बार फिर बाइडेन के बहस से पहले ड्रग टेस्ट कराने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि वह भी इसे कराएंगे।

ट्रम्प ने कहा, मैं ड्रग टेस्ट कराने को तैयार हूं। मुझे लगता है कि उन्हें भी कराना चाहिए... वह काफी असंगत रहे हैं... आपको पता है मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। अगर आपने वे कुछ बहस देखीं होगी तो, मैं कहूंगा कि ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे यह जारी रखा जा सके। वह इसे जारी नहीं रख सकते।

बाइडेन ने अभी तक ट्रम्प की इन टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं की है। इस बीच, कांग्रेस के 70 से अधिक सदस्यों ने सीपीडी को पत्र लिख जलवायु परिवर्तन को बहस का विषय बनाने की अपील की है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए पहली बार 26 सितम्बर 1960 को बहस हुई थी।

# बाइडेन के बेटे हंटर को रूस व चीन से काफी पैसा मिला: ट्रम्प

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रपति पद के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन के बेटे हंटर को रूस और चीन से बड़ी धनराशि मिली है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मुख्यधारा का मीडिया इसे नहीं दिखा रहा है और इस पर चुप है। ट्रम्प ने रविवार को व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह विश्वास करना मुश्किल है, जब आप इस तरह की चीज देखते हैं, उन्हें (हंटर) चीन से, रूस से काफी पैसे मिले हैं जहां मास्को के मेयर की पत्नी ने उन्हें 35 लाख डॉलर दिए हैं और कोई भी व्यक्ति इस पर सवाल खड़ा नहीं कर रहा है।

पिछले हफ्ते जारी एक सीनेट रिपब्लिकन की रिपोर्ट के अनुसार, बाइडेन के उपराष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल के दौरान, हंटर को मास्को के पूर्व मेयर यूरी लुझकोव की विधवा एलेना बेतुरिना से 35 लाख अमेरिकी डॉलर मिले थे।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि चीनी नागरिकों ने हंटर और बाइडेन परिवार के अन्य सदस्यों को पैसे दिए। ट्रम्प ने कहा कि इस तरह की रिपोर्ट प्रकाशित किए जाने के बावजूद, मुख्यधारा का मीडिया इस खबर को दबा रहा है और इस पर चुप है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, उन्हें (हंटर) 35 लाख डॉलर क्यों दिए गए? मैं आपको बताऊंगा क्यों: क्योंकि जो बाइडेन उसमें शामिल थे... कोई रास्ता नहीं बचा है कि वह यह बता पाएं कि उस लेनदेन में शामिल नहीं थे। हंटर जो बाइडेन के विमान- एयर फोर्स टू का इस्तेमाल करता है। वे चीन जाते हैं और फिर वह वापस आते हैं, और क्या उन्होंने अपने पिता को बताया नहीं होगा कि उन्हें डेढ़ अरब डॉलर मिले हैं? ट्रम्प ने कहा, और अब यह पता चला है कि उससे कहीं अधिक पैसा मिला है... चीन से बहुत अधिक पैसे मिले हैं.. चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के एक सदस्य ने उन्हें बहुत पैसा दिया और प्रेस को इन खबरों में कोई दिलचस्पी नहीं है। ... यह हमारे देश के लोगों के लिए बहुत ही निराशाजनक है।

उधर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अभियान के पूर्व प्रबंधक ब्रैड पार्स्कल को रविवार को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उनकी पत्नी ने पुलिस को फोन कर बताया था कि पार्स्कल के पास कई हथियार हैं और वह खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी दे रहे हैं। फ्लोरिडा पुलिस और अभियान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस सार्जंट डेआना ग्रीनलॉ ने कहा कि पार्स्कल को बेकर कानून के तहत अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।



बार्सिलोना में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करती मेडिकल छात्राएं

# पाकिस्तान के नेता प्रतिपक्ष शहबाज शरीफ धनशोधन के मामले में गिरफ्तार



**भाषा।** लाहौर

**सात** अरब रुपए के धनशोधन मामले में लाहौर उच्च न्यायालय द्वारा जमानत याचिका खारिज किए जाने पर पाकिस्तान के नेता प्रतिपक्ष एवं पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री इमरान खान के इस्तीफे की मांग को लेकर अगले महीने पीएमएल-एन के निर्धारित प्रदर्शनों से ठीक पहले हुआ है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज को अदालत परिसर से गिरफ्तार किया गया, जहां सुनवाई से पहले बड़ी संख्या में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के कार्यकर्ता एकत्र हो गए।

शहबाज को भ्रष्टाचार रोधी इकाई राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के अधिकारी लाहौर हिरासत केंद्र ले गए। उन्हें रिमांड के लिए जवाबदेही अदालत में पेश किया जाएगा। सरदार अहमद नईम की अध्यक्षता वाली लाहौर उच्च न्यायालय की दो सदस्ईय पीठ ने एनएबी की टीम और शहबाज के वकीलों की दलील सुनने के बाद शहबाज की जमानत याचिका खारिज कर दी। इमरान खान सरकार ने पिछले सप्ताह 69 वर्षीय शहबाज और उनके परिवार के खिलाफ धनशोधन का मामला दायर किया था। शहबाज शरीफ 2008 से 2018 तक पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री थे। प्रधानमंत्री के आंतरिक और जवाबदेही मामलों के सलाहकार शहजाद अकबर ने 23 सितंबर को आरोप लगाया था कि शहबाज और उनके बेटों- हमजा तथा सलमान ने फर्जी खातों के जरिए धनशोधन को अंजाम दिया।

अकबर ने कहा कि वित्तीय निगरानी इकाई ने शहबाज के परिवार के 177 संदिग्ध लेन-देन का पता लगाया था, जिसके बाद एनएबी ने जांच शुरू कर दी। उन्होंने शहबाज और हमजा पर पार्टी के टिकट के बदले रिश्वत लेने तथा अपनी पसंद के लोगों को परियोजनाएं देने का आरोप लगाया। अकबर ने आरोप लगाया कि शहबाज और उनके बच्चों के स्वामित्व वाली कंपनियों के कर्मियों के जरिए करोड़ों रुपए का धनशोधन किया गया। शहबाज ने अपनी गिरफ्तारी से पहले मीडिया से कहा कि प्रधानमंत्री इमरान खान उन्हें गिरफ्तार कराना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, यह इमरान खान और एनएबी का नापाक गठबंधन है, जो मुझे सलाखों के पीछे भेजना चाहता है। उनकी गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीएमएल-एन की प्रवक्ता मरयम नवाज ने कहा कि शहबाज को केवल इसलिए गिरफ्तार किया गया है क्योंकि उन्होंने अपने बड़े भाई को नहीं छोड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक उत्पीड़न कर रही है।

## क्विक न्यूज

### पड़ोसी देशों के साथ चल रहे विवादों के बीच चीन ने दक्षिण चीन सागर में अभ्यास किया

**बीजिंग।** चीन अपने दक्षिणपूर्वी एशियाई पड़ोसी देशों तथा अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बीच दक्षिण चीन सागर में सैन्य अभ्यास कर रहा है। समुद्री सुरक्षा प्रशासन ने रविवार से शुरू होकर सोमवार तक चलने वाले सैन्य अभ्यास के बारे में जानकारी दी और अभ्यास स्थल के इर्दगिर्द के समुद्री इलाके को बंद करने की घोषणा की।चीन यहां नियमित तौर पर अभ्यास करता रहा है। इससे पहले, इस महीने की शुरुआत में चीन के जंगी विमान दक्षिण चीन सागर के उत्तरी हिस्से में ताईवान के हवाई क्षेत्र में दाखिल हुए थे।

### मेक्सिको के बार में गोलीबारी, 11 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** गुआनाजुआटो के एक बार में रविवार को एक बंदूकधारी ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना में चार महिलाओं समेत 11 लोगों की मौत हो गई।सरकारी अभियोजकों ने कहा कि जराल डेल प्रोग्रेसो शहर के निकट स्थित बार में गोलियों से छलनी शव मिले। यह इलाका मिकोआकैन राज्य की सीमा के निकट है और यही जालिस्को गिरोह के लिए घुसपैठ का स्थल है जो गुआनाजुआटो में आना चाहता है।स्थानीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक मृतकों में जो चार महिलाएं है वो संभवतः बार में काम करती थी। इस हमले के पीछे का कारण पता नही चल पाया है हालांकि इसे अंजाम देने के पीछे मादक पदार्थ से जुड़े गिरोहो का हाथ होने के संकेत मिले है।

### ऑस्ट्रेलिया में जेल से रिहा होने के बाद वेटिकन लौट रहे कार्डिनल पेल



**कैनबरा।** पोप फ्रांसिस के पूर्व वित्त मंत्री एवं कार्डिनल जॉर्ज पेल ऑस्ट्रेलिया में बाल उत्पीड़न के मामले मे बरी होने के बाद पहली बार वेटिकन पहुंचेंगे। हेराल्ड सन अखबार के मुताबिक पेल मंगलवार को हवाई मार्ग से रोम आएंगे। पिछले हफ्ते पोप फ्रांसिस ने कार्डिनल के एक प्रमुख शक्तिशाली विरोधी कार्डिनल एंजेलो बेसियू को वित्तीय गड़बड़ी के आरोप के बाद हटा दिया था।पेल वेटिकन मे वरीयता क्रम मे तीसरे शीर्ष अधिकारी माने जाते है। वह वेटिकन मे वित्तीय अव्यवस्थाओं को ठीक करने के प्रयास कर रहे थे। उसी दौरान, 2017 में वह अपने मूल स्थान ऑस्ट्रेलिया लौटे ताकि बाल यौन उत्पीड़न के दशकों पुराने आरोपो का सामना कर सकें। उन्हे इन आरोपो का दोषी माना गया। वह 13 महीने जेल मे रहे। पेल को अप्रैल में ऑस्ट्रेलियाई हाईकोर्ट ने 1990 के दशक के इन बाल यौन उत्पीड़न के आरोपों से बरी कर दिया। जेल से छूटने के बाद अपने पहले टेलीविजन साक्षात्कार में पेल ने कहा कि वेटिकन मे भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई का संबंध ऑस्ट्रेलिया मे उनके खिलाफ चले अभियोजन से है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इसका उनके पास कोई सबूत नही है।

### नीदरलैंड में गांधी जयंती के अवसर पर फॉलो द महात्मा अभियान

**दि हेग (एपी)।** नीदरलैंड में स्कूली बच्चो को अहिंसा का पाठ पढ़ाने और दो अक्टूबर को गांधी जयंती मनाने के लिए फॉलो द महात्मा सहित कई कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, दो अक्टूबर को दि हेग स्थित भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित ऑनलाइन सभा में बड़ी संख्या मे लोग हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन स्टिचीग स्टैंडबीड महात्मा गांधी के तत्वाधान मे किया गया है। देश के न्याय एवं सुरक्षा मंत्री फर्डिनेंड ग्रैपरहॉस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। भारतीय दूतावास द्वारा बयान के अनुसार, कार्यक्रम को द हेग शहर के मेयर जैन वान जानेन, नीदरलैंड में भारत के राजदूत वेणु राजामोनी, नीदरलैंड मे अफगानिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के राजदूत और भारत में नीदरलैंड के पूर्व राजदूत एरिक निहे भी संबोधित करेंगे। बयान के अनुसार, फॉलो द महात्मा अभियान का लक्ष्य स्कूली बच्चों तक महात्मा गांधी का अहिंसा का संदेश पहुंचाना है। इसका आयोजन दूतावास और गांधी अहिंसा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान मे किया जा रहा है। बयान के अनुसार, 13 स्कूलो के करीब 200 छात्रों से स्वयंसेवक इस सिलसिले में भेंट करेंगे। दूतावास के बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम महात्मा गांधी की 150वी जयंती के अवसर पर पिछले दो साल से चल रहे कार्यक्रमो का समापन होगा।

# नेपाल में तेजाब हमले के दोषियों को होगी अब 20 साल तक की कैद

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल** सरकार ने सोमवार को एक नया कानून लागू किया जिसमें तेजाब हमला करने वालों के लिए 20 साल तक की कैद तथा एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने की सजा का प्रावधान है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने तेजाब तथा अन्य खतरनाक रसायनों की बिक्री और इस्तेमाल के नियमन के लिए एक अध्यादेश जारी किया।

देश में तेजाब हमले बढ़ रहे हैं और दोषियों को कड़ी सजा देने के लिए यह अध्यादेश लाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नए कानून में तेजाब हमला करने के दोषियों के लिए 20 साल तक की कैद और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस कानून के प्रावधानों के अनुसार कोई भी व्यक्ति लाइसेंस प्राप्त किए बिना तेजाब बेचने का काम नहीं कर पाएगा।

# आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच विवादित क्षेत्र को लेकर लड़ाई जारी

**एपी।** एरेवान (आर्मीनिया)

**आर्मीनिया** और अजरबैजान के बीच विवादित क्षेत्र नागोरनो-काराबाख को लेकर एक दिन पहले शुरू हुई लड़ाई सोमवार को भी जारी रही। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर घातक हमले करने का आरोप लगाया है। अजरबैजान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि आर्मीनियाई बलों ने सोमवार सुबह टारटार शहर पर गोलाबारी शुरू कर दी।

वहीं, आर्मीनिया के अधिकारियों ने कहा कि लड़ाई रातभर जारी रही और अजरबैजान ने सुबह के समय घातक हमले शुरू कर दिए। अजरबैजान के रक्षा मंत्रालय ने इंटरफैक्स समाचार एजेंसी को सोमवार को बताया कि लड़ाई में आर्मीनिया के 550 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। वहीं, आर्मीनिया के अधिकारियों ने इस दावे को खारिज किया है। आर्मीनिया ने यह दावा भी किया कि अजरबैजान के चार हेलिकॉप्टरों को मार गिराया गया। जिस इलाके में आज सुबह लड़ाई शुरू हुई, वह अजरबैजान के तहत आता है लेकिन यहां पर 1994 से ही आर्मीनिया द्वारा समर्थित बलों का कब्जा है। अजरबैजान के कुछ क्षेत्रों में मार्शल लॉ लगाया गया है तथा कुछ प्रमुख शहरों में कर्फ्यू के आदेश भी दिए गए हैं।



# कोरोना वायरस महामारी को लेकर संरा की विफलता के चलते सुधारों की आवाजें तेज हुईं

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र,

**दुनियाभर में** दस लाख लोगों की जान लेने वाले कोरोना वायरस ने इस संकट से निपटने में देशों को एकजुट करने में संयुक्त राष्ट्र की विफलता को सामने ला दिया है। इसके साथ ही विश्व निकाय में सुधार के लिए नए सिरे से आवाजें उठने लगी हैं ताकि निकाय विविध तरह की चुनौतियों से निपटने में सक्षम हों जो उस वक्त से बहुत अलग हैं, जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ था।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पिछले हफ्ते कहा था, महामारी अंतरराष्ट्रीय सहयोग की स्पष्ट परीक्षा है- एक ऐसी जांच जिसमें हम निश्चित ही विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, नेतृत्व और शक्ति के बीच संपर्क नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि 21वीं सदी की एक-दूसरे से कटी हुई दुनिया में एकजुटता सबके हित में है और यदि हम इस बात को नहीं समझ पाते हैं तो इसमें सभी का नुकसान है। महासभा में विश्व नेताओं की पहली ऑनलाइन बैठक में प्रमुख शक्तियों के बीच तनाव, गरीब-अमीर देशों के बीच बढ़ती असमानता और संरा के 193 सदस्य राष्ट्रों के प्रमुख मुद्दों पर एकमत होने में बढ़ती कठिनाई सामने आई। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह निकाय 50 सदस्यों के साथ बना था तथा सदस्य राष्ट्रों ने आने वाली पीढ़ियों को युद्ध के अभिशाप से बचाने का संकल्प लिया था, लेकिन दुनियाभर में असमानता, भूख तथा जलवायु संकट के कारण संघर्ष बढ़ते ही गए।स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति सिमोनेटा सोममारूगा ने कहा, हम इसके लिए संयुक्त राष्ट्र की आलोचना कर सकते हैं लेकिन जब हम संरा को दोष देते हैं तो दरअसल हम बात किसके बारे में कर रहे हैं? हम अपने बारे में बात कर रहे हैं क्योंकि संरा तो सदस्य राष्ट्रों से बना है। ए आमतौर पर सदस्य राष्ट्र ही होते हैं जो संरा के काम में बीच में आ जाते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को छोटी-छोटी बातों पर सहमति बनाने में भी इतनी मुश्किल आई कि इसके शक्तिहीन होने का जोखिम हो गया। केन्या के राष्ट्रपति उहुरू कन्याटा ने कहा कि बहुसंख्यक वैश्विक आबादी आज संरा की स्थापना की परिस्थितियों से खुद को जुड़ा नहीं पाती। उन्होंने पूछा, आज यह (संरा) दुनिया को क्या दे रहा है? कई नेताओं के लिए संरा की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है सभी देशों को बात करने के लिए एक साथ लाना। लेकिन सभी सदस्य राष्ट्रों का महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर एकमत होना जैसे इसके नियम को लेकर काफी निराशा है। यही वजह है कि सुरक्षा परिषद में सुधार जैसे विषय पर 40 वर्षों से चली आ रही बहस का अब भी कोई अंत नहीं है।

# कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के मद्देनजर दुबई ने नाइटलाइफ पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की

**दुबई।** दुबई में कोरोना वायरस के बढ़ते मामले के मद्देनजर प्रशासन ने रात में बार और रेस्तरां की सेवाओं पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

दुबई पर्यटन अधिकारियों ने सभी बार तथा रेस्तरां को देर रात एक बजे सभी तरह की सेवाएं बंद करने का आदेश दिया है। वहीं होटलों पर देर रात तीन बजे के बाद से डिलीवरी और कमरे देने पर प्रतिबंध होगा।

अधिकारियों ने भोजन और मद्यपान की सेवाएं उपलब्ध कराने वाले सभी प्रतिष्ठानों से वायरस रोधक प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा है। इसका उल्लंघन करने पर उन्हें सख्त कार्वाई और भारी जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है।दुबई में जुलाई में बार तथा रेस्तरां दोबारा खोल दिए गए थे।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अभी तक कोरोना वायरस के 90,600 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं और 400 लोगों की इससे मौत भी हुई है। देश में अब रोजाना सामने आ रहे मामलों की संख्या बढ़ रही है।

# दक्षिण चीन सागर में धौंस जमाने के लिए अपनी सैन्य चौकियों का इस्तेमाल कर रहा है चीन : अमेरिका

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका ने** कहा है कि दक्षिण चीन सागर में चीन अपनी चौकियों का इस्तेमाल धौंस जमाने तथा उस जल क्षेत्र में अपना कब्जा जमाने के लिए कर रहा है जिस पर उसका कानूनन हक नहीं है।

अमेरिका ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से कहा कि वह समुद्री क्षेत्र में अपने इन निर्माणों का किसी अन्य देश को प्रभावित करने या हमला करने के लिए इस्तेमाल नहीं करने के अपने वादे का सम्मान करें।

बीजिंग 13 लाख वर्गमील में फैले लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा जताता है। चीन क्षेत्र में उन कृत्रिम द्वीपों पर सैन्य ठिकानों का निर्माण कर रहा है जिन पर ब्रुनेई, मलेशिया, फिलिपीन, ताईवान तथा वियतनाम भी अपना दावा जताते हैं।

बीजिंग ने हाल के वर्षों में पड़ोसी राष्ट्रों द्वारा इलाके में मछली पकड़ने तथा खनिज उत्खनन जैसी गतिविधियों को अवरूद्ध किया है और कहा है कि संसाधन समृद्ध इस समुद्री क्षेत्र पर सैकड़ों वर्षों से उसका मालिकाना हक है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मॉर्गन ऑर्टेगस ने रविवार को कहा कि पांच साल पहले 25 सितंबर, 2015 को चीन के राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में वादा किया था कि चीन का द्वीपों का सैन्ईकरण करने का इरादा नहीं है और चीन की चौकियां किसी को निशाना नहीं बनाएंगी या किसी देश को प्रभावित नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि लेकिन इसके बजाए चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) समर्थित चीन की सरकार ने इन विवादित चौकियों का अंधाधुंध तरीके से सैन्ईकरण करना शुरू कर दिया, यहां पोत भेदी क्रूज मिसाइलों की तैनाती की, लड़ाकू विमानों के लिए कई दर्जन हैंगर तथा रनवे बनाए।ऑर्टेगस ने कहा, सीसीपी ने इन सैन्ईकृत चौकियों का इस्तेमाल धमकाने तथा उस जलक्षेत्र पर कब्जा जमाने के लिए किया जिन पर उसका कानूनन कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अनुरोध करते हैं कि वे इस खतरनाक एवं अस्वीकार्य व्यवहार के खिलाफ आवाज बुलंद करें और सीसीपी को यह साफ कर दें कि उसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। दक्षिण चीन सागर में चीन के प्रतिरोधी प्रयासों के खिलाफ अमेरिका दक्षिण-पूर्वी एशियाई सहयोगियों और साझेदारों के साथ खड़ा है। नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा का संकल्प लेते हुए हाल के महीनों में अमेरिका ने दक्षिण चीन सागर में अपनी नौसेना की मौजूदगी बढ़ा दी है।

## सिंगापुर में मुवक्किलों से मिली राशि के गबन के मामले में भारतीय मूल के वकील को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक कानूनी सेवा प्रदाता कंपनी में कार्यरत भारतीय मूल के एक वकील को मुवक्किलों से मिले शुल्क के गबन के मामले में सोमवार को दो साल तीन महीने कैद की सजा सुनाई गई।इस वकील ने कंपनी के मुवक्किलों से 31 हजार सिंगापुरी डॉलर (तकरीबन 16 लाख 63 हजार रूपए) वसूले और उन्हें कंपनी के खाते में जमा करने की जगह अपने निजी बैंक खाते में हस्तांतरित कर दिया।स्ट्रेट टाइम्स की खबर के अनुसार 57 वर्षीय वकील जमिंदर सिंह गिल 2016 से 2019 तक हिलबॉर्न लॉ नाम की कंपनी में कानूनी सहायक था। उसने कंपनी के साथ मुवक्किलों का पंजीकरण भी नहीं कराया। रिपोर्ट में कहा गया कि उसने मुवक्किलों से मिली शुल्क राशि को अपने निजी बैंक खाते में जमा कराया और इसे अपने परिवार के लिए खर्च किया। कंपनी के एक प्रतिनिधि ने एक मुवक्किल से शिकायत मिलने के बाद गिल के खिलाफ पिछले साल 18 जुलाई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। गिल को आज इस मामले में अदालत ने दो साल तीन महीने कैद की सजा सुनाई।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 29 सितंबर, 2020



# 'आजकल लोग संगीत देखते हैं, सुनते नहीं!'



## टॉक टाइम
## राहुल राम

लोकप्रिय गिटारिस्ट हैं और हाल ही में उन्होंने एचसीएल साउंडस्केप्स में अपने बैंड के साथ प्रस्तुति दी थी। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना के साथ एक विशेष बातचीत में उन्होंने इस वर्चुअल कंसर्ट में प्रस्तुति देने का कारण और अपने प्रशंसकों की रुचियों में आ रहे बदलावों सहित अन्य बातों के बारे में भी विस्तार से बताया। प्रस्तुत हैं उनसे बातचीत के प्रमुख अंश-

**■ इस आभासी ( वर्चुअल ) कंसर्ट में आने की सहमति के पीछे आपके लिए मुख्य आकर्षण क्या था?**

यदि सच कहूं तो महामारी के चक्कर में बहुत दिनों से किसी परफॉर्मेंस में भाग ही नहीं ले पाया हूं और ऐसे में जब हमें साथ आने का एक अवसर हाथ आया तो बहुत अच्छा लगा। मुझे प्रसन्नता है कि ह म` इसके लिए परफॉर्म करने का अवसर मिला।

**■ इसके लिए पूरी व्यवस्था करना कितना कठिन या सरल था?**

हम थोड़े अपरिष्कृत होते जा रहे थे। यही कारण था कि इस प्रस्तुति से पहले हमें पर्याप्त अभ्यास चाहिये था क्योंकि पिछले छह महीनों से हमने कहीं भी परफॉर्म नहीं किया था। कठिन बात तो यही थी कि हमारे समक्ष कोई दर्शक नहीं थे और हमें केवल कल्पना के आधार पर बजाते रहना था। ये सही है कि गुब्बारे और हृदय के प्रतीकों के माध्यम से फीडबैक मिल रहा था लेकिन जीवंद दर्शकों की ऊर्जा वहां नहीं पता चली जिसका कोई विकल्प नहीं हो सकता। लेकिन अब तो वर्चुअल कंसर्ट का ही समय आ गया है। परिस्थितियों के सामान्य होने के बाद भी इस प्रकार की कंसर्ट्स का आयोजन होता रहेगा।

**■ आप संगीत परिदृश्य पर पिछले तीन दशकों से दृष्टि बनाए हुए हैं क्या आपने किसी प्रकार का परिवर्तन देखा?**

परिवर्तन देखे भी हैं और आने वाले समय में और भी ऐसे परिवर्तन दिखाई देंगे। जब हमने काम प्रारंभ किया था तब उपलब्ध स्थानों की संख्या काफी कम थी और हम अधिकांशतया कॉलेज महोत्सवों में ही संगीत प्रस्तुत किया करते थे। आज ऐसे स्थानों की संख्या बढ़ी है और हमारे लिए अधिक लोगों तक पहुंचना सरल हो गया है। इसके अलावा संगीत में बदलाव एक लहर जैसे आते हैं। पहले पंजाबी लहर थी इसके बाद रिमिक्स का समय आया फिर इंडी पॉप का भी एक समय था। समय बदलता रहता है। अब इलेक्ट्रॉनिका और डीजे का दौर है।

**■ क्या आभासी प्रस्तुति देते समय आपके बैंड के ऊर्जा स्तर पर कोई प्रभाव पड़ा था?**

देखिये, ऐसा तो था नहीं कि हमें प्रात: 4 बजे उठकर उड़ान पकड़कर आयोजन स्थल पर जाकर अपनी व्यवस्था बनानी थी। हम बिलकुल थके तो थे नहीं अत: ऊर्जा का स्तर ऊंचा था। लेकिन हमें लाइव परफॉर्मेंस में जैसे दर्शकों के चिल्लाने और चीखने की ध्वनि आती थी वो अनुभव नहीं हुआ। इसके अलावा जब हम लाइव स्टेज पर होते हैं तो दर्शकों की प्रतिक्रिया पर ही हमारा संवाद स्थापित होता है। यहां पर इस पहलू को देखें तो बहुत अंतर था।

> आज हम घर में बैठ कर संगीत बना सकते हैं। इंटरनेट के कारण हर कोई निशुल्क संगीत चाहता है। आजकल लोग संगीत देखते हैं। यदि आपका संगीत बिकता नहीं है तो आपको किसी प्रकार की रॉयल्टी भी नहीं मिलती। आपको यदि 10 सेंट एक डाउनलोड के मिलें तो आपकी क्या आय होगी। ये नगण्य होगी।

**■ क्या आपके प्रशंसकों के प्रोफाइल में किसी प्रकार का परिवर्तन दिखाई दिया?**

दर्शकों में विविध आयुवर्ग के लोग होते हैं ऐसे भी दर्शक थे जो हमारे संगीत को देखते हुए बड़े हुए हैं। इसके अलावा 30-40 के आयुवर्ग के दर्शक भी होते हैं। बड़े महोत्सवों में युवा प्रोफेशनल्स की संख्या भी काफी होती है क्योंकि छात्र तो कंसर्ट के टिकट का व्यय वहन नहीं कर सकते। अब तो कई दर्शक अपने बच्चों को भी लाने लगे हैं। मैंने तो गोआ में बाइकर्स के लिए भी संगीत प्रस्तुत किया है।

**■ क्या आपके अनुसार किसी बैंड का हिस्सा होने की अवधारणा स्थापित हो गई है?**

हमारे समय में कॉलेज उत्सवों के लिए बैंड हुआ करते थे। जब मैं स्कूल में था तो आईआईटी दिल्ली में जाकर वहां देश भर से आए हुए बैंड्स को सुना करता था। उसमें बैंड का हिस्सा छात्र भी हुआ करते थे। प्रोफेशन नाइट के लिए तो बाहर से बैंड और आर्टिस्ट आया करते थे। इंडियन ओशन पहला बैंड नहीं था और ये अंतिम भी नहीं होगा। अब बैंड्स की संख्या में वृद्धि हुई है और संगीत का भारतीयकरण भी हुआ है।

**■ क्या आपके अनुसार तकनीक ने संगीत के प्रचार प्रसार में किसी प्रकार की सहायक भूमिका निभाई है?**

इसका उत्तर है हां और नहीं भी। हां इसलिये कि आज हमारे पास अनेक उपकरण हैं। हमें किसी स्टूडियो जाकर पैसे देकर बजाने की आवश्यकता नहीं है। आप किसी रिकॉर्ड कंपनी के दबाव में नहीं आते। आज हम घर में बैठ कर संगीत बना सकते हैं। इंटरनेट के कारण हर कोई निशुल्क संगीत चाहता है। आजकल लोग संगीत देखते हैं। यदि आपका संगीत बिकता नहीं है तो आपको किसी प्रकार की रॉयल्टी भी नहीं मिलती। आपको यदि 10 सेंट एक डाउनलोड के मिलें तो आपकी क्या आय होगी। ये नगण्य होगी। उदाहरण के लिए हमारा पूरा संगीत आईट्यून्स पर है और साल भर में हमें 100 डॉलर की आय मिल जाती है। ये ग्लोबल स्तर पर स्थापित सत्य है।

**■ समय के बीतने के साथ कई सदस्यों ने बैंड छोड़ा और नए लोग सदस्य बने भी होंगे। क्या इससे बैंड की गतिशीलता पर किसी प्रकार का विपरीत प्रभाव पड़ा?**

प्रारंभ में 1994 से 2009 तक हम चार लोग थे। इसके बाद अशीम चक्रवर्ती की मृत्यु हो गई और तब लगता था कि स्टेज का बायां हिस्सा खाली है। उनके स्थान पर हमें दो लोग लेने पड़े क्योंकि वो टेबल को को गा और बजा दोनों काम कर लेते थे। इसके बाद हमारा गिटारमैन चला गया फिर उसके स्थान पर एक व्यक्ति को लाए। अब हर नया व्यक्ति अपने साथ कुछ नया ही लेकर आया क्योंकि हम पुराने व्यक्ति को क्लोन तो चाहते नहीं हैं।

**■ भविष्य को लेकर क्या योजनाएं हैं?**

अभी हमारे पास कुछ रिकॉर्डेड संगीत है जो रिलीज़ होने ही वाला है। आजकल लोग संगीत को देखते है सुनते नहीं तो हम भी एक अच्छा वीडियो बनाना चाहते थे। लेकिन उसे स्थगित कर दिया गया। लेकिन अब तो नगर से बाहर जाना होगा ही नहीं तो हम अब किसी नए काम पर ध्यान देने की तैयारी कर रहे हैं।

---

## ट्रेंड बाजार

### मारिया कैरे को अपने अस्तित्व पर था संशय



**हॉलिवुड** गायिका मारिया कैरे ने उस समय को याद किया है जब उन्हें अस्तित्व में बने रहने योग्य नहीं लगता था। ओपरा विन्फ्रे के शो 'द ओपरा कनवरसेशन' पर वो अतिथि के तौर पर भाग ले रही थीं। एपिसोड के एक लघु वीडियो में कैरे और विन्फ्रे ने उन सभी विषयों पर बात की जिनमें वो समय भी था जब उन्हें पुलिस की कार की पिछली सीट पर रोक कर रखा गया, से लेकर उस समय तक जब उन्हें अपने अस्तित्व पर ही संशय होने लगा था।


उन्होंने इस क्लिप में बताया, 'मैं यहां आई ही नहीं होती यदि मुझे एटीएम मशीन की तरह उपयोग न किया गया होता जिसपर एक विग लगा हो।' ये पता नहीं लगा कि कैरे किसका संदर्भ दे रही थीं। लेकिन विन्फ्रे ने अपने उत्तर में बताया, 'ये परदे के पीछे का अकेलापन और उदासी हो सकते हैं और अब ये मेरी समझ में आ गया हैं।'

### इंडस्ट्री को दोषी बताना उचित नहीं: करन कुंद्रा



**करन कुंद्रा** का कहना है कि 'मेरे अनुसार ये अनुचित है। वे मादक पदार्थों के उपभोग की तो बात कर रहे हैं लेकिन ये तो किसी व्यक्ति के चयन पर निर्भर करता है न कि इंडस्ट्री पर। अत: आप इंडस्ट्री को इसका दोषी न बनाएं। चाहे वो राजनीति, फैशन, या कॉरपोरेट विश्व ही क्यों न हो, ऐसे लोग हर स्थान पर हैं जो ड्रग्स लेते हैं। हमें किसी परिस्थिति का सामान्यीकरण नहीं करना चाहिये।'

### कोरोना काल में श्वेता को लोगों के मानसिक स्वास्थ्य की चिंता



**अभिनेत्री** श्वेता त्रिपाठी शर्मा का मानना है कि अनलॉक प्रक्रिया पूरे देश में चल रही है और ऐसे में हमें मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुल कर बात करना चाहिये।

श्वेता ने बताया, 'अनलॉक चरण में हमें मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत विचार-विमर्श करने पर ध्यान देना होगा। लोग कोविड-19 के डर के बीच घरों से निकल कर कार्यस्थलों की ओर प्रस्थान कर रहे हैं और ऐसे में हमें लोगों को व्यवस्थित ढंग से सत्रवार परामर्श देना होगा।' 'लॉकडाउन के दौरान हर व्यक्ति के अनुभव अलग अलग रहे हैं लेकिन इस चरण में लोगों को अस्तित्व पर ही संकट लगने लगा था', उन्होंने कहा।

---

## मोदी, उद्धव, पवार सहित कई नेताओं ने लता मंगेशकर को 91वें जन्मदिवस पर दीं शुभकामनाएं

# आठ दशक का सुरीला और सुहाना सफर



**नई दिल्ली।** आज के दिन का इतिहास के साथ बड़ा सुरीला रिश्ता है। अपनी मधुर आवाज से पिछले कई दशक से संगीत के खजाने में हर दिन नए मोती भरने वाली लता मंगेशकर 28 सितंबर 1929 को इंदौर में मशहूर संगीतकार दीनानाथ मंगेशकर के यहां पैदा हुई थीं। लता ने अपनी आवाज और अपनी सुर साधना से बहुत छोटी उम्र में ही गायन में महारत हासिल की और विभिन्न भाषाओं में गीत गाए। पिछली पीढ़ी ने जहां लता की शोख और रोमानी आवाज का लुत्फ उठाया, मौजूदा पीढ़ी उनकी समन्दर की तरह ठहरी हुई परिपक्व गायकी को सुनते हुए बड़ी हुई है। अपनी बेहतरीन आवाज के दम पर वह पिछले आठ दशक से देश में गायकी का पर्याय हैं और अपने गीतों के मोतियों से संगीत के खजाने को समृद्ध बना रही हैं। हालांकि वे एक लंबे समय से बढ़ती उम्र के चलते गायन से दूर हैं लेकिन सार्वजनिक जीवन में लगातार सक्रिय हैं। क्रिकेट को अत्यधिक पसंद करने वाली लता समय-समय पर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के सामने आती रहती हैं। अपनी श्रेष्ठ गायन कला के चलते वे पूरे फिल्म जगत के सबसे सम्मानीय लोगों में शामिल हैं। उन्हें राज्यसभा में भी मनोनीत किया गया लेकिन राजनीति उनकी कभी पसंद नहीं रही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर से फोन पर बात कर उन्हें 91वें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। मोदी ने ट्वीट किया, आदरणीय लता दीदी से बात की और उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। लता दीदी पूरे देश में घर-घर में पहचाना जाने वाला नाम है। हमेशा ही उनका दुलार और आर्शीवाद मिला जिससे मैं स्वयं को सौभाग्यशाली महसूस करता हूं। मंगेशकर ने पांच दशक से भी अधिक समय तक फिल्मों में पार्श्वगायन की दुनिया पर राज किया है। उन्होंने कई भारतीय भाषाओं में गीत गाए हैं। उन्हें भारत रत्न समेत अनेक सम्मान एवं पुरस्कारों से नवाजा गया है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, राकांपा अध्यक्ष शरद पवार सहित राज्य के कई नेताओं ने भी सोमवार को सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर को उनके जन्मदिन की बधाई दी। भारत रत्न से सम्मानित पार्श्व गायिका लता मंगेशकर सोमवार को 91 साल की हो गईं। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के कार्यालय ने ट्वीट किया, अपनी मधुर आवाज़ से दुनियाभर में लोगों के दिलों पर राज करने वाली लता मंगेशकर को जन्मदिन की बधाई। आपके स्वस्थ और लंबे जीवन के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता पवार ने भी सोशल मीडिया पर गायिका को बधाई दी। उन्होंने लिखा, आपकी आवाज लोगों का जीवन रोशन करती रहे। भगवान आपको उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु दे। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार, मंत्री अनिल देशमुख, एकनाथ शिंदे, नवाब मलिक और नितिन राउत सहित राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेन्द्र फडणवीस ने भी गायिका को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

### उषा को बड़ी बहन के जन्म दिन पर मिला सम्मान

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को वरिष्ठ गायिका उषा मंगेशकर को वर्ष 2020-21 का लता मंगेशकर पुरस्कार देने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि सोमवार को ही उषा की बड़ी बहन लता मंगेशकर का जन्मदिन है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार उषा मंगेशकर का चयन राज्य के संस्कृति मंत्री अमित देशमुख की अध्यक्षता वाली समिति ने सर्वसम्मति से किया। विज्ञप्ति के अनुसार इस पुरस्कार में पांच लाख रुपए नकद और एक प्रशस्ति पत्र दिए जाते हैं।विज्ञप्ति के अनुसार 1992 से राज्य सरकार यह पुरस्कार प्रदान कर रही है और अब तक यह सम्मान लता मंगेशकर की बहन आशा भोसले, सुमन कल्याणपुर, संगीतकार राम-लक्ष्मण, उत्तम सिंह और उषा खन्ना को दिया गया है।

---

# मेरे साईं में नजर आएंगी अवॉर्ड विजेता अभिनेत्री छाया कदम



**मुंबई।** यदि आज मेरे पिता जिंदा होते तो मुझे मेरे साईं का हिस्सा बनते देखकर बहुत गर्व करते।ष् यह कहना है भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री छाया कदम का। छाया कदम ने सैराटए न्यूड्स और अंधाधुन जैसी आलोचकों द्वारा बेहद सराही गई फिल्मों में अलग.अलग भूमिकाएं निभाई हैंए और अब वो मेरे साईं में एक खास रोल में नजर आएंगी। श्मेरे साईं . श्रद्धा और सबुरीश् ने अपनी शुरुआत से ही दर्शकों के बीच खास पहचान बना ली है और इसे लोग बड़ी श्रद्धा से देखते हैं। इस शो का अगला ट्रैक साईं चरित्र का एक प्रमुख अध्याय है। इसमें घर में बड़े बुजुर्गों की अहमियत के बारे में बताया गया है। इस शो का हिस्सा बनने पर उत्साहित छाया कदम ने कहाएष्मैं इस शो का हिस्सा बनने पर खुद को वाकई खुशकिस्मत और आभारी मानती हूं क्योंकि मेरे पैरेंट्स का साईं बाबा से बड़ा मजबूत नाता है। मेरे पिता शिर्डी के ट्रस्टीज़ में से एक हैं। मेरा मानना है कि मेरे साईं में काम करने का मौका मिलना स्वयं ईश्वर का एक इशारा है। इस शो के आगामी ट्रैक में एक विधवा औरत सरस्वती की बड़ी संवेदनशील और दर्द भरी कहानी हैए जिन्हें अपने घर से बाहर निकाल दिया जाता है और फिर वो रहने के लिए जगह ढूंढती हैं। उनकी मुलाकात साईं से होती हैए जो उनकी समस्याएं हल करने में उनकी मदद करते हैं और उन्हें जीवन की दिशा दिखाते हैं। यह एक तिरस्कृत विधवा औरत की खूबसूरत कहानी हैए जिसे साईं के चमत्कार से अपना घर मिलता है।

# पंकज त्रिपाठी को अच्छी कॉमेडी फिल्में करने पर गर्व



**अभिनेता पंकज** त्रिपाठी को उनकी अभिनय की बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाना जाता है। उनका कहना है कि वो सौभाग्यशाली हैं कि बॉलिवुड में उन्हें कुछ अच्छी कॉमेडी वाले चरित्र निभाने का अवसर मिला। त्रिपाठी को स्त्री, फुकरे, बरेली की बरफी, लुका छिपी तथा अंग्रेजी मीडियम जैसी फिल्मों में अभिनय को लोगों ने काफी सराहा था। उनका कहना है, 'हर काम किसी न किसी उद्देश्य से होता है। कला का यही सारांश है। ये सही है कि 90 के दशक की कॉमेडी कुछ अलग होती थी लेकिन नई फिल्मों में हमें कॉमेडी करते समय इसकी सार्थकता का ध्यान रखना पड़ता है। इसके माध्यम से हम कुछ प्रभावी बात भी कहना चाहते हैं। ऐसे परिदृश्य में हमें कॉमेडी फिल्मों को केवल हास्य और मस्ती का माध्यम भर नहीं समझना चाहिये।'

# नेटफ्लिक्स ने लॉन्च किया माइटी लिटिल भीम का नया सीजन

**मुम्बई।** नेटफ्लिक्स ने बच्चों की लोकप्रिय सीरीज माइटी लिटल भीम का नया और तीसरा सीजन लॉन्च कर दिया है। माइटी लिटिल भीम के प्यारे और मजेदार रोमांचक कारनामों ने हर जगह बच्चों और उनके पैरेंट्स के दिल में अपनी खास जगह बनाई है। इंडियन एनिमेशन के अविश्सवनीय वादे को पूरा करते हुए यह सीरीज सबसे ज्यादा देखी जाने वाली प्री स्कूल सीरीज बन गई है। यह दुनिया भर में नेटफ्लिक्स पर बच्चों की दूसरी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज भी बन गई है। 2019 में रिलीज के बाद माइटी लिटिल भीम् को दुनिया भर में 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा घरों में देखागयाहै, जिसमें लैटिन अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के परिवार शामिल हैं। यह हैरंतअंगेज सीरीज यह संदेश देती है कि अच्छी कहानियां दुनिया में हर जगह पसंद की जाती हैं।इस तरह की कहानियां कहीं से भी आ सकती हैं और इन्हें सभी का प्यार भी मिलता है। रंग, देश और भाषा की सीमाओं या बंदिशों से ऊपर उठकर दुनिया में सभी लोगइन्हें बेहद पसंद करते हैं। माइटी लिटिल भीम असल में पूरी तरह प्रामाणिक भारतीय कहानी है। इसमें हमारी संस्कृति, परंपरा और त्योहारों का जश्न मनाया गया है। इससे दुनिया भर के दर्शकों को भारत के बारे में और जानने में मदद मिलती है। नेटफ्लिक्स यह समझताचुका है कि हर परिवार अलग-अलग होता है, इसलिए दुनिया भर में बच्चों की तरह-तरह की लोकप्रिय फिल्में पारिवारिक फिल्मों और टीवी सीरीज दर्शकों तक पहुंचाने के लिए नेटफ्लिक्स काफी निवेश कर रहा है।



भारत में नेटफ्लिक्स प्रॉडक्शन्स की ओर से बनाए जा रहे बच्चों के कार्यक्रमों में अलग-अलग तरह की विविधितापूर्ण कहानियां देखी जा सकती हैं। चाहे आपकी पसंद, मूड और भाषा कुछ भी हो, चाहे आप इस शो को अकेले देख रहे हों या पूरे परिवार के साथ, नेटफ्लिक्स चाहता है कि इन कार्यक्रमों में कुछ न कुछ आपके लिए सही हो जो आपको बेहद पसंद आए।